




# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 81

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 02 जनवरी, 2024


# देश के 4 राज्यों में ड्राइवर्स की हड़ताल

## एमपी में ट्रक खड़े, राजस्थान-छत्तीसगढ़ में नहीं चली प्राइवेट गाड़ियां, नए हिट एंड रन कानून का विरोध

- लखनऊ में सवारियों को सड़क पर उतारा
- कानपुर-मथुरा में ट्रक ड्राइवरों ने किया हाईवे जाम
- ग्रेटर नोएडा में जमकर की नारेजाबी
- आगरा में ड्राइवर सड़क पर बैठे, किया विरोध

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। इसके विरोध में सोमवार को देश के चार राज्यों में बसों का संचालन ठप रहा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य शहरों में बसें नहीं चल रही हैं। राजस्थान में आधा दिन तक प्राइवेट गाड़ियां नहीं चलाई गईं। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर वाहन खड़े कर टायरों में आग लगा दी। इसके चलते रास्ता जाम हो गया है। बिहार की राजधानी पटना समेत प्रदेश के कई जिलों में प्रदर्शन हो रहा है।



### अधिकतर जिलों में बसों के पहिए थमे

- **मध्यप्रदेश में बस-ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल से यात्री परेशान, पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें:** मध्यप्रदेश में बस ड्राइवर हड़ताल पर हैं। अधिकतर जिलों में बसों के पहिए थमे हुए हैं। अकेले इंदौर में करीब नौ सौ बसें बंद हैं। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग अपने निजी वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरवाने पहुंचे तो पंपों पर भारी भीड़ लग गई। बालाघाट में भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा।
- **बिहार में ट्रक ड्राइवर्स बोले- 10 हजार कमाते हैं, 7 लाख कहां से देंगे:** बिहार में भी ट्रक ड्राइवर्स प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन में शामिल ट्रक ड्राइवर मुन्ना ने बताया कि 10 हजार रुपए की तनख्वाह मिलती है। ऐसे में नए कानून के मुताबिक कहां से जमानत के लिए 7 लाख रुपए लाएंगे। 9-10 हजार की तनख्वाह मिलती है। दूसरी जिल्लत भरी जिंदगी है हम लोगों की।
- **छत्तीसगढ़ में स्टैंड से नहीं हिली बसें, बस्तर-सरगुजा में यात्रियों से झड़प, प्रदेश भर में चक्काजाम:** छत्तीसगढ़ में सोमवार से बस और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते अधिकतर जिलों में बसों और ट्रकों के पहिए थमे हुए हैं। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा, जगदलपुर सहित अन्य जिलों में स्टैंड से बसें नहीं निकली हैं। वहीं हाईवे पर ट्रक खड़ा कर चालकों ने जाम लगा दिया है।
- **राजस्थान में आधे दिन के लिए गाड़ियों के चक्के जाम, सड़क पर नारेबाजी:** राजस्थान के डूंगरपुर में प्राइवेट बस एसोसिएशन ने सोमवार को आधे दिन के लिए गाड़ियों के चक्के रोक दिए। इससे शहर से गांवों में जाने वाली प्राइवेट गाड़िया नहीं चली। इससे लोगों को परेशानी हुई। बस, जीप समेत अन्य गाड़ी संचालकों ने नए बस स्टैंड के पास इकट्ठे हुए और जमकर नारेबाजी की।

### ट्रकों की हड़ताल से जरूरी चीजों के दाम बढ़ेंगे

इस हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिलेगा। ट्रकों की हड़ताल होने से दूध, सब्जी और फलों की आवक नहीं होगी और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। वहीं, पेट्रोल-डीजल की सप्लाई रुक जाएगी, जिससे लोकल ट्रांसपोर्ट और आम लोगों को आवाजाही में दिक्कत होगी। भारत में 28 लाख से ज्यादा ट्रक हर साल 100 अरब किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करते हैं। देश में 80 लाख से ज्यादा ट्रक ड्राइवर हैं, जो हर दिन जरूरत का सामान एक शहर से दूसरे शहर ट्रांसपोर्ट करते हैं। हड़ताल के कारण इतनी बढ़ी संख्या में ट्रकों के रुकने से जरूरी चीजों की किल्लत हो सकती है।

### हिट एंड रन कानून पर विचार करे सरकार

1 ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने हिट एंड रन कानून को सख्त बनाने का विरोध किया है। संगठन ने चक्काजाम का आह्वान किया। इसके बाद से देशभर में हड़ताल शुरू हो गई है एआईएमटीसी की अगली बैठक 10 जनवरी को होगी। इसमें फैसला लिया जाएगा कि अगर सरकार उनकी मांगे नहीं मानती, तो किस तरह से सरकार के सामने अपना पक्ष रखा जाए।

2 नए प्रावधान को लेकर अपनी चिंता जाहिर करते हुए एआईएमटीसी के अध्यक्ष अमृत मदान ने कहा कि हिट एंड रन के मामलों में कड़े कदम उठाने की जरूरत जरूर है। इस नए कानून के पीछे सरकार का इरादा अच्छा है, लेकिन प्रस्तावित कानून में कई खामियां हैं। इन पर दोबारा सोचने की जरूरत है।

3 उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान परिवहन क्षेत्र और ट्रक चालकों का है। भारत इस समय वाहन चालकों की कमी से जूझ रहा है, लेकिन सरकार का इस और कोई ध्यान नहीं है। ऐसे में 10 साल की सजा के प्रावधान के बाद अब ट्रक ड्राइवर नौकरी छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।



### गोरखपुर में चक्का जाम

यूपी के अलग-अलग शहरों से कई तस्वीर सामने आ रही है। ग्रेटर नोएडा के बस अड्डे पर ड्राइवरों ने नारेबाजी की। आगरा में रोडवेज बस ड्राइवर सड़क पर बैठ गए। बसों का संचालन रोक दिया गया। गोरखपुर में ड्राइवरों ने चक्का जाम कर दिया।

### कानपुर में बाइपास जाम

कानपुर में शहर के अंदर चलने वाले ऑटो-टेंपो ड्राइवर्स ने हड़ताल कर दी। वो ट्रक ड्राइवर हड़ताल का सपोर्ट कर रहे हैं। इसकी वजह से साल के पहले ही दिन करीब 5 लाख लोगों को ऑफिस-स्कूल पहुंचना मुश्किल हो गया। कानपुर में ऑटो, टेंपों ड्राइवर्स ने 3 दिन की हड़ताल का ऐलान कर दिया है। सोमवार सुबह से ही ऑटो-टेंपों ड्राइवर आक्रोशित हैं। पनकी-भौंती बाईपास हाईवे को जाम कर दिया गया। वहीं हमीरपुर में हाईवे को भी जाम कर दिया गया। कानपुर में लोकल ट्रक सर्विस यूनियन के जनरल सेकेट्री अब्दुल वहीद ने बताया कि ट्रक ड्राइवर्स सुबह से ही चक्काजाम की योजना पर काम कर रहे हैं। उन्हें समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

### हिट एंड रन कानून का विरोध

**लखनऊ।** देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्टर और ट्रक ड्राइवर हड़ताल का असर यूपी में दिखा। लखनऊ में रोडवेज ड्राइवरों ने बसें बस अड्डों पर खड़ी कर दी। इसके अतिरिक्त, झांसी, अयोध्या, चंदौसी, बरेली, बस्ती, मऊ, आजमगढ़, बलिया, बनारस, प्रयागराज और मेरठ में भी रोडवेज और प्राइवेट बस-कार के ड्राइवरों ने गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी कर दीं। इससे नए साल पर घूमने वालों के लिए मुश्किल खड़ी हो गई। सोमवार को लखनऊ के ट्रक, टूर-ट्रैवल और रोडवेज ड्राइवरों ने काम ठप कर दिया। इसकी वजह से सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, बरेली जाने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। ▶ संबंधित खबर पेज 05 पर

## सीएम योगी ने की समीक्षा बैठक, बोले

# महोत्सव में लगाएं गोरखपुर के इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 11 से 13 जनवरी तक आयोजित होने वाले गोरखपुर महोत्सव में गोरखपुर के इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाए। इसमें गोरखपुर पर केंद्रित विशिष्ट लेखों को लोगों के अवलोकनार्थ रखा जाए। साथ ही लुप्त हो रहे पारंपरिक वाद्य, गायन व नृत्य कलाओं को महोत्सव के जरिये प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जाएं। सीएम योगी सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के सभाकक्ष में गोरखपुर महोत्सव, खिचड़ी मेला की तैयारियों और जिले के विकास कार्यों की प्रगति को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। गोरखपुर महोत्सव और खिचड़ी मेला की अब तक हुई तैयारियों की जानकारी लेने के बाद उन्होंने कहा कि जो भी कार्य शेष रह गए हैं, उन्हें शीघ्रता से पूरा कर लिया जाए। महोत्सव की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्षों के महोत्सव में जो कलाकार प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं, उनकी बजाय नए स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाए। महोत्सव के स्टालों का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों से कराया जाए। खिचड़ी मेला को लेकर उन्होंने कहा कि इस मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सभी कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का ध्यान हर हाल में रखा जाए। मुख्यमंत्री ने शीतलहर में आमजन की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में अलाव जलवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में स्थान चिन्हित कर अलाव के इंतजाम किए जाएं।

### काशी, मथुरा, अयोध्या से साल की पहली सुबह विश्वनाथ दर्शन के लिए 2 किमी लंबी लाइन, बांके-बिहारी में पैर रखने की जगह नहीं



जन एक्सप्रेस । वाराणसी। आज नव वर्ष-2024 का पहला दिन है। साल की पहली सुबह का स्वागत लोग दर्शन-पूजन के साथ कर रहे हैं। काशी में मंगला आरती के बाद बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। दर्शन के लिए 2 किलोमीटर लंबी लाइन लगी है। दोपहर के 2 बजे तक करीब 4 लाख भक्तों ने दर्शन किया। मथुरा में बांके बिहारी के दर पर भी श्रद्धालुओं की 1 किलोमीटर लंबी लाइन लगी है। पैर रखने तक की जगह नहीं है। जबकि अयोध्या में रामलला के विराजमान होने से पहले आज राम मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ है। काशी में चौतरफा हर-हर महादेव के उद्घोष के बीच हैप्पी न्यू ईयर का शोर सुनाई दे रहा है।

### अब एक दिन में करें बाबा विश्वनाथ और रामलला के दर्शन, अयोध्या-काशी के बीच शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

जन एक्सप्रेस । वाराणसी। अब एक ही दिन में श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ और राम लला का दर्शन कर सकेंगे। काशी और अयोध्या के बीच शुरू होने वाली हेलीकॉप्टर सेवा से यह संभव होने जा रहा है। इसकी शुरूआत श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पहले होने की उम्मीद है। केदारनाथ सहित अन्य धार्मिक स्थलों की तरह अयोध्या और वाराणसी के बीच हेलीकॉप्टर सेवा शुरू किए जाने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक हेलीकॉप्टरसेवा के लिए अयोध्या और वाराणसी में हेलीपैड तैयार कर लिए गए हैं। वाराणसी में तीन और अयोध्या में दो हेलीपैड तैयार किए गए हैं। वाराणसी में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए एक अन्य हेलीपैड भी तैयार किया गया है। अयोध्या में एक हेलीपैड पहले से था। कुछ दिनों पहले एक और हेलीपैड रामकथा पार्क के पास तैयार किया गया।










# सपा और बसपा ने किया मछुआ समाज को गुमराह: संजय निषाद

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद ने सोमवार को जनपद का दौरा किया। कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने सोमवार को राजापुर में आयोजित संवैधानिक मछुआ एससी आरक्षण जनसंपर्क अभियान सभा के तहत आगामी 13 जनवरी को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर रैली मैदान में निषाद पार्टी द्वारा आयोजित महाजनसभा में मछुआ समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भदोही के मछुआ समाज से लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूर्व की समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की सरकार ने मछुआ आरक्षण के मामले पर मछुआ समाज को गुमराह करने का काम किया है। उत्तर प्रदेश में जब बहुजन समाज पार्टी की सरकार आती है तो मछुआ समाज की सभी उपजातियों को एससी से निकालकर पिछड़े में डाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार आती है तो पिछड़े से निकालकर अनुसूचित में डाल दिया जाता है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य की तर्ज पर शिल्पकार जाती नहीं जातियों का समूह है। सरकार द्वारा नोटिफिकेशन उत्तर प्रदेश राज्य में भी मझवार जाति नहीं जातियों का समूह है नोटिफिकेशन जारी किया जाना था, किंतु पूर्व की समाजवादी पार्टी की सरकार ने मछुआ समाज की सभी उपजातियों को पिछड़ी जाति में बताकर अनुसूचित में डालने का काम किया, जिससे आरक्षण का मुद्दा और उलझ गया है। उन्होंने बताया कि आजादी से पूर्व और आजादी के बाद भी उत्तर प्रदेश राज्य में मछुआ समाज की सभी उपजातियों की गिनती मझवार और तुरैहा में कराई जाती रही है, किंतु पूर्व की सरकारों ने मछुआ समाज के दोहन के लिए बिना संसद में संशोधन के बिना मछुआ समाज की सभी उपजातियों को अनुसूचित से निकालकर पिछड़े में डाल दिया और पूर्व की सरकारों द्वारा इस मुद्दे पर केवल वोट बैंक की राजनीति की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया को मछुआ आरक्षण के सम्बन्ध में पत्र लिखकर जानकारी मांगी गई थी, आरजीआई ने पत्र के उत्तर में कहा है कि उत्तर प्रदेश राज्य में केवट, मल्लाह, बिंद समेत 17 जातियां मछुआ समाज की उपजातियां है। उन्होंने कहा कि मछुआ समाज को कभी मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ नही मिला है। पूर्व की सरकारों ने मछुआ समाज को योजनाओं से वंचित रखा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य पालन क्षेत्र में), निषाद राज बोट योजना, मछुआ कल्याण कोष, प्रधानमंत्री मछुआ बीमा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिससे मछुआ समाज को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है।

## रोडवेज के चक्का जाम से परेशान रहे यात्री

जन एक्सप्रेस। बांदा

केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ बांदा में भी रोडवेज बस के चालकों में आक्रोश दिखाई पड़ा। बस चालको ने सुबह से ही चक्का जाम कर दिया और धरने पर बैठ गए। वही चालकों के हड़ताल पर चले जाने से गंतव्य को जाने वाले यात्री परेशान रहे। हालांकि बस चालकों को समझाने की घंटो कोशिश की गई लेकिन वह अपनी जिद पर अड़े रहे। उत्तर प्रदेश रोडवेज चालक परिचालक संघ के आवाहन पर सोमवार को बांदा रोडवेज डिपो के बस चालकों ने हड़ताल कर दी। इन्होंने बस चलाने से मना करते हुए धरना पर बैठ गए, जिन्हें मनाने की कोशिश की गई लेकिन वह अपनी मांग पर अड़े रहे। उनका कहना है कि हमें मात्र 7-8 हजार रुपए मिलता है। अगर एक्सीडेंट हो गया तो हमें न सिर्फ 10 साल की सजा होगी बल्कि भारी जुर्माना भी भरना पड़ेगा। इससे हमारा जीवन नर्क हो जाएगा। इनका कहना है कि जब तक कानून पर रोक नहीं लगेगी तब तक वह बस नहीं चलाएंगे। बस चालकों की हड़ताल से यात्रियों को परेशान देखा गया, वह अपने गंतव्य पर जाने के लिए साधन की तलाश करते रहे। बताते चलें कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में संशोधन के बाद आए नए हिट एंड रन के मामलों में जो भी दोषी ड्राइवर होंगे उन पर 7 लाख रुपए का जुर्माना किया जाएगा और 10 साल कैद का प्रावधान किया गया है। इस कानून के खिलाफ चालकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं आज कई टेंपो चालक भी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और एक ज्ञापन देकर इस काले कानून को वापस लेने की मांग की है।

## डा0 श्यामलाल की जयंती पर हुई विकास गोष्ठी




जन एक्सप्रेस। बांदा

सोमवार को गतवर्ष की भांति बलखण्डी नाका स्थित डाक्टर श्यामलाल शर्मा स्मारक पार्क मे उनकी 124 वीं जन्म जयंती समारोह को विकास गोष्ठी के रूप मे धूमधाम माल्यार्पण- पुष्पांजलि से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता-वरिष्ठ समाजसेवी इंजी0 ओमप्रकाश मसुरहा ने किया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् मालती गुप्ता बासू व पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन, पूर्व अध्यक्ष अशोक अवस्थी, सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता अखिलेश शुक्ला, रमेशचंद्र दुबे, रामप्रताप शुक्ल अमर दत्त शर्मा ने अपने-अपने उद्बोधन पर श्यामलाल शर्मा की पूर्व चिरस्मरणीय विकास कार्यो मे ईमानदारी, कार्यकुशलता, के साथ पानी, बिजली, सड़क जैसी उक्त कार्यो को प्राथमिकता से कराया गया। उनका कार्यकाल विकास पुरूष के रूप जाना जाता है। जनता से मेल भाव स्नेह सम्बंध मे भी उनका गहरा जुड़ाव देखने को मिलता था। विचारो के क्रम मे उनकी स्मारिका पत्रिका निकालने की पहल के सुझाव आये। उनकी जनपद के साथ ही प्रदेश स्तर प्रशासनिक पकड थी और इनके साथ बुन्देलखण्ड के गांधी कहे जाने वाले लोकप्रिय नेता जमुना प्रसाद बोस को याद करते हुए उनकी प्रतिमा लगाये जाने के विचार रखे।

# नये कानून के विरोध में चालकों ने वाहनों को खड़ा करके किया जाम

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर




सरकार द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् एक्सीडेंट को लेकर जो बिल पास किया जाने वाला है जिसमें एक्सीडेंट होने पर ड्राइवर को 10 साल की जेल तथा 5 लाख तक का जुर्माने की सजा का प्रावधान रखा गया है। जबकि अभी तक जो प्रावधान था उसके तहत् पहले ड्राइवर की बेल होती थी उसके बाद वाहन की बेल का प्रपोजल था। जिसके विरोध मे वाहन चालको ने हाईवे मे वाहनो को खडा करके हाईवे जाम कर दिया और सरकार विरोधी नारे लगाये। वही स्थानीय पुलिस जाम हटाने के प्रया समे वाहन चालको समझााने के प्रया समे लगी रही।

नये कानून के विरोध में इण्टक ने भी अपना समर्थन दिया है और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर आन्दोलन में साथ है। चालकों से बात करने पर बताया कि न तो सैलरी का कोई ठिकाना नहीं न ही उनकी सर्विस की कोई गारंटी होती है विशेष कर प्राइवेट वाहन मालिकों के यहां कब किस चालक को रखा जाएगा कब किस चालक को सर्विस से निकाल दिया जाएगा इसकी भी कोई गारंटी नहीं है। अधिकांशतः 3000 से 5000 हजार तक की सर्विस कर अपने परिवार का गुर्जर बसर करने वाला चालक समाज आक्रोशित है। वही यह कानून प्रत्येक वाहन चालक के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं जिसके तहत कोई भी वाहन चालक से एक्सीडेंट होने पर उसे 10 वर्ष की सजा तथा पांच लाख रुपए जुर्माने के तौर भरने होंगे।

विभिन्न संगठनों में ने भी इसका विरोध करते हुए एक दो एवं तीन जनवरी को समूचा भारत बंद का आह्वान किया है। ड्राइवर जहां इस मुद्दे को लेकर तीन दिनों तक स्वतः गाड़ी न चलाने का आह्वान किया है। जनपद मे मुख्यालय के लखनड बाईपास मे और खागा के उमरा मोड पर हाईवे जाम किया और सरकार विरोधी नारे बाजी किया। जिससे कई किलोमीटर का जाम लग गया। सबसे ज्यादा परेशानी यात्रियो को हुई कि जाम के चलते वाहन कई-कई घण्टे फसे रहे। वही निगम मे अनुबन्धित बस चालक भी हडताल मे रहे और सडको मे यात्री गन्तब्य के लिए भटकते रहे।

## 2024 के आगमन पर दिखी गर्मजोशी सभी वर्ग व उम्र के लोगों ने किया सेलीब्रेट

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

आखिर जिस घड़ी का अर्से से इंतजार था। रात 12 बजने के साथ इस पल ने जैसे ही दस्तक दिया। समूची दोआबा की धरा में खुशियां बिखर पड़ी। देखते ही देखते दोआबा की रात सतरंगी हो उठी। वर्ष 2023 की विदाई और 2024 के इस्तकबाल में गर्मजोशी देखते बनी। कहीं पर डीजे की तेज धुन पर धमाल होता नजर आया तो कहीं भजन कीर्तन की सुरमई धुन गूंजती सुनी गई। साल भर के अनुभव समेटे हुए नए साल का स्वागत करने के लिए सामने आए लोग नई संभावनाओं के साथ अपनी अभिव्यक्ति का इजहार करते नजर आए। हरेक उम्र में नवीन साल की अगवानी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। घड़ी में रात के 12 बजते ही पटाखे गूंजने लगे। केक कटकर खुशियों का इजहार किया गया। युवा वर्ग में इस सेलिब्रेशन को लेकर खास उत्साह और उमंग देखने को मिली। यही कारण रहा कि एजर्स के साथ यह जमात कहीं आस्था के शीश नमन करती नजर आई तो कहीं पर धूम धड़ाके के साथ आर्केस्ट्रा के मंच पर थिरकती दिखाई दिया।

## रेप व हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी में लुधियाना पुलिस ने डाला डेरा

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

चार साल की मासूम बच्ची की रेप के बाद हत्या करने वाले आरोपित की तलाश में लुधियाना पुलिस टीम कल्यानपुर थाना क्षेत्र के पहरवापुर गांव पहुंची लेकिन वह घर पर नहीं मिला परिजनों से पूछताछ के बाद पुलिस टीम लौट गई। स्थानीय पुलिस के साथ गैर प्रांत की पुलिस के गांव पहुंचने से हड़कंप मच गया। ग्रामीण मामला जान सन्न रह गए।

बताया जा रहा है कि लुधियाना पुलिस अभी जिले में डेरा डाले हुए है। लुधियाना के डाबा थाना क्षेत्र के आजाद नगर इलाके में गुरुवार रात एक चार साल की मासूम बच्ची का कमरे के अंदर शव मिला था। बच्ची की रेप के बाद हत्या किया गया था। बताया जाता है कि सोनू बच्ची की रेप और हत्या के मामले मे तालास कर रही है। आरोपी सोनू दो महीने पहले अपने गांव पहरवापुर से मौसी के लड़के मयंक के साथ लुधियाना गया था। वहां आजाद नगर में किराए में रहते थे।

## किसान की ठंड लगने से हुई मौत

जन एक्सप्रेस। बांदा

नए वर्ष की सुबह कोहरे से ढकी रही। लोग ठिठुरते हुए खुद को गर्म लिहाफ में जकड़े रहे। बावजूद इसके ठंड का असर लोगों को बेजार करता रहा। रविवार की रात को खेतों की सिंचाई करने के बाद वापस लौट रहे किसान को ठंड ने अपनी आगोश में ले लिया। घर पहुंचने पर उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी नरैनी लेकर गकए, वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, ठंड की चपेट में आने से मासूम समेत पांच लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कालिंजर थाना क्षेत्र के कुइयां कगर निवासी भूरा निषाद (65) रविवार को अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए गया था। खेतों की सिंचाई हो जाने के बाद रात को वह अपने घर वापस लौट रहा था, तभी रास्ते में ठंड ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घर पहुंचने पर किसान की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसका घरेलू उपचार किया। हालत न सुधरने पर किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी ले जाया गया, वहां पर चिकित्सकों ने किसान भूरा निषाद को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत हो जाने से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

इधर, ठंड की चपेट में आने से गुरेह गांव निवासी एडविक (1) पुत्र वीरेंद्र, मोहम्मद उमर (4) पुत्र सानू मर्दननाका, मातादीन (50) मूंगुस तिंदवारी, कविता (30) निवासी पपरेंदा और रजिया (70) झील का पुरवा की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उसका उपचार किया जा रहा है।

## निशुल्क बीज वितरण, किसानों की आय बढ़ाना सरकार का लक्ष्य

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तत्वाधान में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कम्पनियो द्वारा स्टाल लगाकर कृषकों को बीजो का वितरण किया। कम्पनी गार्डन में जिला उद्यान अधिकारी डॉ रमेश पाठक व प्रभारी अलंकृत उद्यान डॉ सुनील कुमार द्वारा उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा औधोगिक विकास योजनांतर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना व अनुसूचित जाति, जनजाति एससीसीपी राज्य सेक्टर के तत्वाधान में बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इंडो अमेरिकन, एडवांटा एवं एडवांस बायोकेयर जैसी नामी गिरामी कम्पनियों द्वारा स्टाल लगाकर कृषकों को टमाटर, लौकी, तरोई, करेला आदि का बीज वितरित किया गया। इस दौरान लगभग एक सैकड़ा से अधिक किसानो को सरकार की इस योजनाओं का लाभ दिलाया गया। जिला उद्यान अधिकारी डॉ रमेश पाठक व प्रभारी अलंकृत उद्यान डॉ सुनील कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों की आय को दुगनी किये जाने के संकल्प को देखते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों को लेकर अनेकों योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं। उद्यान विभाग द्वारा किसानों को निःशुल्क बीज का वितरण कर उन्हें सब्जियों आदि की उपज के लिए प्रेरित किया गया है। बताया कि विभाग द्वारा किसानों के लिये समय-समय पर अनेक योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभान्वित कराने का कार्य किया जाता है। साथ ही बताया कि सेंटर आफ एक्सीलेंस में बीज देने पर किसानों को एक रुपये प्रति की दर से किसानों को पौध तैयार कर देने की सुविधा उप्लब्ध है। इस मौके पर वरिष्ठ उद्यान निरक्षक विजय चैरसिया, मो शब्बीर, उमा शंकर तिवारी आदि रहे।

## ठंड से बचने के लिये डीएम ने वितरित किये कंबल

जन एक्सप्रेस। बांदा



सोमवार को जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बढ रही शीतलहर से बचाव हेतु सोमवार को सरस्वती शिशु मन्दिर में गरीब, असहाय एवं निराश्रित लोगों को कम्बल का वितरण किया। उन्होंने कम्बल वितरण के दौरान गरीब महिलाओं एवं पुरुषों को लगभग 250 कम्बल एवं मिष्ठान का वितरण किया। उन्होंने कहा कि गरीब एवं असहाय तथा निराश्रित लोगों के लिए अस्थाई रैन बसेरों में भी सर्दी से बचाव हेतु रूकने की आवश्यक व्यवस्था की गयी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सर्दी से बचाव हेतु तहसील स्तर पर भी कम्बलों का वितरण करें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट विजय शंकर तिवारी, तहसीलदार सदर एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पटेल चैराहे से कलेक्टरेट रोड के व्यापारियों ने डीएम से मांगी राहत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पटेल तिराहे से लेकर कलेक्टरेट मार्ग की ओर दुकानें गिराए जाने के मामले में सोमवार को व्यापारियों के प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिसमें व्यापारियों को राहत देने के लिए निर्धारित सीमा 36 फिट के स्थान पर सड़क के मध्य से 30 फिट करने की मांग की गयी।

पूर्व सांसद एवं उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष भैरो प्रसाद मिश्र, प्रदेश मंत्री राजीव अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी की अगुवाई में व्यापारियों के प्रतिनिधि मण्डल ने सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द से मुलाकात की। व्यापारियों ने बताया कि पटेल तिराहे से कलेक्टरेट मार्ग तक सड़क चैड़ीकरण की योजना है। जिसमें व्यापारियों की मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए 36 फिट की जगह मध्य से 30 फिट लिया जाए। जिससे व्यापारियों की जीविका चलती रहे। अन्यथा व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो जाएगी। व्यापारियों का परिवार भुखमरी की कगार पर होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेश भी हुए हैं कि माफियाओं को छोड़कर किसी अन्य की दुकान या मकान गिराई जाए, तो उनका पहले पुनर्वास किया जाए, फिर दुकानों को गिराया जाए। ऐसे में व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सहानुभूतिपूर्व विचार करते हुए निर्णय लिया जाए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, जिला मंत्री ऋषि ज्ञानू द्विवेदी, आर्य आईटी मंच अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, मनोज द्विवेदी, प्रभा शंकर शुक्ला,

# सिविल लाइन चौकी के चंदकदम दूरी पर प्रदर्शनी संचालक और उसके भाई को पीटकर लूटा

जन एक्सप्रेस। बांदा



शहर कोतवाली के सिविल लाइन चैकी क्षेत्र में चन्दकदम दूरी पर जेएन कालेज ग्राउंड में लगी प्रदर्शनी के संचालक को रविवार रात एक दर्जन लोगों ने घेर लिया। बचाने आए संचालक के भाई और दो अन्य दुकानदारों को डंडों से बेहरमी के साथ पीटा और मौके से तीन लाख रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष सिविल लाइन चैकी जा रहा था, तभी रास्ते में रोककर हमलावरों ने एक बार फिर पीटा और कार में रखे 1 लाख 47 हजार रुपए लेकर भाग निकले। पीड़ितों की कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। चैकी पहुंचने पर पीडितों ने बताया कि चैकी में चैकी इंचार्ज दानबहादुर पाल नहीं थे एक होमगार्ड फिर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पीड़ित पक्ष ने तहरीर दी है।

शहर के किरन कालेज कटरा निवासी पंकज (27) पुत्र भोजनारायण निगम जेएन कालेज ग्राउंड में लगाई गई प्रदर्शनी का संचालक है। वहीं पर उसका भाई धीरज (28) भी मौजूद था। रविवार की रात को तकरीबन डेढ़ बजे एक स्कूटी और चार पहिया समेत दो बाइकों में सवार होकर एक दर्जन लोग मौके पर पहुंचे और पंकज व उसके भाई धीरज को पीटना शुरू कर दिया। प्रदर्शनी में दुकान लगाए दो दुकानदार फूलचंद्र (26) पुत्र शिवपाल निवासी लवकुश नगर छतरपुर और राहुल (25) पुत्र अजय खजुरिया नेवादा कानपुर बचाने पहुंचे तो हमलावरों ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की। मारपीट के बाद प्रदर्शनी की वसूली का तीन लाख रुपया लिए धीरज से हमलावरों ने छीन लिया और मौके से भाग निकले। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमलावरों के जाने के बाद पीड़ित पंकज, धीरज और दो दुकानदार कार से सिविल लाइन चैकी जा रहे थे, तभी रास्ते में हमलावरों ने एक बार फिर रोक लिया और जमकर मारपीट की। इस दौरान कार को भी डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया और उसमें रखे 1 लाख 47 हजार रुपया लूटकर भाग निकले। पीड़ितों ने सिविल लाइन चैकी पुलिस को तहरीर दी है। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया। घायल पंकज और धीरज ने बताया कि एक पखवारा पहले बुलेट मोटरसाइकिल से तीन लोग प्रदर्शनी आए थे। रात में झूला बंद हो जाने के बाद जबरन झूला चालू करने का दबाव बना रहे थे। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले की तहरीर सिविल लाइन चैकी पुलिस कोक दी गई थी, लेकिन सिविल लाइन चैकी पुलिस ने इस मामले को कोई तवज्जो नहीं थी। इसके चलते हमलावरों का दुस्साहस बढ़ गया और रविवार की रात को एक बार फिर से जानलेवा हमला करते हुए लूटपाट की गई। फायरिंग से भी हमलावरों ने गुरेज नहीं किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नव वर्ष पर खोये मोबाइल फोन पाकर मोबाइल धारकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान, खोए हुए 125 मोबाइल फोन बरामद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी, सर्विलांस के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस टीम द्वारा गुमशुदा कुल 125 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 18 लाख 75 हजार रूपये है, को बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपना मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे, जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक ने एसओजी, सर्विलांस टीम को खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के निर्देश दिये थे। प्रभारी सर्विलांस, स्वाट टीम निरीक्षक एमपी त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस, स्वाट टीम द्वारा 125 खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी करते हुए सोमवार को नव वर्ष पर मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया। इस मौके पर मुख्य आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार, जितेन्द्र कुमार, प्रदीप द्विवेदी, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, राघवेन्द्र, रोशन सिंह आदि मौजूद रहे।

### रामायण मेला समिति ने मनाई स्व गोपाल कृष्ण करवरिया की जयंती

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राष्ट्रीय रामायण मेला के प्रेरणास्रोत स्व गोपाल कृष्ण करवरिया की जयंती के अवसर पर समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सोमवार को रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने बताया कि बाबा स्व गोपाल कृष्ण करवरिया ने डॉ राममनोहर लोहिया व आचार्य बाबूलाल गर्ग के सहयोग से रामायण मेला की शुरुआत कराई थी। जिसके 50 वर्ष पूरे हो चुके है। 51वे महोत्सव की तैयारियां जोरो पर है। जिसका आठ मार्च को शुभारंभ किया जाएगा। एक जनवरी को जन्मे स्व करवरिया ने समाजसेवा के अलावा नगर पालिका चेयरमैन के रूप में कई वर्षों से नगरवासियों को सुविधाएं मुहैया कराने में कोर कसर नहीं छोड़ी। जयंती पर समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके कार्यों को याद किया। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, महामंत्री करुणा शंकर द्विवेदी, प्रद्युम्न नारायण दुबे, विनोद मिश्र, शिवमंगल शास्त्री, मो युसूफ, शैलेन्द्र करवरिया, आशीष पांडेय, ज्ञानचन्द्र गुप्ता, मनोज गर्ग, राजाबाबू पांडेय, राजेन्द्र मोहन त्रिपाठी, कलीमुद्दीन बेग, प्रदीप शुक्ला, बार एसोसिएशन अध्यक्ष संजय करवरिया, इं सलिल गर्ग, रंगनाथ शुक्ला, डॉ. रमाकांत चैरिहा आदि मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश को हराकर पश्चिम बंगाल ने जीता क्रिकेट मैच

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर सुभाष चैलेंज कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया। बंगाल ने टॉस जीत कर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 138 रन बना 139 रनों का लक्ष्य दिया। बंगाल की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए देवाशीष ने 34 रन और अनिकेत ने 36 रन का योगदान दिया। उत्तर प्रदेश की ओर से गेंदबाजी करते हुए अजहर ने 3 विकेट और अवनीश ने 1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की टीम कुछ खास प्रदर्शन नही कर सकी और 13.4 ओवर में 75 रन बना कर ऑल आउट हो गई। उत्तर प्रदेश की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सुरेंद्र ने 16 रन और तनवीर ने 9 रन की पारी खेली। बंगाल की तरफ से अच्छी गेंदबाजी करते हुए शिवशंकर ने 4 विकेट और तपन ने 3 विकेट लेकर अपना योगदान दिया। बंगाल के शिवशंकर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पश्चिम बंगाल ने इस मुकाबले को 63 रन से अपने नाम किया। आज के मैच के अंपायर विजय भारद्वाज और रामचंद्र, स्कोरर सौरभ नाहर, शमसुद्दीन खान रहे। इस मौके पर एडीएम जशीन की, राजेश सोनी, महेश सिंह, अशोक देवगन, राकेश मिश्रा, इरफान खान, लोकेश सिंह, कमलेश परिहार, रामचंद्र कुरील, लल्लू रैकवार, आनंद, ऋषि यादव, करन पटेल, रानू, हिमाशु नाहर, अनुराग आदि मौजूद रहे। मिडिया प्रभारी दीपक मिश्रा ने बताया कि कल दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच पश्चिम बंगाल और बिहार के बीच खेला जाएगा

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिंद ने बताया कि आरक्षी अंकित राजपूत तथा आरक्षी राकेश कुमार द्वारा रज्जू निवासी ग्राम खपटिहा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना भरतकूप में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### अक्षत वितरण कार्यक्रम में युवाओं ने दिखाया उत्साह

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या की भांति धर्मनगरी चित्रकूट में भी उत्साह नजर आ रहा है। इसी क्रम में सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में संतों और हिन्दू वादी संगठनों ने अक्षत वितरण कार्यक्रम चलाया। धर्मनगरी स्थित रामघाट में आयोजित कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के जिला संगठन मंत्री ऋषभ ने बताया कि 500 वर्षों की तपस्या, त्याग और बलिदान के फलस्वरूप आज अयोध्या में प्रभु श्रीराम मन्दिर का निर्माण हो रहा है। आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के अयोध्या में सुखद आगमन प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर समाज के हर कोने में प्रसन्नता का वातावरण है। उन्होंने कहा कि रामोत्सव के इस अवसर पर सभी हिन्दू 22 जनवरी को अपने घर और परिवार में दीपक जलाएं। साथ ही अपनी बस्ती के मन्दिरों में भी दीपक जलाकर प्रभु श्रीराम की पूजा अर्चना करें। इसके बाद 31 जनवरी को अयोध्या पहुंचकर मर्यादापुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के दर्शन कर अपना जीवन धन्य करें। मत्स्यगजेन्द्र नाथ मन्दिर, कामतानाथ मन्दिर में पूजा अर्चना करने के बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक पुनीत की अगुवाई में सेवा बस्तियों में अक्षत वितरित किए गए। इस मौके पर जिला कार्यवाह अतुल, शिवरामपुर के खण्ड प्रचारक ओमजी, विहिप जिलाध्यक्ष राजेन्द्र, जिला सहसंयोजक अव्यय गौतम आदि मौजूद रहे।

### गोशाला में समाजसेवी ने गोवंश को खिलाया भूसा व गुड

**जन एक्सप्रेस/पहाड़ी, चित्रकूट।** अस्थाई गौशाला पहाड़ी बुजुर्ग में पूर्व प्रधान पहाड़ी समाजसेवी विजय बहादुर सिंह उर्फ बड़कउना सिंह ने गौशाला में एकत्रित गौवंशो को भूसा व गुड खिलाकर सराहनीय कार्य किया है। पूर्व प्रधान विजय बहादुर सिंह ने सभी लोगों से गौशालाओं में भूसा दान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर सभी सामाजिक एवं संभ्रांत गांव के ग्रामीण अपने ग्राम पंचायत में सहयोग कर गोवंशों की सेवा के लिए भूसा व हरा चारा गौशाला में दान करें, यह बहुत ही नेक कार्य है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं, बर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा प्रातःकाल एवं रात्रि के समय ठण्ड/घने कोहरा छाये रहने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 18.4 (-0.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.6 (-0.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 90 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 71 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# 1992 की कार सेवा वा ढांचा विध्वंस में शामिल होने वाले श्रवण त्रिपाठी को मिला अयोध्या आने का निमंत्रण

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के तत्वावधान में प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति, कानपुर प्रान्त के सभी जिलों में रामभक्तों की टोलियां अक्षत वितरण के लिए निकली, और जनता-जनार्दन में भी विशेष उत्साह दिख रहा है, क्योंकि राम सबके हैं, सभी राम के हैं। सबकी चिर-प्रतीक्षित अभिलाषा पूर्ण होने जा रही है, सम्पूर्ण समाज स्वयं को सौभाग्यशाली मान रहा है कि प्रभु रामलला की पावन जन्मभूमि अयोध्या जी में सदियों के संघर्षों के बाद बन रहे मन्दिर में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा सभी के सामने हो रही है।

कानपुर प्रान्त के सभी 21 जिलों में अक्षत वितरण हेतु पूर्व निर्धारित योजना के अंतर्गत टोलियां निकली, टोलियां में माताएं बहनें भी अत्यंत उत्साह से अक्षत वितरण घर घर जाकर कर रहीं हैं। विभाग प्रचारक बैरिस्टर जी ने बताया कि, कानपुर महानगर के चारों जिलों की 437 बस्तियों में अक्षत वितरण हेतु 2000 से ज्यादा टोलियों में विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों के हजारों रामभक्त कार्यकर्ता निकले हैं। श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या जी में कारसेवा करने वाले रामभक्तों तथा उनके परिवारों को पीले अक्षत देकर निमंत्रण दिया गया है। मंदिरों में, घरों में अयोध्या जी से आए पूजित अक्षत, चित्र तथा पत्रक देकर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साक्षी बनने तथा सायं को घर घर दिवाली मनाए जाने का निमंत्रण दिया गया। पश्चिम में संघ के जिला संघ चालक वीरेन्द्र विभाग संगठन मंत्री पीयूष जिला कार्यवाह समीर, सह जिला कार्यवाह हरी सिंह जिला प्रचारक शिवम् दक्षिण में जिला प्रचारक यश, ज्ञानेन्द्र, उत्तर में जिला प्रचारक रवींद्र, शैलेंद्र शर्मा, सह समन्वयक वैभव खंडेलवाल समेत। पूर्व में जिला कार्यवाह वीरेंद्र जिला प्रचारक सौरभ, भागवत, अंकित समेत भगिनी बन्धु उपस्थित रहे।

विष्णुपुरी दीनदयाल नगर के श्रवण त्रिपाठी जो 1992 में हुई कारसेवा एवं ढांचा ध्वस्तीकरण में स्वयं उपस्थित थे एवं पूरी घटना का विवरण आज सभी रामभक्तों के बीच बताते हैं, वह वहां रहे भगवान को टेंट में विराजमान किया। उनको रामभक्तों ने पूजित अक्षत पुष्प देकर आमंत्रित किया।

### कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं को पूजित अक्षत देकर किया आमंत्रित

कानपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, महामंत्री आदित्य सिंह, अश्वनी त्रिपाठी प्रदेश मंत्री अधिवक्ता परिषद, लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष रवीन्द्र शर्मा, लायर्स महामंत्री शरद शुक्ला समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता बन्धुओं को नगर कार्यवाह प्रमोद अर्चना दीदी, कालीचरण, नरेंद्र मोहित समेत रामभक्तों की टोली ने आमंत्रित किया, उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से ओमेन्द्र अवस्थी प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति, कानपुर प्रान्त द्वारा दी गई है।







## फास्ट फॉरवर्ड

### देशी शराब के 20 क्वार्टरों के साथ शातिर को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। सोमवार को फजलगंज पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को बड़ी मात्रा में देशी शराब के क्वार्टरों के साथ गिरफ्तार किया गया है, कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कोतवाल फजलगंज अमरनाथ विश्वकर्मा मय हमराह फोर्स सब इंस्पेक्टर कमलेश राय व का. अनुराग सिरोही के थाना क्षेत्र में गस्त पर थे तभी जरिए मुखविर सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध देशी शराब को बेचने ले जा रहा है, मुखविर की सूचना पर पुलिस टीम ने बीओबी चौराहा के पास सुलभ शौचालय की आड़ में खड़े व्यक्ती को पकड़ा तो उसके पास से 20 क्वार्टर देशी के मिले पकड़े गए व्यक्ती ने अपना नाम आमिर अंसारी उर्फ अनूप भांजा पुत्र अकबर अंसारी नि.उचवा फजलगंज बताया है।



### ढाई सौ ग्राम नाजायज गांजे के साथ बिठूर पुलिस ने शातिर को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। पुलिस कमिश्नरेट थाना बिठूर पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है, 250 ग्राम गांजा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बिठूर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोहन पुरवा मोड गंगा बैराज रोड से मैनावती मार्ग की ओर जा रहे संदिग्ध व्यक्ति रंजीत पुत्र जगदीश नि0 ग्राम भोपालपुरवा थाना नबावगंज कानपुर नगर उम्र करीब 24 वर्ष को चेक किया तो उसके कब्जे से 250 ग्राम गांजा निकला, इस मामले में बिठूर थाने पर एनडीपीएस एक्ट में मुक़दमा दर्ज किया गया है गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार सिंह, 30नि0 धर्मेन्द्र कुमार, 30नि0 सौरभ सिंह, हे0का0 संतोष कुमार,का0 हरवीर सिंह शामिल रहे।



### बादशाही नाका पुलिस ने 14 देशी क्वार्टर के साथ युवक को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना बादशाही नाका पुलिस टीम द्वारा बीते दिन सोमवार को 14 देशी शराब के क्वार्टरों के साथ विपिन सोनकर पुत्र लक्ष्मी नारायन सोनकर नि0 सब्जीमण्डी झोपड़ पट्टी थाना बादशाहीनाका को गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार करने वाली टीम उ.नि. रामनाथ प्रसाद, हे.का. अशोक बाबू, शामिल रहे।

### भारतीय दलित पैंथर ने मनाया शौर्य दिवस

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। भारतीय दलित पैंथर के तत्वधान में मैकरॉबर्ट गंज कार्यालय में शौर्य दिवस बड़ी ही धूम धाम से मना कर विशाल जन सभा का आयोजन किया किया ।जिसमे दूर दूर से प्रबुद्ध लोगो ने पहुंच कर शिरकत की और बाबा साहब को माल्यार्पण कर उन्हें याद किया ।कार्यक्रम के दौरान संयोजक धनीराम पैंथर ने बताया की 1 जनवरी को 1818 में 28500 लोगों को 500 सैनिकों ने धूल चटाई थी जिसके लिए हर वर्ष एक जनवरी को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी शौर्य दिवस कार्यक्रम करने भीमा कोरे गांव में हुई घटना को लेकर जाते थे जिसकी याद में शौर्य दिवस मनाया जा रहा है। साथ ही धनीराम पैंथर ने बताया की बाबा साहब सम्पूर्ण देश में कौमी एकता के लिए काम करते थे और वर्तमान में दलितों पिछड़ों का निजीकरण कर उनको आरक्षण से वंचित किया जा रहा है ।सफाई कर्मचारी को आठ हजार वेतन दे कर दलितों के साथ कुठार घात हो रहा है।



# हजारों उद्यमियों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्टेट परिसर पहुंच चेयरमैन विजय कपूर को दी बधाई





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नव वर्ष के आगमन के उत्साह में दादा नगर के उद्यमी, व्यापारी एवं श्रमिक भी झूमते नजर आये। अपने प्रिय चेयरमैन विजय कपूर को नव-वर्ष की शुभकामनाएं अर्पित करने के लिए सभी कोआपरेटिव इस्टेट कार्यालय में उमड़ पड़े। अलग अलग टोलियों में ढोल नगाड़ों के साथ लोग आते रहे और चेयरमैन विजय कपूर को शुभकामनाएं अर्पित कीं।

इस अवसर पर आगन्तुकों ने चाट-पकौड़े, चाय-काफी सहित स्वल्पाहार का भी आनन्द लिया अपरान्ह 3 बजे विजय कपूर जब कोआपरेटिव इस्टेट के कार्यालय में पधारे तो उस समय यहाॅ हजारों उद्यमियों की भीड़ एकत्र हो चुकी थी। श्री कपूर को सैकड़ों उद्यमियों ने बुके भेंट कर माला पहनाया, साथ ही नव-वर्ष की शुभकामनाएं दी और उनका आशीर्वाद लिया।

# विश्वविद्यालय परिसर में किया गया सुंदरकांड पाठ का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित विश्वेश्वर मंदिर में नववर्ष 2024 के अवसर पर सोमवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक और आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर वंदना पाठक के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने सुंदरकांड के आयोजन में हिस्सा लिया। प्रोफेसर पाठक ने कहा कि यह नव वर्ष सभी के लिए सुख समृद्धि एवं उत्साह, खुशहाली से भरा हो, सभी की मंगल कामना के लिए यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी, कुल सचिव डॉ.अनिल कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# साल का पहला दिन विधायक ने वृद्धा आश्रम जाकर मनाया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



नव वर्ष के प्रथम दिन विधायक सुरेंद्र मैथानी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जरूरतमंद लोगों को चाय आदि का पंनकी पावर हाउस मार्केट में वितरण किया। इसके बाद विधायक पनकी स्थिति स्वराज व्रद्ध आश्रम पहुंचे जहां पर उन्होंने सभी वद्धों को और उनकी सेवा में लगातार लगे हुए,सभी सेवादारों को कंबल आदि का वितरण किया तथा वहीं पर भगवान खाटू श्याम महाराज के संकीर्तन की ज्योति जला करके भजन संध्या प्रारंभ कराई।सभी बुजुर्गों ने बहुत उत्साह के साथ, इस ठंडे मौसम में भी प्रतिभाग किया। विधायक सुरेंद्र मैथानी ने बताया कि नव वर्ष के प्रारंभ पर वृद्ध आश्रम में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हमारे माता-पिता स्वरूप, हमारे वृद्ध जनों को उनके पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लेकर,कंबल आदि का वितरण का मुझे सौभाग्य मिला है ने वहां उपस्थित सभी वृद्ध जनों उससे कहा कि आप सभी वृद्ध जनों ने, हृदय की गहराइयों से नम आंखों से मुझे जो आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं आप सभी वृद्ध जनों का जीवन पर्यंत ऋणी रहूंगा। इस दौरान विधायक सुरेंद्र मैथानी के साथ, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि चौबे एवं ललित उपाध्याय पवन सविता रोहित दुबे, संजय मेहता, एसके चौधरी, सुरेश शर्मा, आदि लोग उपस्थित थे।

# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का किया भव्यता से स्वागत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




भारतीय जनता पार्टी कानपुर दक्षिण जिले के निर्देशानुसार भाजपा निराला नगर मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी के नेतृत्व में सोमवार को राजकीय विद्यालय निराला नगर वार्ड 7 में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची। जिसका भाजपा एवं विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ता एवं जनता द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर सांसद सत्यदेव पचौरी, भूपेश अवस्थी, जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा, लोकसभा आई.टी.संयोजक दिनेश त्रिवेदी के द्वारा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं आवास योजना की चाभी वितरित की गई। कार्यक्रम मे जूही मंडल संयोजक गौरव तिवारी, रविन्द्र राजपूत वार्ड अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र शुक्ला, ललित किशोर शुक्ला सहित जिले व मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 10 लाख रुपए की चरस के साथ दो तस्करों को बर्रा पुलिस ने दबोचा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नये साल में पहले ही दिन बर्रा पुलिस ने 10 लाख रुपए की नाजायज चरस के साथ दो युवकों को धर दबोचा लेकिन दबोचे गए तस्करों के पास से मीडिया कार्ड भी मिला है जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि अवैध धंधों में लिप्त लोग अब गैरकानूनी तरीके से मीडिया कार्डो का इस्तेमाल कर रहे हैं। जानकारी देते हुए बर्रा थाना प्रभारी दिनेश कुमार बिष्ट ने सोमवार को बताया कि नए साल को लेकर बर्रा दो स्थित रामजानकी मंदिर के पास हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान यादव मार्केट चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह को हाईवे स्थित होटल मन्नू ग्रांड से दो युवक पिट्ठू बैग लेकर आते दिखाई दिए। चेकिंग देख कर युवक वापस लौटने लगे। शक होने पर पुलिस ने पीछा किया, जिस पर युवक भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को दबोच लिया। तलाशी के दौरान युवकों के पास से करीब ढ़ाई किलो चरस मिली जिसकी बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम कानपुर देहात, डेरापुर निवासी रजत यादव व मान सिंह बताया। तलाशी के दौरान रजत यादव के पास से मीडिया का फर्जी पहचान पत्र भी मिला। इससे पता चलता है कि यह लोग मीडिया की आड़ में तस्करी करते थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनको नए साल पर चार स्थानों पर चरस सप्लाई करनी थी। फिलहाल आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार कर बेनकाब करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# नजायज देशी तमंचे और चाकू संग दो को दबोचा




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना बेकनगंज पुलिस द्वारा घुसियाना सईदाबाद मस्जिद के पास थाना चमनगंज निवासी आफताब आलम के पुत्र मो0 जीशान और जुबैद का हाता थाना बजरिया निवासी मो0 शकील के बेटे मोहम्मद जैद को गिरफ्तार किया गया है, इन दोनों के पास से नाजायज चाकू और नाजायज देशी तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है, दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया है, गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सब इंस्पेक्टर सचिन भाटी, सब इंस्पेक्टर मतीन खाँ, का. भुवनेश, प्रशांत कुमार शामिल रहे।

### अधिष्ठाता छात्र कल्याण के पद की डॉ.मुनीश कुमार को मिली जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.मुनीश कुमार को बनाया गया। यह पद उन्हें निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग के प्रशासनिक आदेश के अनुपालन में दिया गया है ।पदभार ग्रहण करते समय डॉ.मुनीश कुमार ने कहा कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। वही छात्रों के भोजन में मिलेट्स का समावेश भी किया जाएगा। उन्होंने सभी योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाने के लिए उत्कृष्ट प्रयास किए जाने की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्र कल्याण का कार्य पूरी तरह विद्यार्थियों को समर्पित है छात्रों की हर समस्या का समाधान कर एक स्वच्छ वातावरण बनाकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने छात्र कल्याण से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सहयोग की अपेक्षा की। पदभार ग्रहण कर डॉ.मुनीश कुमार ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह का धन्यवाद दिया।

# गर्भवती व नन्हे मुन्नों का राशन गबन कर रही आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियां

**खुद को पार्षद बताने वाले फखर इकबाल भी संदेह के घेरे में**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश सरकार बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तहत करोड़ों रुपय इस लिए खर्च किया जा रहा है ताकि प्रदेश की गर्भवती महिलाओं व नवनिहाल बच्चों के परिवार को भरपूर पुष्टाहार मिल सके, लेकिन धरातल पर यह योजना पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पा रही है, कारण यह है कि जिनके हाथ में वितरण करने की जिम्मेदारी है वह घपला घोटाला करने से बाज नहीं आते हैं। बीते दिन सोमवार को शहर के जाजमऊ मनोहर नगर ऊंचा टीला स्थित आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकत्रियों द्वारा वितरण में लापरवाही घपला करने का मामला सामने आया है, जहां गर्भवती महिलाओं को वितरण के समय घंटों इंतजार करवाने का मामला भी सामने आया है, पात्र गर्भवती महिलाओं का आरोप था कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी मनमानी करती है क्षेत्रीय पार्षद फखर इकबाल का इन्तजार करवाया जाता है उनके आने के बाद ही राशन का वितरण किया जाता है। सुबह 10 बजे से राशन वितरण होने की प्रक्रिया दोपहर के 2 बजे के बाद पार्षद के आने पर शुरू हुई। इस बीच लाइन में गर्भवती महिलाओं संग उनका पूरा परिवार परेशान होता रहा, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने गर्भवती महिलाओं को होने वाली परेशानी को अनदेखा कर वह पार्षद की आवभगत में लगी रही। वहीं मीडिया के पहुंचने पर लोगो ने जमकर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों पर धांधली के आरोप लगाए हैं। लोगो का कहना था कि सरकार द्वारा मिलने वाले संपूर्ण पुष्टाहार के साथ धांधली की जा रही है। किसी भी बच्चे को पूरा लाभ नहीं दिया जा रहा है। कभी चने की दाल व दलिया दी जा रही है तो कभी वो भी नसीब नहीं हो रहा है। इस बार तीन महीने बाद राशन दिया गया है वो भी कुछ लोगो को पूरा दिया गया और कुछ लोगो को आधा ही मिला है। लोगो ने यहां तक आरोप लगाया कि कार्यकत्रियों द्वारा राशन को चोरी कर बेचा भी जा रहा है। साथ ही लोगो का कहना था कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा अभद्रता भाषा का भी प्रयोग किया जाता है।



### पत्नी है पार्षद पति खुद को बताते हैं पार्षद

जब खुदको पार्षद कहने वाले फखर इकबाल से बात की गई तो उनका कहना था कि मुझे सिर्फ इस बार ही राशन वितरण के लिए बुलाया गया है मुझे इसकी कोई जानकारी नही है कि इस विभाग के तहत क्या क्या बांटा जाता है। जबकि लोगो ने ही पार्षद फखर इकबाल का भंड़ा फोड़ दिया लोगो ने बताया कि पिछले बार पार्षद राशन वितरण में आये थे सिर्फ कुछ लोगों को ही राशन मिला था बाकी लोगो को यह कह कर वापस भेज दिया गया था कि राशन खत्म हो गया है। आपको बताते चले कि वार्ड 96 के पार्षद फखर इकबाल नही है बल्कि इनकी पत्नी रोमा फखर इकबाल हैं। पूर्व पार्षद प्रत्याशी व समाजसेवी मो.क़ामरान ने बताया कि घंटो आंगनवाड़ी की कार्यकत्रियों ने लोगो को सिर्फ इसलिए इन्तजार करवाया की पार्षद के आने पर ही राशन का वितरण होगा। इस आंगनवाड़ी केंद्र में सिर्फ धांधली के साथ राशन चोरी का काम हो रहा है। केंद्र के बाहर कोई बोर्ड तक नही ही जिस पर यह लिखा हो कि कितनी मात्रा में राशन बांटा जाना है। मो. कामरान ने कहा कि इस आंगनवाड़ी केंद्र में हो रही धांधली व मनमानी की शिकायत संबंधित विभाग में करेंगे।

# नववर्ष जश्न और संकल्प के साथ-साथ जीवन पर चिंतन का समय : मुकेश रस्तोगी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रान्तीय संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों सहित पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह, श्रमायुक्त आर.एल. स्वर्णकार, प्रख्यात चिकित्सक डा0 संजय रस्तोगी, श्रमिक संघ के अध्यक्ष पं0 वी.के. शुक्ला सहित तमाम राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से शिष्टाचार भेंट कर नये वर्ष की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर श्री रस्तोगी ने कहा कि नया वर्ष सिर्फ जश्न और संकल्पों के लिए नहीं है, यह जीवन पर चिंतन करने का समय है, जिसमें उपलब्धियों, गलतियों और सीखे गये सबक के साथ-साथ इसे सुधारने और समृद्ध करने के लिए नये अवसर भी शामिल हैं। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने कहा कि नया वर्ष पूरी दुनिया में मनाया जाने वाला एक खुशी का पर्व है। इस दिन को पूरी दुनिया के लोग त्योहार के रूप में मनाते है, इस दिन को लोग अपनी-अपनी संस्कृति और सभ्यता के हिसाब से मनाते हैं, हालांकि किसी भी अन्य त्योहार की तरह जाति या संस्कृति की परवाह किए बिना दुनिया भर के लोगों के जीवन में खुशी लाता है। नगर पालिका के ई.ओ. स्वर्ण सिंह ने कहा कि नया साल वर्ष के पहले दिन को दर्शाता है, यह लोगों के जीवन में खुशियां लाता है, क्योंकि यह पिछले वर्ष को पीछे छोड़ते हुए एक नई शुरूआत का प्रतिनिधित्व करता है। श्रमिक संघ के अध्यक्ष पं0 वी.के. शुक्ला ने कहा कि ये कोई जरूरी नहीं है कि हम सिर्फ एक जनवरी को ही नए साल की खुशी मनाएं। हम पिछले साल से सीख लेते हुए और अपनी जिन्दगी में ऐसे काम करते हुए जिनसे हमें खुशी मिले अपना पूरा साल नए साल के रूप में मना सकते हैं। नए साल का पहला दिन ही नहीं बल्कि हर दिन हमारे लिए कुछ न कुछ नया लेकर आता है। प्रख्यात चिकित्सक डा0 संजय रस्तोगी ने कहा कि नये वर्ष पर बहुत से लोग अलग-अलग संकल्प भी लेते हैं, जैसे कई लोग अपनी किसी भी बुरी आदत को छोड़ने का संकल्प लेते हैं तो कई लोग अपना सपना पूरा करने का और कड़ी मेहनत करने का संकल्प लेते है, ऐसे और भी कई संकल्प होते हैं, जिन्हें लोग नये वर्ष में पूरा करने की या नए वर्ष से उसे शुरू करने की कोशिश करते हैं। लोगों का ऐसा भी मानना है कि वर्ष के पहले दिन कुछ अच्छा करने से पूरा साल अच्छा व्यतीत होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व प्रधान भोला चैधरी, आशीष सिंह, कमलेश चैधरी, रोहित चैधरी, भौमेश स्वर्णकार, धर्मेन्द्र सोनकर, प्रदीप सोनकर, वरूण त्रिवेदी, राजेश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# सरकार के नए नियम को लेकर रोडवेज बसों का चक्का जाम

## ड्राइवर बोले-नमक रोटी खा लेंगे नहीं लेके जाएंगे बस

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

परिवहन निगम में चालकों के लिए नया नियम आने के बाद नववर्ष के पहले दिन सभी चालक हड़ताल पर चले गए हैं। सारी बसें खड़ी हुई हैं और यात्री परेशान हैं। रोडवेज की बसों का इंतजार करती हुई सवारियां देखी जा रही हैं। चालकों के लिए नया नियम आने के बाद दुश्वारियों को झेलने को मजबूर यात्रियों ने कहा कि आज सुबह 4:00 बजे से रोडवेज बसों के चलने का इंतजार किया जा रहा है लेकिन ड्राइवरों के चक्का जाम किए जाने की वजह से हम सभी लोग यहां पर परेशान हैं। यहां पर न ही कोई अधिकारी और न ही कोई कर्मचारी आया हम लोगों की बातों को सुनने के लिए। सुल्तानपुर से लखनऊ, अयोध्या से प्रयागराज, वाराणसी जाने वाले मार्गों के लिए सुल्तानपुर डिपो की बसों का संचालन पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। यात्री अपना सामान लेकर इधर से उधर टहलते हुए नजर आ रहे। एआरएम सुल्तानपुर को जब फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो फोन पर घंटी जाने के बावजूद उनका फोन उठा नहीं।

बस ड्राइवर अरविंद कुमार दुबे ने कहा कि सरकार ने दस साल की सजा और पांच लाख रुपए जुर्माने का नियम ले आई है। कौन ड्राइवर इसे दे पाएगा। हम नोन रोटी खा लेंगे लेकिन बस नहीं चलाएंगे। ड्राइवर महिपाल यादव ने बताया कि कौन ड्राइवर है जो दस लाख रुपए रखा है जो एक्सीडेंट होने पर दे देगा।

दो पैसे से किसी तरह हम लोग अपनी जीविका चला रहे हैं इतना पैसा हमारे पास नहीं कि एक्सीडेंट होने पर हम अपनी जेब से भर दे देगें। वो इंशोरेंस कंपनी देखे जैसे पहले चल रहा था। वही बसों के चक्के थमने से ड्यूटी पर जाने वाले काफी परेशान रहे।

# बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में 32 खिलाड़ियों को मिली सफलता

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



अमीना बानो ताइक्वांडो एकेडमी पुलिस लाइन करौदिया में बीते दिनों बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा हुई। परीक्षा में एक खिलाड़ी को ब्लू वन टू रेड बेल्ट, आठ खिलाड़ियों को ग्रीन वन टू ब्लू बेल्ट, 11 खिलाड़ियों को येल्लो टू ग्रीन बेल्ट, 12 खिलाड़ियों को व्हाईट टू येलो बेल्ट प्रदान किया गया। उक्त परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में यलो, आरेंज एवं ग्रीन बेल्ट के परीक्षार्थियों को सम्मिलित किया गया। इसमे बेसिक टेस्ट पंच, ब्लाक, किक एवं ईप्ऑन टेक्निक काता बूंकाई स्किल टेस्ट एवं कराते से संबंधित विविध प्रकार का टेस्ट लिया गया। द्वितीय चरण में रेड बेल्ट एवं ब्लू बेल्ट के प्रशिक्षणार्थियों का टेस्ट लिया गया। इसमें बेसिक कांबिनेशंस सीक्वेंस फाइट टेक्नीक, ग्रुप फाइट टेक्निक, स्किल टेस्ट परीक्षा ली गई। साथ ही साथ खिलाड़ियों के स्टैमिना पावर स्पीड परफारमेंस का विभिन्ना चरणों में परीक्षा लिया गया। 'ब्लू वन रेड बेल्ट परीक्षा में सत्यांश आर श्रीवास्तव को सफलता मिली। ग्रीन वन टू ब्लू बेल्ट फर्स्ट परीक्षा में अलकाब खान, प्रियांशु तिवारी, साक्षी, शगुन सोनकर, प्रतेश यादव, नंदिनी सोनकर, दिनेश यादव, आदित्य सोनकर, सफल रहे। येल्लो टू ग्रीन बेल्ट परीक्षा में ओजस त्रिपाठी, वन्या श्रीवास्तव, आयात शाह, देवेंद्र यादव, अनंत वर्मा, यस वीणावनी, निधि यादव, आरव राज श्रीवास्तव, मेधा त्रिपाठी, एहम, अर्पिता शामिल किये गये। 'व्हाइट टू येलो बेल्ट परीक्षा में आन्या कुमार राय, मान्यता, अनुज शुक्ला, आनवी गुप्ता, प्रज्वल यादव, परिणीति पाठक, यथार्थ रातू बुब्ध, अनुकल्प सिंह यादव, सेजल, आँचल, रागनी, शाश्वत मौजूद रहे। 'बेल्ट सर्टिफिकेट और प्लेंट सन्तोष कुमार गुप्ता और राजेश उपाध्याय के हाथों से खिलाड़ियों को दिया गया अपने अपने बेल्ट पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिले।

## लाखों रुपए लेकर रफूचक्कर हुआ बिजली विभाग का बड़का बाबू

जन एक्सप्रेस/अमेठी। जनपद के औधोगिक क्षेत्र जगदीशपुर रोड नंबर चार स्थित अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग कार्यालय के बड़े बाबू द्वारा उपभोक्ताओं से विल जमा करने का पैसा लेकर रफ्फूचक्कर हो जाने का मामला प्रकाश में आया है।सूत्रों की माने तो बिजली का बिल जमा करने के लिए बड़े बाबू ने लाखों रुपए लोगों से ले लिया।और अपना ट्रांसफर अधिशासी अभियंता कार्यालय गौरीगंज करा लिया।अब पीड़ित बिजली उपभोक्ताओं ने जब शिकायत किया तो जगदीशपुर क्षेत्र के दलाल किस्म के लोगों द्वारा शिकायत वापस करने का अनुचित दबाव बनाया जा रहा है।इसी माह कुछ दिनों पहले पीड़ित उपभोक्ताओं ने मुख्यमन्त्री,उर्जा मंत्री,बिजली विभाग के एमडी,प्रबंधक, जिलाधिकारी अमेठी, अधिषाशी अभियन्ता जगदीशपुर को रजिस्टर्ड डाक से शिकायती पत्र भेजा था।किन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नही हुई।पीड़ित उपभोक्ताओं ने शासन प्रशासन से अपील की है,कि इसकी जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाय।

## हाईकोर्ट के अधिवक्ता शरद पाठक बने प्रबंधक

# महात्मा शिवकुमार इंटर कालेज में प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद के भेटुवा विकास खण्ड के धरईमाफ़ी स्थित महात्मा शिवकुमार इंटर कालेज में प्रबंध समिति का चुनाव रविवार को संपन्न हुआ।शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित इस विद्यालय के प्रबंध समिति के निर्वाचन में राजकीय हाईस्कूल अफ़ुइया अमेठी के प्रधानाचार्य अनिल राबिया पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।और पर्ववेक्षक की उपस्थिति में प्रबंध समिति का चुनाव समपन्न हुआ।समिति के कुल सत्तासी सदस्यों में से सत्तावन सदस्यों ने निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया।निर्वाचन में समस्त पंद्रह पदों के सभी उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए।तथा पिछली कार्यकरिणी के सभी पदाधिकारी पुनः बहाल हुए।प्रबंध समिति के कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद के लिए सुनील तिवारी,उपाध्यक्ष पद के लिए अरविन्द महेश्वरी प्रबंधक पद के लिए शरद पाठक,उपप्रबंधक पद के लिए डॉ.आशीष कुमार त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।पर्ववेक्षक ने सभी पदाधिकारियों के नामों की घोषणा करते हुए सभी को बधाई दिया।एवम विद्यालय के कुशल संचालन की शुभकामनाएँ दी।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नव निर्मित विज्ञान कक्ष का लोकार्पण इलाहाबाद हाईकोर्ट के लखनऊ खंडपीठ के अवध बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व् सर्विस मामलों के अधिवक्ता डॉ एलपी मिश्र द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि डॉ.एलपी मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की अलग जगाने के लिए विद्यालय के संस्थापक को साधुवाद है।उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त करें।और भविष्य में देश के जिम्मेदार नागरिक बनें।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश नाथ उपाध्याय,जय प्रकाश पाठक, डॉ प्रान्सुल पाठक,विद्यालय के सभी शिक्षक तथा समिति के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित



जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

उ.प्र. शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्टफोन वितरण योजना के अन्तर्गत स्नातक तृतीय वर्ष के 28 छात्र/छात्राओं को समारोहपूर्वक फोन वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने किया। महाविद्यालय के प्रबंधक वरिष्ठ अधिवक्ता पं. शारदाप्रसाद मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राध्यापकों डॉ. शशिधर मिश्र, दिनेश नारायण शुक्ल व सुधाकर मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता जितेन्द्र नाथ मिश्र, शैलेन्द्र नाथ मिश्र, सत्येन्द्र नाथ मिश्र ने छात्र/छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया। स्मार्टफोन पाकर छात्र/छात्रायें प्रमुदित दिखे।

# कारागार में महिला बंदियों को बांटे गए गर्म कपडें



जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

प्रताप सेवा समिति द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र ने जेल में निरुद्ध महिला बंदियों के बीच काम कर रही है जो सराहनीय है, संस्था और अच्छा काम करे यही कामना। उक्त विचार जिला कारागार अधीक्षक अनिल कुमार गौतम ने व्यक्त किया। 67महिलाओं को गर्म मोजे, कोल्ड क्रीम, खाद्य सामग्री जेलर राजकुमार सिंह एवम संस्था अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा के हाथो वितरण किया गया। जेलर ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अन्य संस्थाओ का भी आह्वान किया। 6 माह के बच्चे को सचिव विजय विद्रोही के हाथों गर्म कपड़े दिए गए। शिवमूर्ति पांडेय न्यायिक मजिस्ट्रेट एवम बाल कल्याण समिति ने कहा ऐसे कार्यक्रम में हमेशा मेरा सहयोग रहेगा।कार्यक्रम में जय प्रकाश श्रीवास्तव, मुकुल श्रीवास्तव,स्वेतम अग्रहरि, अरविंद ओझा,सरोज यादव, रोली सिंह आदि की सहभागिता रही।

## एसपी ने जनपद वासियों को दी नए वर्ष की शुभकामनाएँ



जन एक्सप्रेस। अमेठी

पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने नए वर्ष पर जनपद वासियों को शुभकामनाएँ दिया है।एसपी ने सभी से अपील किया है कि सभी लोग आपसी भाई-चारे के साथ विधि पूर्ण तरीके से कार्य व्यवहार करें और कानून का सम्मान करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनें।

# सफाईकर्मी बधाई के पात्र : शत्रोहन सोनकर

## बैंक आफ बड़ौदा के सहयोग से सफाईकर्मियों को वितरित किये गये पहचान-पत्र



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जनपद की अग्रणी बैंक, बैंक आफ बड़ौदा द्वारा नगर पालिका परिषद रायबरेली के सफाई कर्मचारियों एवं सफाई नायकों का पहचान पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने बैंक कर्मियों को साधुवाद देते हुए कहा कि सफाई कर्मचारी वह कर्मचारी होता है जो साफ-सफाई करता है, ठण्ड के इस मौसम में जब हम अपने घर में सोते रहते हैं तो यह सफाई कर्मचारी ही हैं जो हमे साफ-सुथरा माहौल प्रदान करते हैं। सफाई कर्मचारियों की वजह से ही हम धूल, मिट्टी से बच पाते हैं, फलस्वरूप गन्दगी से होने वाली बीमारियों से हमें निजात मिलती है। सफाईकर्मियों की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। शत्रोहन सोनकर ने कहा कि बैंक आफ बड़ौदा के कर्मचारियों को पालिकाकर्मी को सहयोग प्रदान करने हेतु बधाई ज्ञापित की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह, बैंक आफ बड़ौदा के प्रबन्धक अभिषेक सिंह, राहुल पटेल, मोहित आर्य सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान करना पुनीत कार्य : दिनेश प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



शिक्षा का माध्यम कौन सी भाषा होनी चाहिए, यह तय करने में कठिनाई के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में समस्याएँ होती हैं, ऐसी परिस्थिति में ए.सी.एस. ग्लोबल स्कूल ने अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करवाकर पुनीत कार्य किया है, इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है, उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने शहर से दूर ग्रामीण अंचल में संचालित हो रहे ए.सी.एस. ग्लोबल स्कूल में छात्र-छात्राओं को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम के दौरान कही। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि छात्रों को शिक्षित करने के लिए, शिक्षकों को उनकी पढ़ने, लिखने, सुनने और बोलने जैसी भाषा क्षमताओं को देखने में सक्षम होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षकों के सामने शिक्षक प्रशिक्षण, शिक्षण रणनीतियों, शिक्षण और सीखने की प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी के उपयोग के ज्ञान के संदर्भ में चुनौतियाँ हैं। ग्रामीण अंचलों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा देना पुनीत कार्य है। श्री सिंह ने उत्कृष्ट कार्यो हेतु स्कूल की शिक्षिकाएँ एवं कर्मचारियों संगीता, रागिनी, बबिता, सुधा, रूबी, अंजली, दीक्षा, दीपाली, शबनम, भुवन, लाला प्रसाद, मुरारी, मयंक, अंकित, कुमारा को अंगवस्त्र, मोमेन्टों देकर सम्मानित किया तथा स्कूल के छात्र आरव, प्रणव, तान्या-1, कुंजल, अहम-1, अंश, सांवी, तान्या-2, शिवांश-2, उत्कर्ष, प्रणिका को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड एवं सिल्वर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री दीक्षा सिंह ने किया आए हुए अतिथियों का स्वागत स्कूल की प्रधानाचार्या सुश्री ऋचा श्रीवास्तव तथा आभार ज्ञापन अंतरा, वेह, रूही, आंचल, सीमा आदि के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेन्द्र प्रसाद त्रिवेदी 'बच्चू', आर.सी. श्रीवास्तव, आशू श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, बिन्दू द्विवेदी, शिवेन्द्र श्रीवास्तव, गौरव सिंह, सत्यम श्रीवास्तव, मुकुल श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## डील होने के बाद पीआरवी ने ट्रैक्टर पर लदी सागौन की लकड़ी को छोड़ा

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। डायल 112 पुलिस पर पैसे लेकर हरी लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़ने का आरोप है। ठेकेदार द्वारा पासिंग नहीं देने पर पुलिस ने ट्रॉली रोका था, लेकिन सुविधा शुल्क देते ही छोड़ दिया। एक वीडियो वायरल हुआ है जिसे लेनदेन के दौरान का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पूरा मामला कुड़वार थानाक्षेत्र के कस्बे का है। जहां बीती रात एक वीडियो सामने आया है। कस्बे में देशी शराब के ठेके के पास पीआरवी की 2820 नंबर की टीम ने ट्रैक्टर ट्रॉली को रोका। इस पर सागौन की लगभग 40 हजार रुपए कीमत की लकड़ी लदी हुई थी। बताया जा रहा है कि ये लकड़ियां थानाक्षेत्र के हल्का नंबर चार से काटी गई थी और बंधुआकला थाना क्षेत्र के इस्लामगंज में आरा मशीन पर जा रही थी। पीआरवी टीम को पासिंग शुल्क नहीं मिला तो ट्रैक्टर ट्रॉली रोकी गई। लेकिन जैसे ही गाड़ी की आड़ में डील हो गई वैसे ही ट्रॉली रातो रात छोड़ दी गई।

# एनटीपीसी में बालिकाओं के लिए शीतकालीन कार्यशाला का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। ऊंचाहार, रायबरेली



एनटीपीसी में बालिका सशक्तिकरण अभियान को धार देने के उद्देश्य से आसपास के गांवों की बालिकाओं के ज्ञान और रुझान को नई उड़ान देने के लिए 1 जनवरी से 6 जनवरी तक शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा व प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्ष तरुणा छाबड़ा ने शीतकालीन कार्यशाला का उद्घाटन किया। बालिकाओं को संबोधित करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि भारत में महिलाओं का शुरू से ही सभी क्षेत्रों में अपना विशेष प्रभाव व पहचान रही है। आज भी महिलाएं सभी क्षेत्रों में अपना परचम फहरा रही हैं। एनटीपीसी महिलाओं को आगे बढ़ाने में तथा उनको प्रोत्साहित करने में अपना सामाजिक दायित्व निभाती रही हैं। बालिका सशक्तिकरण अभियान उसी दायित्व बोध के तहत आयोजित होने वाला कार्यक्रम है। श्रीमती छाबड़ा ने विश्वास व्यक्त किया कि एनटीपीसी के आंगन से प्रशिक्षित होकर यह बालिकाएं ना केवल स्वयं को सशक्त करेंगी बल्कि भारत को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभाएंगी। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के तहत बालिका सशक्तिकरण अभियान को प्रमुखता दे रही है। इसी के तहत लगभग 114 बालिकाओं को चयनित करके उनके भविष्य को तराशने का कार्य एनटीपीसी ने किया था। उन्हीं बालिकाओं के लिए शीतकालीन कार्यशाला का आयोजन करके उनको नए सिरे से प्रोत्साहित करने तथा उनकी उद्यमिता कौशल को निखारने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रबंधक (नैगम सामाजिक दायित्व) स्नेहा त्रिपाठी ने बताया कि शीतकालीन कार्यशाला में उन्हीं बालिकाओं का चयन किया गया है जो बालिका सशक्तिकरण अभियान के पहले चरण में प्रशिक्षण ले चुकी हैं। उन्हीं श्नन्हीं पहचान को आसमान छूने की प्रेरणा देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए नई फैकल्टी के द्वारा ज्ञानार्जन किया जाएगा।

## अब वाहन चालकों के लिए सरकार लाई काला कानून- वरुण मिश्र

जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर। देश के किसानों के बाद अब अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर सरकार की नजर है वो ट्रांसपोर्ट को भी नहीं छोड़ना चाहती यही कारण है कि सरकार हिट एंड रन के मामलों से जुड़े कानून में अव्यावहारिक परिवर्तन ले कर आई है। सरकार अपनी तानाशाही से इस कानून को वाहन चालकों पर थोपना चाहती है यह बातें युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व नगर पालिका अध्यक्ष के पूर्व प्रत्याशी वरुण मिश्र ने कहीं प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि विपक्ष मुक्त संसद में ऐसे ही काले कानून पास करने थे इसीलिए विपक्ष के सांसदों को सस्पेंड करवाया गया उन्होंने बताया कि नए कानून के तहत यदि किसी व्यक्ति से एक्सीडेंट होता है तो उसे 10 साल तक की सजा एवम 7 लाख रुपए बतौर जुर्माना भरना होगा और यदि व्यक्ति घटनास्थल पर रुक कर घायल को अस्पताल पहुंचाता है तो उसे कम सजा मिलेगी परंतु घटनास्थल पर जमा होने वाली भीड़ और उससे उत्पन्न होने वाले ड्राइवर के जीवन संकट पर उन्होंने कोई कानून क्यों नहीं बनाया? उन्होंने कहा कि किसानों के लिए बनाए जाने वाले कानून को जैसे हड़बड़ी में लागू किया था।

# नए कानून के खिलाफ रोडवेज का चक्का जाम, सड़क पर उतरे चालक, टैक्सी चालकों ने भी दिया साथ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




नए सड़क दुर्घटना कानून के विरोध में नए साल के पहले दिन रोडवेज की अनुबंधित और निजी वाहनों के चालक हड़ताल पर चले गए हैं। इससे यूपी में सभी बसें खड़ी हो गई हैं। सुबह से ही रोडवेज परिसर में बसों का संचालन नहीं होने से यात्रियों की भीड़ लग गई। विभिन्न रूट पर बसों को लेकर निकलने में दोपहर 12 बजे तक बसों का संचालन नहीं हो सका। बसों का संचालन नहीं होने से बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए यात्रियों को गंतव्य तक जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद कुछ रूटों पर एआरएम ने अनुबंधित बसों का संचालन करवाया। नए कानून के विरोध में सोमवार को रोडवेज की अनुबंधित और निजी बसों के चालकों के साथ ट्रक चालकों ने भी हड़ताल की। चालकों ने विरोध प्रदर्शन कर नए कानून का विरोध किया। नए कानून में सड़क हादसा होने पर आरोपी वाहन चालक को 10 साल की सजा और पांच लाख रुपये का जुर्माने का प्राविधान है। चालक नए कानून का लगातार विरोध कर रहे हैं। चालकों ने कहा कि वह रोजाना करीब 400 रुपये कमाते हैं। यदि हादसे में इस तरह से जुर्माना और सजा होगी तो परिवार भुखमरी के कगार पर आ जाएगा। जुर्माने की राशि कहां से देंगे। इसलिए ऐसा कानून न लाया जाए। सरकार ने जो कानून बनाया है, उनमें दुर्घटना होने पर 10 साल की सजा और पांच लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। पांच लाख रुपये हम कहां से देंगे। सरकार इस कानून को वापस ले। जब तक सरकार कानून वापस नहीं लेगी। तब तक हम हड़ताल पर रहेंगे। सोमवार सुबह अपने गंतव्य को जाने के लिए बस अड्डे पहुंचे यात्रियों को परेशान होना पड़ा।

### गैर जनपदों को जाने वाले यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

अयोध्या, बलिया, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अमेठी, रायबरेली व आसपास के जिलों को जाने वाले यात्रियों को खासतौर पर परेशानी का सामना करना पड़ा। रोडवेज की बसें नहीं मिलने पर प्राइवेट सवारी वाहन की तलाश में लोग गोलाघाट और अन्य स्थानो पर पहुंचे तो वहां भी उन्हें कोई सवारी वाहन नहीं मिला।

# मायावती ने नए साल की बधाई के साथ भाजपा-कांग्रेस पर बोला हमला

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि लोगों की जेब में खर्च के लिए पैसे न हों, तो देश के विकास का ढिंढोरा किस काम का है? बेरोजगारों की फौज के साथ विकसित भारत कैसे संभव है? केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकारें, दोनों महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ापन जैसी बुनियादी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही हैं। लोगों का ध्यान बांटने के लिए गारंटी वितरण में ही लगी हैं, जो समाधान कम और छलावा ज्यादा है। बसपा सुप्रीमो ने सोमवार को देश और प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ अपने संदेश में कहा कि इज्जत की रोजी-रोटी के लिए सरकार को केवल रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करनी होगी। सरकार केवल संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ की राजनीति कर रही हैं, जिससे मुक्ति पाये बिना वास्तविक देशहित कैसे संभव है? उन्होंने कहा कि देश की जनता को इस चुनावी साल में इसके प्रति जरूर गंभीर होना चाहिये, वरना भाजपा की संघ तुष्टीकरण की नीतियों तथा इनका संकीर्ण राष्ट्रवाद देश के बहुजनों के आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बना देगा। साथ ही, जातीय जनगणना आदि के भूल सुधार के प्रयास का विरोध करके इनकी तरक्की नहीं होने देगा। पहले कांग्रेस और अब भाजपा की जातिवादी, अहंकारी व गैर-समावेशी सरकार के दुष्प्रभाव से गरीबों का विकास लगातार बाधित है। इसीलिए अब बसपा की सर्वजन हितैषी सरकार जरूरी है।

### बसपा से बेहतर कानून-व्यवस्था नहीं

उन्होंने कहा कि यूपी में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था तथा जनकल्याण एवं विकास के मामलों में बसपा सरकार से बेहतर क्या किसी सरकार का रिकार्ड रहा है? यह ऐसा कार्य है जो सर्वसमाज के लोगों ने देखा और महसूस किया। वहीं दूसरी पार्टियों की सरकारों के दावे हवा-हवाई ज्यादा हैं।

1. देश व दुनिया भर में रहने वाले भारतीय भाई-बहनों एवं उनके परिवार को नववर्ष सन् 2024 की दिली मुबारकबाद। यह साल आप सब के लिए आत्म-सम्मान के साथ सुख, शान्ति, सुरक्षा व सफलता लेकर आए इसकी शुभकामनाएं, ताकि आर्थिक असमानता व अन्य गैर-बराबरी आदि से मुक्त लोगों का जीवन ख़ुश-ख़ुशहाल बने।

# एसजीपीजीआई में बनेगा रोबोटिक सर्जरी केंद्र संस्थान में जल्द खरीदा जाएगा दूसरा रोबोट



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में सरकारी क्षेत्र के अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत करने वाले संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में जल्द ही रोबोटिक सर्जरी केंद्र बनने जा रहा है। इस समय पांच विभागों में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा मिल रही है। एसजीपीजीआई में वर्ष 2019 से यूरोलॉजी, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और कार्डियोवास्कुलर और थोरैसिक सर्जरी विभाग में रोबोटिक सर्जरी हो रही है। इस समय यहां पर करीब चार सौ रोबोटिक सर्जरी हर साल हो रही हैं। इसे बढ़ावा देने के लिए संस्थान रोबोटिक सिस्टम के साथ समर्पित तीन मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के साथ अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी केंद्र बनाने जा रहा है। संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी में जटिल ऑपरेशन ज्यादा सटीक, सुरक्षित ओर बेहतर तरीके से किए जा सकते हैं। इससे मरीज को कम समय के लिए अस्पताल में भर्ती रहना पड़ता है।

### कैंसर पर सटीक वार के लिए गामा नाइफ

प्रो. धीमन ने बतायि कि संस्थान में जल्द ही गामा नाइफ की सुविधा भी मिलेगी। गामा नाइफ रेडियोसर्जरी एक प्रकार की रेडियेशन थेरेपी है, जो अत्यधिक सटीकता के साथ ट्यूमर पर वार करती है। इससे अन्य अंगों पर रेडिएशन का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।

### तीन विभाग में बढ़ेंगे बेड

संस्थान के तीन विभागों में बेड की संख्या बढ़ाई जा रही है। इनमें क्रिटिकल केयर मेडिसिन में बेड की संख्या 20 से बढ़ाकर 40, सर्जिकल एंडोक्रिनोलॉजी विभाग में बेड की संख्या 30 से बढ़ाकर 60 और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में यह संख्या 60 से बढ़ाकर 90 बिस्तर की जा रही है।

# स्कूली वैन में सीसीटीवी कैमरे लगाना हुआ अनिवार्य

## स्कूल प्रबंधन के साथ वाहन मालिकों की होगी जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



आपका बच्चा जिस स्कूली वैन से स्कूल जा रहा है उसमें वह क्या कर रहा है इसे अब देखा जा सकेगा। यूपी में संचालित होने वाले स्कूलों में लगी वैन में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य हो गया है। इसके लिए तीन महीने की समय सीमा निर्धारित की गयी है। इसके बाद ऐसी कोई वैन स्कूल के साथ जुड़ी नहीं रह पाएगी जिसमें सीसीटीवी कैमरे ना लगे हों। बच्चों की सुरक्षा के लिए अब हर स्कूली वैन में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य होंगे। इन्हें लगवाने के लिए वाहन मालिकों व स्कूल संचालकों को तीन महीने का समय दिया गया है। नियम के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई होगी। परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने इस बाबत आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जितनी भी स्कूली वैन हैं, उन्हें यह आदेश मानना होगा। स्कूलों की अपनी वैन के साथ बच्चों को लाने के लिए अनुबंध पर तय वाहनों में भी कैमरे लगवाने होंगे। इसके लिए स्कूल प्रबंधन के साथ वाहन मालिकों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। छात्रों की सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# कोहरे और गलन से हुई नए साल की शुरूआत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में सर्दी का सितम जारी है। नए साल के पहले दिन सोमवार को भी सूरज के दर्शन नहीं हुए। कुछ जिलों में हल्की धूप कुछ मिनटों के लिए दिखी लेकिन वह सर्दी कम करने में नाकाफी थी। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मौसम ऐसा ही रहने की चेतावनी जारी की है। घना कोहरे, गलन के साथ नए साल की नई सुबह की शुरुआत हुई। फिलहाल मौसम ऐसा ही रहेगा। अगले दो-तीन दिन के भीतर विंध्य व बुंदेलखंड में बूंदाबांदी के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, दिन बीतने के साथ कहीं-कहीं मौसम खुलेगा तो अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी संभव है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र पर कोहरे का घनत्व वाराणसी और प्रयागराज में सर्वाधिक रहा, यहां दृश्यता शून्य रही। लखनऊ में 500 मीटर तक बढ़ गई थी दृश्यता, इसलिए यहां कुछ राहत रही। फुर्सतगंज में 50, झांसी में 80 मीटर, हमीरपुर व नजीबाबाद में 100 मीटर और बांदा में 150 मीटर दृश्यता रही।

## ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं को दिया नये साल का बड़ा उपहार

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने उपभोक्ताओं के हितों, जन-भावनाओं तथा किसानों के सीजन और जन-प्रतिनिधियों के सुझावों के दृष्टिगत एकमुश्त समाधान योजना की अवधि को 16 जनवरी तक बढ़ा दी है। अब उपभोक्ता 16 जनवरी तक ओटीएस के तहत छूट का लाभ ले सकेंगे। ऊर्जा मंत्री ने ओटीएस की अवधि को 16 दिन और बढ़ाकर उपभोक्ताओं को नये साल का बड़ा उपहार दिया है तथा अन्तिम अवसर के रूप में उपभोक्ताओं को एक और मौका भी दिया है। जिन उपभोक्ताओं ने अपनी कुछ परेशानियों व समस्याओं के कारण योजना का लाभ अभी तक नहीं ले पाये थे।

# 323 नये अस्थायी गोआश्रय स्थलों का किया गया निर्माण: धर्मपाल सिंह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु संचालित विशेष अभियान की अवधि 16 जनवरी तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अभी भी लगभग 45 हजार गोवंश निराश्रित एवं बेसहारा विचरण कर रहे हैं, इसलिए इन गोवंशों का शत-प्रतिशत संरक्षण किया जाए। 60 दिवसीय विशेष अभियान 01 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक चलाकर 184060 गोवंश संरक्षित किया गया। अभियान के दौरान 323 नये अस्थायी गो आश्रय स्थल तथा 536 गो आश्रय स्थलों में शेड विस्तारीकरण किया गया। बेसहारा गोवंशों को पकड़ने हेतु अभियान में 1574 विशेष दस्तों का गठन कर 687 कैटल कैचर की सहायता ली जा रही है।पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि गोवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता में है और निराश्रित गोवंशों के कारण फसलो के नुकसान तथा मार्ग दुर्घटनाओं की समस्या से निजात दिलाने हेतु सरकार कृत संकल्प है, इस क्रम में वर्तमान में 6168 अस्थायी गो आश्रय स्थल, 298 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों, 253 कान्हा गो आश्रय तथा 314 कांजी हाऊस का निर्माण कर कुल 1402491 गोवंशों को संरक्षित किया जा चुका है। पशुपालकों द्वारा नर गोवंशों का कृषि कार्य में उपयोग न होने तथा दूध न देने वाली व गर्भधारण न करने वाले गोवंशों को बेसहारा छोड़ देने के कारण अभी भी बेसहारा गोवंश सड़को तथा खेतो में यत्र तत्र दिखाई दे रहे है। शेष निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने के लिए अभियान अवधि बढ़ाई जा रही है।

# पासी सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

* महाराजा लाखन पासी के जन्म उत्सव पर हुआ पासी सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





पासी समाज के नेताओं ने राजधानी लखनऊ में पासी सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन किया। महाराजा बिजली पासी किला आशियाना में संरक्षक इतिहासकार राजकुमार, आयोजक महाराजा लाखन पासी स्वाभिमान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहनलाल पासी के नेतृत्व में महाराजा लाखन पासी के जन्म उत्सव पर पासी सम्मेलन व सामूहिक विवाह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, इस दौरान कार्यक्रम में अपार भीड़ देखने को मिली ज्यादातर लोगों को बैठने की नहीं मिल पाई जगह फिर भी किले पर हो रहें कार्यक्रम में सामिल होने का लगा रहा तांता, कार्यक्रम आयोजक डॉ मोहनलाल पासी ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सभी जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमें आज अपने समाज के हर व्यक्ति को एक साथ लेकर एक होना है और हमारा समाज तभी एक होगा जब हमारे पूर्वजों का इतिहास हमारे समाज के सभी लोग पढ़ें और अपने बच्चों को भी पढ़ायेंगे, क्योंकि लखनऊ हमारे पूर्वज महाराजा लाखन पासी का बसाया हुआ है, इस दौरान कार्यक्रम में महाराजा लाखन पासी स्वाभिमान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र लाल उर्फ मिठाई लाल संगठन के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र में अपने समाज के हर व्यक्ति को अपने साथ लाकर, उन्हें अपने समाज के बारे में बताएं तभी हम अपने मिशन में कामयाब होंगे। वहीं डॉ मोहनलाल पासी ने बताया कि यह कार्यक्रम नहीं क्रान्ति है उन लोगों के खिलाफ जो साजिशन लखनऊ का नाम बदलकर लखनपुरी रखना चाहते हैं वह हमारे पासी राजाओं द्वारा बसायें गए लखनऊ शहर का इतिहास मिटाना चाहते हैं, उनके लिए यह चेतावनी है कि जिस तरह से आज हम इस किले पर एकत्रित होकर एक हुए हैं, अगर वो अभी भी नहीं समझते तो विरोध में प्रदेश व देश के पासी समाज के लोग एकत्र होकर अपने समाज का इतिहास बचाने की लड़ाई लड़ेगे। कार्यक्रम में डॉ श्रीमती कमला रावत, श्रीमती सुदामा रावत, रंजन रावत, लालता उर्फ पप्पू रावत, पूर्व ग्राम प्रधान देशराज रावत, एडवोकेट अंकित रावत, सुनीत रावत, विष्णु रावत, दिलीप रावत, धर्मेंद्र रावत, देवा रावत, रमेश रावत, प्रधान श्री किशन रावत, राजू रावत, आदि पदाधिकारी का कार्यकर्ता मौजूद रहें।

**रिपोर्ट** 22 जनवरी को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरा होगा

# रामलला विराजेंगे, खुशी में भक्त झूमेंगे, ढोल मजीरे बाजेंगे

## मकर संक्रान्ति से प्रदेश में जन-जन को जोड़ने के लिए प्रदेश के सभी आध्यात्मिक स्थलों और मंदिरों में भजन-कीर्तन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा कराया जाएगा

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

* इस दिन का इंतजार सनातन धर्म को मानने वाले पिछले 500 वर्षों से कर रहे थे
* इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देश के अलग-अलग हिस्सों से साधु-संतों को अयोध्या बुलाया जा रहा है



**लखनऊ।** नया साल शुरू हो गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला राम मंदिर में विराजमान होंगे। इस शुभ अवसर पर मकर संक्रान्ति से प्रदेश में जन-जन को जोड़ने के लिए प्रदेश के सभी आध्यात्मिक स्थलों और मंदिरों में भजन-कीर्तन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा कराया जाएगा।

करोड़ों की लागत से बनने वाले नए राम मंदिर के गर्भ गृह का निर्माण अब अपने अंतिम चरण में है। जिसका इंतजार सनातन धर्म को मानने वाले पिछले 500 वर्षों से कर रहे थे। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों मंदिर में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरा होगा। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देश के अलग-अलग हिस्सों से साधु-संतों को अयोध्या बुलाया जा रहा है।

### जनप्रतिनिधि कराएंगे धार्मिक आयोजन

पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सभी सांसदों, विधायकों, नगर पालिका अध्यक्ष, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्षों और अन्य जन-प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों का चयन करते हुए भजन-कीर्तन कार्यक्रम में अपनी-अपनी जनसहभागिता करने का भी अनुरोध किया है।

### जन मानस को इस अभियान से जोड़ना है लक्ष्य

बाल्मीकि रामायण में उल्लिखित श्रीराम जी के सामाजिक मूल्यों, आदर्शों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जन मानस को इस अभियान से जोड़ना लक्ष्य है। इस अवसर पर मंदिरों में दीप प्रज्वलन के साथ-साथ रामकथा प्रवचन, रामायण पाठ और सुन्दरकाण्ड के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। साथ ही स्थानीय भजन-कीर्तन मण्डलियों द्वारा विभिन्न नगरों में राम मंदिर प्रतीक रथ और कलश यात्राओं का भी आयोजन किया जाएगा।

# डाकघरों से ई-स्टाम्प बिक्री का स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री ने किया शुभारम्भ

* डाकघरों से ई-स्टाम्प सेवा ई-गवर्नेंस और डिजिटल इंडिया की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: रवीन्द्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में डाकघरों से भी अब ई-स्टाम्प प्राप्त किये जा सकेंगे। डाक विभाग और स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत इसे पायलट प्रोजेक्ट रूप में आरम्भ किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल ने ई-स्टाम्प सेवा का नव वर्ष के प्रथम दिन 1 जनवरी को शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं वाराणसी कचहरी उपडाकघर में ई-स्टाम्प डाकघर काउंटर से ख़रीदा एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने उन्हें उक्त ई-स्टाम्प भेंट किया। इसके साथ ही लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर सहित उत्तर प्रदेश के 11 जिलों के चिन्हित डाकघरों में ई-स्टाम्प की बिक्री आरम्भ हो गई। लखनऊ जीपीओ में उ.प्र. के चीफ पोस्टमास्टर जनरल बी. सेल्वकुमार और प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन लीना जौहरी ने ई-स्टाम्प का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि डाक विभाग का नेटवर्क बेहद विस्तृत है और यह एक लंबे समय से तमाम नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान कर रहा है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# कांग्रेस किस मुंह से निकालेगी न्याय यात्रा?

**देश के संत गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्र सरकार से कानून बनाने की मांग कर रहे थे। इंदिरा गांधी से अपनी मांग मनवाने के लिए प्रसिद्ध संत करपात्री महाराज के नेतृत्व में सात नवंबर 1966 को देशभर के लाखों साधु-संत अपने साथ गायों-बछड़ों को लेकर संसद के बाहर आ डटे थे। सरकार ने लोकतांत्रिक तरीके से मांग कर रहे निहत्थे साधु-संतों की भीड़ पर गोली चलवाई, आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठियां बरसवाईं। जिसमे सैकड़ों साधु-संतों और गोरक्षकों की जान गई। इसमें मरने वालों की संख्या पर विवाद है।**

*कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से भारत न्याय यात्रा करने का ऐलान किया है। पार्टी के अनुसार, भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने के बाद गांधी देश के लोगों के लिए न्याय मांगेंगे। राहुल गांधी 6200 किलोमीटर की यात्रा के दौरान 14 राज्यों को कवर करेंगे। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जिस कांग्रेस ने देश की बंटवारे के फैसले से लेकर लंबे कालखंड तक तमाम अवसरों पर अन्याय किया है, वो आखिरकार किस मुंह से न्याय यात्रा निकालेगी? 1947 में देश के बंटवारे को लेकर कितने किस्से हम और आप ने सुन रखे हैं, लेकिन जिन्होंने बंटवारे में अपना घर-बाहर और अपने को खोया है, वो सिर्फ एक ही बात कहते हैं कि नेहरू की प्रधानमंत्री बनने की जिद ने बंटवारा करवाया। मेरे पूर्वजों ने भी बंटवारे का दंश सहा है। हिन्दुस्तान की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने बंटवारे की पीड़ितों के साथ हर कदम पर अन्याय किया। रिफ्यूजी कैंपों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं थी। बंटवारे के बाद कई महीनों और वर्षों तक शरणार्थियों के निवास प्रमाण पत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज नहीं बने। शरणार्थियों को कोई विशेष दर्जा, आरक्षण या छूट सरकार ने नहीं दी। नतीजतन, शरणार्थियों की पूरी एक पीढ़ी शिक्षा, नौकरी और तमाम अन्य क्षेत्रों में पिछड़ गई। शरणार्थियों को बंटवारे से ज्यादा दर्द और तकलीफ नेहरू सरकार की बेरुखी, बेइंसाफी और बदइंतजामी ने दी। 31 अक्टूबर, 1984 को प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उनके दो सिख अंगरक्षकों ने की। इसके अगले दिन से ही दिल्ली और देश के दूसरे कुछ हिस्सों में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे। इन दंगों में सिखों के घरों, दुकानों को जलाया और लूटा गया और उनको मौत के घाट उतारा गया। दिल्ली और अन्य स्थानों पर हत्यारों और लुटेरों की भीड़ का नेतृत्व ज्यादातर कांग्रेस के नेता कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार इन दंगों में दिल्ली में ही लगभग 2700 लोग मारे गए थे और देशभर में मरने वालों का संख्या 3,500 के करीब थी। 19 नवंबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और इंदिरा गांधी के उत्तराधिकारी उनके पुत्र राजीव गांधी ने दिल्ली बोट क्लब में इकट्ठा हुए लोगों के हुजूम के सामने कहा कि, 'जब इंदिरा जी की हत्या हुई थी, तो हमारे देश में कुछ दंगे-फसाद हुए थे. हमें मालूम है कि भारत की जनता को कितना क्रोध आया, कितना गुस्सा आया और कुछ दिन के लिए लोगों को लगा कि भारत हिल रहा है. जब भी कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती थोड़ी हिलती हैं।' प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शब्दों में कोई जिक्र नहीं था उन हजारों सिखों का जो अनाथ और बेघर हो गए थे बल्कि ये वक्तव्य उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा था। दंगों के 21 साल बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने संसद में इसके लिए माफी मांगी और कहा कि जो कुछ भी हुआ, उससे उनका सिर शर्म से झुक जाता है। लेकिन क्या इतना कहने भर से ही सरकार का फर्ज पूरा हो गया? क्या इससे आजाद भारत के सबसे सबसे बुरे हत्याकांड की यादें मिट गईं? सिख दंगों के दोषी कांग्रेसी नेता गांधी परिवार के खास हैं। गांधी परिवार के किसी भी सदस्य ने आज तक हजारों निर्दोष सिखों के कत्लेआम के लिए माफी नहीं मांगी है। साल 1984 में दो दिसंबर की रात को भोपाल में यूनियन कार्बाइड फैक्टरी से जहरीली गैस के रिसाव के असर से सरकारी आकड़ों के हिसाब से 15 हजार लोग मारे गए और लाखों लोग घायल हुए। मध्य प्रदेश में उस समय कांग्रेस की सरकार थी। और अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री थे। केंद्र में भी कांग्रेस की सरकार थी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नए कानून के तहत अगर कोई ड्राइवर रोड पर एक्सीडेंट करके भाग जाता है और घायल को सड़क पर ही छोड़ देता है तो उसे 10 साल की सजा होगी। वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम कर दी जाएगी। इसके साथ ही कानून में ये भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है तो उनको भी सजा हो। तब वाहन चालक इसकी गारंटी लेगा और केस में पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचाएगा। हिट-एंड-रन मामला भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक आम मामला बन गया है। सरल शब्दों में, हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं को एक ऐसे मामले के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी चलाते समय दूसरे वाहन को टक्कर मारता है और मौके से भाग जाता है। अपने वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करना ड्राइवर की आपराधिक और नागरिक जिम्मेदारी है। जैसे-जैसे भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाए गए कानूनों की व्याख्या करता है।**


# भारतीय सड़कों पर जिम्मेदारी की भावना लाएगा हिट एंड रन बिल?



डॉ. सत्यवान सौरभ

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनमें लगभग 1.15 लाख लोग मारे जाते हैं। जहां तक सड़क सुरक्षा का सवाल है, अनुशासन अनिवार्य है। अगर इसे सही भावना से लागू किया जाए।**

हिट एंड रन मामले वे होते हैं जहां सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहन का चालक घटनास्थल से भाग जाता है। भारतीय न्याय संहिता में लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण हुई मौत के लिए जेल की सजा को बढ़ाकर सात साल तक की जेल और जुर्माना करने का भी प्रस्ताव किया गया है, जो गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आता है। आईपीसी की धारा 304ए के तहत मौजूदा प्रावधान, जो दो साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों का प्रावधान करता है। ये प्रस्तावित प्रावधान गलती करने वाले ड्राइवरों के लिए निवारक साबित होने की संभावना है, जो अक्सर जुर्माना देकर बच जाते हैं या कम जेल की सजा काटते हैं। वर्तमान में, हिट एंड रन मामलों में आरोपियों पर उनकी पहचान के बाद धारा 304ए के तहत मुकदमा चलाया जाता है और इसलिए वे ज्यादातर मामलों में मामूली सजा के साथ भी बच जाते हैं। धारा 104 (2) के तहत नए प्रावधान कोई लापरवाही से या गैर इरादतन हत्या की श्रेणी में आने वाले किसी भी व्यक्ति की मौत का कारण बनता है और घटना स्थल से भाग जाता है या घटना की रिपोर्ट करने में विफल रहता है। घटना के तुरंत बाद पुलिस अधिकारी या मजिस्ट्रेट को 10 साल तक की कैद की सजा दी जाएगी और इसके लिए उत्तरदायी भी होगा। हिट-एंड-रन मामला भारत में सड़क दुर्घटनाओं का एक आम मामला बन गया है। सरल शब्दों में, हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं को एक ऐसे मामले के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जहां एक व्यक्ति गाड़ी चलाते समय दूसरे वाहन को टक्कर मारता है और मौके से भाग जाता है। अपने वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना की रिपोर्ट करना ड्राइवर की आपराधिक और नागरिक जिम्मेदारी है। जैसे-जैसे भारत में हिट-एंड-रन के मामले बढ़ रहे हैं, मोटर वाहन अधिनियम को समझना आवश्यक है, जो हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति पर लगाए गए कानूनों की व्याख्या करता है। सड़क दुर्घटना के आंकड़े बताते हैं कि कैसे सड़कें हर किसी के लिए असुरक्षित जगह बन



**यह बिल के पारित होने के बाद एक कुशल, सुरक्षित और भ्रष्टाचार मुक्त परिवहन प्रणाली प्रदान करेगा। यदि इसके साथ ही कानून में ये भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है तो उनको भी सजा हो। तब वाहन चालक इसकी गारंटी लेगा और केस में पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचाएगा।**

गई हैं। भारत में सभी सड़क दुर्घटनाओं में से 30 प्रतिशत से अधिक हिट-एंड-रन के मामले हैं, लेकिन हिट-एंड-रन दुर्घटना के केवल 10 प्रतिशत ड्राइवरों पर ही मामला दर्ज किया जाता है। दूसरे व्यक्ति की सुरक्षा के प्रति चिंता की कमी, लापरवाही से गाड़ी चलाना आम हैं। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में ऐसा कानून शामिल है जो हिट-एंड-रन दुर्घटना में शामिल व्यक्ति को कड़ी सजा देता है। हिट-एंड-रन की घटनाओं के पीड़ितों पर आईपीसी की धारा 279, 304ए और 338 लगाई जाती हैं। लापरवाही से गाड़ी चलाने और हिट एंड रन के मामलों में सरकारी आंकड़ों के अनुसार, चार वर्षों में भारतीय सड़कों पर हिट एंड रन के मामलों में कुल एक लाख से अधिक लोग मारे गए। आमतौर पर वर्तमान में पुलिस जांच अधिकारी आईपीसी से संबंधित धाराओं में प्रशिक्षित होते हैं और मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के बारे में शायद ही जानते हों। इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि पुलिस अधिकारी एमवी अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसके प्रावधानों को भी समझें।÷ प्रस्तावित विधेयक में तेज गति से या लापरवाही से गाड़ी चलाने से मानव जीवन को खतरे में डालने या किसी अन्य व्यक्ति को चोट या चोट पहुंचाने की संभावना के लिए आईपीसी के समान प्रावधान को बरकरार रखा गया है। ऐसे अपराध के लिए छह महीने तक की जेल या 1,000 रुपये तक जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। यह सर्वविदित है कि भारत दुनिया के सबसे अधिक दुर्घटना-प्रवण देशों में से एक है, जहां लगभग 1,50,000 मौतें होती हैं, जो दुनिया भर में मोटर वाहनों से संबंधित सभी मौतों का 10त्न है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं भारत में होती हैं। यहां तक कि सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन भी इस मामले में हमसे पीछे है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार; भारत में हर साल लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनमें लगभग 1.15 लाख लोग मारे जाते हैं। जहां तक सड़क सुरक्षा का सवाल है, अनुशासन अनिवार्य है। अगर इसे सही भावना से लागू किया जाए, तो कानून न केवल कठोर दंड लगाकर सभी की सड़क आदतों को बदल सकता है, बल्कि नागरिकों में जिम्मेदारी की भावना पैदा करने का भी प्रयास कर सकता है। यह बिल के पारित होने के बाद एक कुशल, सुरक्षित और भ्रष्टाचार मुक्त परिवहन प्रणाली प्रदान करेगा। यदि इसके साथ ही कानून में ये भी हो अगर आम पब्लिक एक्सीडेंट के दौरान वाहन चालक के साथ मारपीट करती है तो उनको भी सजा हो। तब वाहन चालक इसकी गारंटी लेगा और केस में पीड़ित को अस्पताल तक पहुंचाएगा।

### एक्सप्रेस कविता

*वह दूसरों की खुशहाली से परेशान है,*
*दुनिया की चमक धमक से हैरान है*
*खुद ने कभी ईमान का पसीना बहाया नहीं,*
*बिना श्रम के भला कोई बना धन वान है*
*धन की लिप्सा चाहत किसे नहीं होती*
*बनना पहले हमें, अच्छा इंसान है*

*जग की रीत जिसने खोया उसी ने पाया है,*
*यहीं धरती पर ही दीन और ईमान है*
*दूसरों की शान शौकत देख यह न सोचो,*
*उसका भाग्य सदैव कितना बलवान है*
*जो जग में चमकता सितारा दिखता है,*
*सफलता के पीछे लुटा दी दिलों-जान है*
*आकाश में बह रहीं बहुत गर्म हवाएं हैं*
*दुआ है अमन से रहे, हमारा सारा जहान है*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*आप कभी भी फिट होने के लिए नहीं बने हैं, बल्कि अलग दिखने के लिए बने हैं।*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | षष्ठी 17:10 तक |
| नक्षत्रः | पूर्व फाल्गुनी 11:37 |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | सौभाग्य, 29:30 |
| सूर्योदयः | 07:18 |
| सूर्यास्तः | 17:32 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 14:59-16:15 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 12:05 से 12:46 तक |

## जन एक्सप्रेस

### है भारी संदेश !

*उड़ने लगे विमान ।*
*शुरू हुई रफ़्तार ।।*
*कायाकल्प हो रहा ।*
*जारी भी प्रचार ।।*
*हो रहा सब आधुनिक ।*
*सज धज कर तैयार ।।*
*शोर शराबा है चरम ।*
*उसके कई प्रकार ।।*
*है भारी संदेश ।*
*क़दम जिधर बढ़ाया ।।*
*मनोकामना पूर्ण हुई ।*
*दिन है लौट आया ।।*
*करते जो सवाल थे ।*
*पड़े आज वो शांत ।।*
*है माहौल ऐसा ।*
*हो रहे एकांत ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# कोजी कार्डियो करने से सेहत को मिलते हैं कई फायदे



**देश** में बहुत से लोग ऐसे हैं जो बढ़ते मोटापे के चलते परेशान रहते हैं। फिट रहने के लिए लोग अक्सर जिम में घंटों पसीना बहाते हैं। इसके बाद भी अगर मोटापा कम नहीं होता तो कुछ लोग तो खाना-पीना बहुत हद तक कम कर देते हैं। हालांकि ऐसा करने से सेहत पर इसका बुरा असर पड़ता है। मोटापा से बहुत सी शारीरिक समस्या पैदा हो जाती है। इसलिए अगर आप भी अपने मोटापे से परेशान हैं तो आपके लिए कोजी कार्डियो काफी सहायक हो सकता है। यह सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इसके द्वारा जो लोग मोटापे से जूझ रहे हैं, वे आसानी से अपना वेट कम कर सकते हैं। विशेषज्ञ भी कोजी कार्डियो को करने की सलाह देते हैं। उनका कहना है कि यह दिमाग और शरीर को फायदा कर सकता है।

**कोजी कार्डियो के फायदेः** कार्डियो के फायदे जानने से पहले आपको ये जानना होगा कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने भी इसे कारगर माना है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, अगर कार्डियो एक्सरसाइज को लगातार किया जाए, तो इससे कई तरह की बीमारी रोकी जा सकती है। इससे आपकी हार्ट हेल्थ बेहतर बन सकती है। साथ ही स्ट्रोक और डायबिटीज जैसी बीमारी भी रोकी जा सकती है। इसके अलावा कार्डियो एक्सरसाइज द्वारा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को रोकने में भी मदद मिल सकती है।

**क्या है कोजी कार्डियो?:** सबसे पहले ये जानने की जरूरत है कि आखिर कोजी कार्डियो क्या है। दरअसल, आजकल एक घरेलू फिटनेस ट्रेंड काफी वायरल हो रहा है जिसका नाम कोजी कार्डियो है। यह कम प्रभाव वाले व्यायाम जैसे कूदना, धीमी गति से दौड़ना आदि करते हुए आरामदायक रहने की प्राथमिकता देता है। इसे करने से शरीर के अंगों पर बहुत कम दबाव पड़ता है, क्योंकि इसे करने के लिए ज्यादा स्ट्रेंथ नहीं चाहिए होती है। यह घर पर आसानी से किसी के भी द्वारा किया जा सकता है। खासकर उन लोगों के लिए ये बेहद फायदेमंद हो सकता है जो मोटापे से परेशान हैं और अपना वेट और फैट लॉस करना चाहते हैं। कुछ लोग जिम ज्वॉइन नहीं कर पाते हैं। कुछ लोग जिम का खर्चा अफोर्ड नहीं कर पाते, तो कुछ लोग हैवी वर्कआउट को करने में परेशान होते हैं। ऐसे लोगों के लिए कोजी कार्डियो बढ़िया विकल्प है।

**दौड़नाः**
मोटापा कम करने के लिए आप एक जगह खड़े होकर धीमी गति से दौड़ सकते हैं।

**साइकिलिंगः** इसके द्वारा भी आसानी से वजन कम हो सकता है। इसके लिए आप दिन में 15 से 20 मिनट के लिए साइकिलिंग कर सकते हैं।

**हाफ स्क्वाटः** इस एक्सरसाइज में पैरो को खोलें और नीचे की ओर बैठें व दोबारा खड़े हो जाएं। लागातर इस एक्सरसाइज को करने से मोटापा कम हो सकता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# कालगणना नहीं, कालबोध है महत्वपूर्ण



हृदयनारायण दीक्षित

**महाभारत में व्यास ने काल की महिमा बताई है, काल से ऋतुएं हैं। काल से वनस्पतियां उगती हैं। काल से वर्षा है। काल से वायु की गति है। काल से वृक्षों पर फूल खिलते हैं। काल से स्त्रियां गर्भवती होती हैं। काल से सूर्य तपते हैं। काल से युद्ध होते हैं। काल से ही जय पराजय होती है।**

**काल सबका पिता है। काल से काल उत्पन्न होता है। बताते हैं कि काल पिता है और काल ही पुत्र है। काल से जल पैदा हुआ। काल से ज्ञान तप और दिशाएं उत्पन्न हुईं। काल से सूर्योदय और काल से सूर्यास्त है। काल में मन है और काल में प्राण है। यहां सर्वव्यापी हो गया है। वैसे काल का अस्तित्व एक समान नहीं होता। हम किसी आत्मीय के साथ होते हैं तो काल अल्प प्रतीत होता है।**

**अस्तित्व** सदा से है और सदा रहता है। यह सनातन है। चिरन्तन है। यह नया या पुराना नहीं होता। लेकिन अनुभव और अनुभूति में यह प्रतिपल नया है। सूर्य प्रतिपल नया है। हर एक सूर्योदय नया है। इसके पहले मुदित मन प्रतिदिन आती ऊषा भी नई है। ऋग्वेद के ऋषि ऊषा के सौन्दर्य का वर्णन करते हैं। बताते हैं कि यह ऊषा नई हैं और पुराणी युवती हैं। पुराणी युवती शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। युवती शब्द का प्रयोग तरुण स्त्री के लिए होता है। लेकिन ऋषि की अनुभूति में ऊषा पुरानी होकर भी नई हैं। चन्द्र भी प्रतिदिन नया है और साथ साथ पुराना भी। प्रत्येक पूर्णिमा नई है और अमावस्या भी नई है। वर्षा की हर एक बूंद भी नई है। शीत नई है और ऊष्मा भी नई है। यहां नए का अलग अस्तित्व नहीं है। वह पहले से गतिशील अस्तित्व का विस्तार है। समय भी नया या पुराना नहीं होता। समय अखण्ड है। यूरोपीय काल गणना के अनुसार आज (रविवार) देररात 12 बजे वर्षान्त होगा और उनकी मान्यता के अनुरूप नववर्ष प्रारम्भ हो जाएगा। 'हैप्पी न्यू ईयर' की तैयारियां जोरों पर हैं। इन तैयारियों में अस्तित्व की अनुकम्पा व प्रसाद के गीत नहीं है। अनेक लोग इसी बहाने नई तरह की दारू का इंतजाम कर रहे हैं और नाच गाने का भी। हैप्पी न्यू ईयर सिर पर चढ़कर बोल रहा है। यूरोपीय नववर्ष लगभग हर वर्ष अपने साथ कड़ाके की ठण्ड और सर्द हवाएं लेकर आता है। अंग्रेजी कैलेंडर में जनवरी में जनवरी ही नई है। वैसे जनवरी में कुछ भी नया नहीं होता। न कोई आह्लाद। न प्रसाद, न ऋतु। न आनंद। प्रकृति का कोई छंद और न सुख अनुभव कराने वाली कोई गंध और न स्पर्श। गंध ढोकर लाने वाली हवाएं स्वयं शीत के प्रभाव में हैं। वातावरण में सर्दी ही सर्दी है। सर्दी भी स्वयं दुबकी हुई दिखाई पड़ती है। सर्दी और कोहरे ने हैप्पी न्यू ईयर का मजा कम कर दिया है। तो भी लोगबाग एक दिन पहले से ही हैप्पी न्यू ईयर का नगाड़ा बजा रहे हैं। प्रकृति ने जम्बूद्वीप भरतखण्ड को पूरे मनोयोग से गढ़ा है। यहां सत्य शिव सौन्दर्य की छटा है। प्रकृति नाना रूपवती है। जम्बूद्वीप भरतखण्ड में सदा नीरा नदियां हैं। इठलाती गीत जाती नदियां स्वयं आनंद रस परिपूर्ण हैं। यहां नदियां माताएं हैं और देवियां हैं। इस भूखण्ड में अनंत जलराशि वाले समुद्र भी हैं। फूलों की घाटियां हैं। आकाश छूने को लालायित विशाल मंदिर हैं। सब तरफ वन उपवन हैं। गंधमादन वातायन है। जलाशयों में कमल के फूल हैं। कालिदास ने मेघदूत में कमल के फूलों वाले क्षेत्रों की मोहक चर्चा की है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में भी कमल की विस्तृत चर्चा है। यहां 6 ऋतुएं हैं। सभी ऋतुओं के अपने आकर्षण हैं। लेकिन अंग्रेजी नववर्ष में नदियों में कोई उल्लास नहीं होता। दिशाएं उल्लासधर्मा नहीं होतीं। प्रकृति के नियम शाश्वत हैं। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। अहोरात्र दिन रात के जोड़े हैं। पृथ्वी सहित अनेक ग्रह गतिशील हैं। हमारे पूर्वजों ने काल को चक्रीय बताया है। चक्र की गति में प्रथम और आखिरी नहीं होता। तब नया साल कहां से आया। हमारी समस्या है कि नए साल की गिनती कहां से शुरू करें। प्रश्न यह भी है कि नए साल की गिनती पहली जनवरी से क्यों शुरू होती है। न्यू ईयर वाली जनवरी बिंदास होती है। लेकिन जनवरी में बसंत जैसी सुगन्धित वायु नहीं बहती। वातावरण मधुवाता नहीं होता। मन प्रश्नाकुल है नया साल बसंत से क्यों नहीं शुरू होता? फाल्गुन या चैत्र से क्यों नहीं। यूरोपीय विद्वानों ने हड़बड़ी में 10 महीने का कैलेंडर बनाया था। उनके कैलेंडर में तब जनवरी और फरवरी नहीं थे। तब कैलेंडर का सातवां महीना सितम्बर था। लैटिन में सितम्बर सेपटेमबर है। आठवां अक्टूबर है। नवां नवंबर है और दसवां दिसम्बर है। अंग्रेजी कैलेंडर के सातवें, आठवें, नवें और दसवें महीने संख्यावाची हैं। बाद में इसमें जनवरी और फरवरी जोड़ दी गई। तब सातवां माह नवां हो गया। आठवां अक्टूबर था लेकिन दसवां हो गया। नवां नवंबर था। यह ग्यारहवां हो गया और दसवां दिसम्बर बारहवां हो गया। कालगणना महत्वपूर्ण नहीं है। काल बोध महत्वपूर्ण है। काल अस्तित्व से परे नहीं है। अस्तित्व सर्जक है। इसका प्रत्येक अणु गतिशील है। गति से समय है। दिन, रात, मास व वर्ष काल के अंग हैं। लेकिन सृष्टि के पहले समय नहीं था। ऋग्वेद में कहते हैं, तब न रात्रि थी न दिन। अर्थात समय नहीं था। ऋग्वेद के अनुसार आकाश भी नहीं था। तब वायु भी नहीं थी। लेकिन अस्तित्व वायुहीन वातावरण में अपनी क्षमता के बल पर सांस ले रहा था- अनादि वातं स्वधया तदेकं। सब तरफ गहन अंधकार था और जल ही जल था। वह अगाध जलों में प्रकट हुआ। समय का जन्म गति से हुआ है। भारतीय चिंतन में काल को जगत् का नियन्ता भी कहा गया है। अथर्ववेद के 19वें काण्ड में कहते हैं, काल से सब उत्पन्न होते हैं।

# पूजित अक्षत कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

- प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर, उत्सव जैसा रहा माहौल
- ठिठुरन भी नहीं कमजोर कर सकी रामभक्तों का उत्साह

जन एक्सप्रेस । बहराइच



श्रीधाम अयोध्या में पूजित अक्षत कलश यात्रा बहराइच नगर में भव्यता पूर्वक निकाली गई। इस कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्री राम भक्त महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। कलश यात्रा के शुभारंभ अवसर पर रामभक्त जनमानस महाराज सिंह इंटर कॉलेज के परिसर में एकत्र हुए। यहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रवि शंकर महाराज ने कहा कि हमारे मन में भगवान राम आदिकाल से स्थापित हैं। आज भारतीय संस्कृति में भी भगवान राम के आदर्श स्थापित हो रहे हैं। यह सनातन और हिंदू धर्म के लिए गर्व का विषय है। स्वामी विष्णुदेवाचार्य ने कहा कि प्रभु सीताराम की अपार कृपा है 500 वर्ष पूर्व हमारे पूर्वजों ने जो कल्पना की थी आज वह साकार हो रहा है। पूर्वजों ने प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण हेतु संघर्ष किया। किंतु हम सौभाग्यशाली हैं कि अपनी आंखों के सामने प्रभु श्री राम मंदिर निर्माण होते हुए देख रहे हैं। महामंडलेश्वर रवि गिरी जी महाराज ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा जो संकल्प लिया गया था। वह आज पूर्ण हो रहा है यदि ऐसा संगठन नहीं होता तो हमारे पूर्वजों ने प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण का जो संकल्प लिया था वह पूर्ण नहीं होता। विभाग प्रचारक डॉ अवधेश ने कहा बालरूप श्रीराम जी के भव्य मन्दिर निर्माण सर्वसमाज की बहुत बड़ी भूमिका रही। उन्होंने कहा कि इस मन्दिर के आन्दोलन में सिख समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डॉ अवधेश ने कहा कि मन्दिर निर्माण में प्रथम शिला अनुसूचित जाति के कामेश्वर चौपाल ने रखी थी। उन्होंने ने कहा कि राममंदिर के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग देने वाले राम कोठारी व शरद कोठारी के बलिदान को नमन करने का दिन है। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यवाह भूपेंद्र व धन्नजय ने किया।तदुपरांत अक्षत कलश शोभायात्रा महराज सिंह इंटर कालेज निकलकर हास्पिटल चौराहा होते हुए चित्रगुप्त तिराहा,छावनी चौराहा, घंटाघर चौराहा ,पीपल तिराहा होते हुए, परशुराम चौक ,पानी टंकी चौराहा से होकर पुनः महाराज सिंह इंटर कालेज आकर समाप्त हुई । कलश यात्रा का पूरे शहर में श्री राम भक्तों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा में प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख राजकिशोर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक परमेश्वर सिंह, सह विभाग संघचालक कृष्णानंद शुक्ला, जिला संघ चालक वासुदेव , सह जिला संघ चालक डॉ मनोज त्रिपाठी , विभाग प्रचारक डॉक्टर अवधेश , विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद , विश्व हिंदू परिषद प्रांतीय अध्यक्ष राजदेव सिंह, जिला प्रचारक अजय, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष तरुण सिंह, राजकुमार सोनी, विभाग संगठन मंत्री हिन्दू जागरण मंच इं. हेमन्त आदि उपस्थित रहे। अक्षत कलश यात्रा में बहराइच जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे संगठनों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। जिसमें मर्यादा पुरुषोत्तमराम राम लीला कमेटी, चित्रगुप्त समाज, मारवाड़ी युवा मंच ,अग्रवाल महासभा, कांवरिया संघ ,दुर्गा पूजा महा समिति ,गायत्री परिवार ,अधिवक्ता परिषद, प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास, हिंदू जागरण मंच, महाकाल सेवा मंडल आदि शामिल रहे। श्री अयोध्याधाम में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के उद्देश्य से पूजित अक्षत भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस उपलक्ष्य में अशोक श्रीवास्तव चैरिटेबल ट्रस्ट ने यात्रा का प्रधान डाकघर के निकट पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विवेक कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि ट्रस्ट कार्यालय खिलाड़ी आलोक श्रीवास्तव मार्ग प्रधान डाकघर के पास यात्रा में शामिल कलश धारण करने वाली महिलाओं पर पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर दीपक श्रीवास्तव व्यवसायी, रिंकू सिंह ठेकेदार, नृपेंद्र श्रीवास्तव ठेकेदार, प्रांशु श्रीवास्तव ठेकेदार, राहुल गुप्ता एडवोकेट, रोनित सिंह, मनोज कुमार, सतीश शुक्ल, आलोक आर्य, राजकुमार, यादव ड्राइवर, अंश वंश, विराज, रोहन, चिराग, अंशी, दिया, अनु ,अरमान आदि लोग उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ ट्रक तथा बस समेत अन्य वाहनों का चक्का जाम





- हड़ताली चालकों ने कहा कि कानून वापस न होने तक जारी रहेगा देशव्यापी आंदोलन

जन एक्सप्रेस । बहराइच

केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ रोडवेज बसों और ट्रकों समेत अन्य वाहनों के चालक सोमवार सुबह हड़ताल पर चले गए। रोडवेज चालकों ने बसों का चक्का जाम कर केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इससे बहराइच रोडवेज परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति है। अचानक बस चालकों के प्रदर्शन के चलते यात्री परेशान हैं। बस चालकों के साथ ही ट्रक चालक भी नए वर्ष के पहले दिन ही आंदोलित हो उठे हैं। नए कानून से गुस्साए ट्रक चालकों ने बहराइच-नानपारा मार्ग पर सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू किया है।

नया साल शुरू होने के साथ ही केंद्र सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की ओर से बनाया गया नया कानून भी लागू हो गया है। केंद्र सरकार के नए कानून के तहत अगर किसी भी वाहन से कुचल कर किसी की मौत होती है तो चालक पर सात लाख रूपये जुर्माना और 10 साल की सजा का नियम लागू किया गया है। इस नए कानून का पूरे देश में जगह-जगह विरोध हो रहा है। सोमवार को नए साल के पहले दिन बहराइच में भी बस और ट्रक चालकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

केंद्र सरकार के नए कानून से गुस्साए रोडवेज बस चालकों ने शहर में स्थित रोडवेज बस अड्डा परिसर में बसों का चक्का जाम कर कानून बदलने की मांग करते हुए विरोध शुरू किया है। उधर नानपारा-बहराइच मार्ग पर टोल प्लाजा के पास ट्रक चालकों ने भी केंद्र सरकार के नए कानून के विरोध में अपने वाहन खड़ा कर जाम लगा दिया। बीच सड़क पर वाहन खड़ा करने से अन्य लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है। प्रभारी निरीक्षक नानपारा मिथिलेश कुमार राय ने किसी तरीके से चालकों को समझ बुझाकर शांत कराया और आवागमन शुरू हो हो सका।

उधर रोडवेज परिसर में खड़ी लगभग डेढ़ सौ से अधिक बसें खड़ी है। लखनऊ, गोंडा, अयोध्या, बलरामपुर, कानपुर, श्रावस्ती की बस सेवाएं ठप्प कर दी गई है। बस और ट्रक चालकों के धरना प्रदर्शन और केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ उग्र आंदोलन के चलते बस अड्डे पर वाहनों की कतार लग गई है।

रोडवेज परिसर में केंद्र सरकार के नए कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे बस चालक संघ के अध्यक्ष तारिक बबलू का कहना है कि जब तक केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया नया नियम और कानून वापस नहीं लिया जाएगा, वह सभी रोडवेज बसों का संचालन नहीं करेंगे। प्रदर्शन कर रहे बस चालक राकेश, सलमान और शादाब ने कहा कि अगर इतना पैसा ही होता तो वह सभी चालक की नौकरी क्यों करते। इतना रुपए जुर्माना का कहां से देंगे। सभी बस और ट्रक चालकों ने 100 में कहा कि जब तक नए नियम को केंद्र सरकार वापस नहीं लेगी तब तक वाहनों का संचालन ठप रहेगा। बस और ट्रकों के अचानक चक्का जाम से पूरे जिले में अफरा तफरी की स्थिति है, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी सकते में आ गए हैं।

# शराब तस्करी में वांछित चल रहे तीन शातिर तस्कर गिरफ्तार

- 4 पेटी अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का, एक ट्रक, एक लग्जरी कार व 3 लाख रूपये नगद बरामद
- एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रूपये का ईनाम देने की घोषणा

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर



सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने शराब तस्करी में वांछित चल रहे तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 पेटी अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का, 450 पीस डाइपर व घटना में प्रयुक्त एक ट्रक, एक लग्जरी गाड़ी समेत 3 लाख रूपये की नगदी बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25000 रूपये का ईनाम देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने शराब तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत सदर बाजार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रवेश सिंह ने मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित की और सूचना पर आज प्रातः अभियुक्त अजमेर सिंह उर्फ बच्ची पुत्र चन्द्रभान निवासी ग्राम पावड़ा बसी थाना बरवाला जनपद हिंसार हरियाणा, कर्मवीर सिंह ढिल्लो उर्फ विक्रम पुत्र बदलूराम निवासी ग्राम पावड़ा बसी थाना बरवाला हिंसार हरियाणा व सोमवीर सिंह पुत्र सतवीर सिंह निवासी ग्राम मुकलान थाना आजाद नगर हिंसार हरियाणा को दिल्ली रोड पर पैरामाउंट कालोनी के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त अवैध शराब को ट्रक में ऊपर अन्य सामान लादकर व फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर ले जाते समय गिरफ्तार किये गये। जिनके कब्जे से 4 पेटी अवैध शराब इम्पीरियल ब्लू अंग्रेजी गैर प्रान्त चण्डीगढ मार्का व 450 पीस डाइपर व घटना में प्रयुक्त एक ट्रक व एक फोरचूनर कार व 3 लाख रूपये नगद बरामद हुए है। अभियुक्त शातिर अपराधी है, जो अवैध रूप से गैर प्रान्तीय अंग्रेजी अवैध शराब चण्डीगढ मार्का की अवैध रूप से उत्तर प्रदेश व विहार में भारी मात्रा में तस्करी कर अवैध लाभ अर्जित करते है तथा राजस्व को भारी हानि पहुंचाते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25000 रू नगद पारितोषिक देने की घोषणा की है। शराब तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक शशांक गिरी, विजय सिंह, हैड कांस्टेबल सचिन व कांस्टेबल विनित हुड्डा शामिल रहे।

# दस वर्ष की सजा का प्रावधान का ट्रक चालकों ने किया विरोध



जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

सड़क दुर्घटना होने पर चालक को दस वर्ष की सजा का प्राविधान किए जाने का कानून बनाये जाने के विरोध में आज जिला सहारनपुर ड्राईवर कन्ड्रैक्टर यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों ने बेहट रोड प्रदर्शन कर अपनी मांगों का केन्द्रीय गृहमंत्री को सबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। आज जिला सहारनपुर ड्राईवर कन्ड्रैक्टर यूनियन से जुड़े चालक-परिचालक बेहट रोड पर एकत्रित हुए और सजा के प्राविधान के विरोध में प्रदर्श किया। इसके बाद सभी चालक व परिचालक एकत्र होकर जिला मुख्यालय पहुंचे और उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना होने पर ड्राईवर को दस साल की सजा का प्राविधान किया गया। जो पूर्णतया अव्यवहारिक है, जिमसें ड्राईवर द्वारा एक्सीडेट करने पर 10 साल की सजा का व जुर्माने का प्राविधान किया गया है। उनका कहना था कि कोई भी ड्राईवर जान बूझकर एक्सीडेट नही करता है। अचानक हादसा हो जाता है। जो कानून लागू किया गया है उससे ड्राईवरो मे भारी रोष है और यह कानून लागू होने से सभी बस ड्राईवरो गाड़ी चलाने से डरेगे। उन्होंने मांग की कि यह कानून वापिस लिया जाये या इसमे सशोधन किया जाये। अन्यथा यूनियन हडताल करने पर बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालो मे जिला सहारनपुर ड्राईवर कन्ड्रैक्टर यूनियन सहारनपुर के अध्यक्ष सैय्यद मुकर्रम हुसैन, आबिद प्रधान, अनिल महेशवरी आदि मौजूद रहें।

# भैंस चोरी में वांछित 25 हजार रूपये का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

थाना गागलहेड़ी पुलिस ने अंतर्जनपदीय चोर 25 हजार रूपये के वांछित ईनामी बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। फायरिंग के दौरान बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। थाना गागलहेड़ी पुलिस ने देर रात चैकिंग के दौरान 25 हजार रूपये के वांछित चोर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि देर रात गागलहेड़ी थाना उपनिरीक्षक नरेन्द्र सागर पुलिस बल के साथ मुजफ्फरनगर रोड पर खजूरी कट के पास चैंकिग कर रहे थे कि तभी एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाईकिल पर सवार तीन युवक गागलहेड़ी की तरफ से मुजफ्फनगर की तरफ जाने वाले रास्ते पर आते दिखायी दिये, जिन्हे रुकने का इशारा किया गया, वह नही रुके और पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर ग्राम पठेड़ के गन्ने के खेतो की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 01 बदमाश आशिफ पुत्र जीशान निवासी ग्राम राधना थाना किठौर,मेरठ पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायल अवस्था में इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया व उसके 02 अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये। फरार बदमाशो की तलाश हेतु कॉम्बिंग की जा रही है। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा/01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 01 मोटरसाईकिल बिना नंबर प्लेट तथा 01 मोबाईल बरामद किया गया। अभियुक्त आशिफ थाना नागल से भैंस चोरी के मुकदमें में वांछित हैं। अभियुक्त के विरुद्ध लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है तथा पूर्व में कई बार जेल भी जा चुका है।

# सीमा पर करीब 6 किलोग्राम चरस के साथ दो नेपाली महिलाएं गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच



42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रूपईडीहा ने दो नेपाली महिलाओं को नेपाली चरस के साथ गिरफ्तार किया है। इन महिलाओं के पास करीब 6 किलोग्राम चरस बरामद की गई है। जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जाती है। महिलाएं इस सरस को चंडीगढ़ बेचने ले जा रही थी। एस एस बी 42 वी वाहिनी के सहायक कमांडेंट अनिल कुमार यादव ने बताया कि सीमा चौकी रूपईडीहा चैकपोस्ट पर नेपाल से भारत की तरफ आते हुए दो नेपाली युवतियों को संदेह के आधार रोका गया। इसके बाद उनकी तलाशी ली गई। जिसके दौरान उनके प्रत्येक के पास से 2.95 किग्रा कुल 5.9 किग्रा. चरस बरामद हुआ। अभियुक्तों से उनका नाम एवम पता पूछा गया तो उन्होने अपना नाम चंद्र कुमारी रेगनी पत्नी चंद्र बहादुर रेगनी उम्र 39 वर्ष ग्राम लेखा पराजुल वार्ड नंबर 3 भेरी गंगा नगरपालिका जिला सुरखेत नेपाल तथा दूसरे ने अपना नाम सांचामाया तमांग पत्नी सोना रंजन उम्र 40 वर्ष गांव बागमती नगरपालिका करथाली वार्ड नंबर 1 जिला सेंधुपल चौक नेपाल बताया। टीम के गहन पूछताछ करने पर अभियुक्त महिलाओं ने बताया कि यह चरस हम नेपाल से चंडीगढ़ ले जा रहे थे। जिसे हम वहां पर बिक्री करते। बॉर्डर इंटरेक्शन टीम के द्वारा अभियुक्तों के पास से 5.9 किग्रा. चरस तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किया गया। बरामद चरस तथा अभियुक्तों को थाना रूपईडीहा को सुपुर्द कर दिया गया।

# व्यापारियों ने चौकीदारों को बांटी टॉर्च व गर्म वस्त्र

जन एक्सप्रेस । सहारनपुर

सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारियों ने थाना प्रभारी नगर कोतवाली सतेन्द्र नागर के साथ मिलकर देर रात्रि महानगर के विभिन्न बाजारों में तैनात चौकीदारों को गर्मवस्त्र व टॉर्च का वितरण किया। व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने बताया कि व्यापार मण्डल ने मुख्य बाजारों में रात्रि में चौकदारी करने वाले चौकीदारों को भीषण सर्दी में गर्मवस्त्रों का वितरण किया तथा उन्हें टार्च भी प्रदान की। उन्होंने बताया कि प्रताप मार्किट, नेहरू मार्किट, शहीद गंज, मोरगंज, दालमंडी पुल, हिरनमारान, कक्कड़गंज आदि बाजारों में नगर कोतवाली प्रभारी सतेन्द्र नागर एवं व्यापारी प्रतिनिधियों ने वहां कार्यरत चौकीदारों की जांच की तथा उन्हें गर्म जर्सी व टार्च भेंट की।

# नगर विकास ग़रीबी उन्मूलन राज्यमंत्री द्वारा की गयी गावँ की समस्या गावँ में समाधान की प्रथम गोष्ठी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू जी द्वारा विकास भवन परिसर में ग्राम चौपाल के माध्यम से गांव की समस्या गांव में समाधान का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रथम वर्षगांठ का आयोजन किया गया, जिसमें उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की स्टाल का फीता काटकर उद्घाटन किया। मा0 मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण कर उनके द्वारा निर्मित वस्तुओं का अवलोकन कर प्रशंसा भी की। तत्पश्चात विकास भवन सभागार में गांव की समस्या गांव में समाधान का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी, प्रधानों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने गांव की समस्या गांव में समाधान का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रथम वर्षगांठ पर कहा कि हमारी सरकार गरीबों व वंचितों की सरकार है जो गरीबों के लाभ के लिये निरन्तर कार्य रही है। पूर्व की सरकारें गरीबों व वंचितों के लिये कोई भी लाभ का कार्य नही करती थी, तथा लोगों को आत्मनिर्भर बनने हेतु भी प्रयास किया है ताकि कोई भी गरीब न रहे। मंत्री जी ने पत्रकार बन्धुओं के साथ प्रेसवार्ता भी की। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि जन चौपाल के कार्यक्रम का एक वर्ष पूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीति है कि सरकार जनता के द्वार तक पहुंचे ताकि जनता को योजनाओं का लाभ मिल सके। यह चौपाल हर प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित की जाती है। इसमें विभिन्न विभागों के लोग प्रतिभाग करते हैं, जिसका एक नोडल अधिकारी भी मौजूद रहता है, वह लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारण वहीं कर देने का प्रयास करते हैं। उन्होंने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर का भी आयोजन लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायतों में आयोजित करा दिया गया है

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, डी0सी0 मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

# पूर्व गृह राज्यमंत्री की 86वी जयंती पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




सत् श्री साईं शिव शक्ति मन्दिर, सरायन नदी तट, मोहल्ला-नई बस्ती, सीतापुर में श्रद्धेय स्व0 राम लाल राही, पूर्व गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार की 86वीं जयन्ती के अवसर पर पूज्य स्व0 राम लाल राही एवं स्व0 श्रीमती सुन्दरि देवी राही, प्रथम महिला अध्यक्ष, जिला पंचायत, सीतापुर की मूर्ति अनावरण करते हुये राही जी की जीवनी की पुस्तक का विमोचन माननीय उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी द्वारा किया गया। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में विशाल जनसभा भी आयोजित की गई। उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने कहा कि जहां अन्याय होता है वहां न्याय के लिए लड़ना पड़ता है ये सीख बाबू जी से सीखना चाहिए। 2024 की शुरुआत हो गई है यह वर्ष बहुत निर्णायक वर्ष होगा। भगवान श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार गया है, इसके लिये सभी को शुभकामना देते हैं। 14 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक गांव मोहल्लों में स्वच्छता का अभियान चलाना है। भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का काम मा0 प्रधानमंत्री जी ने किया है। पहले जिसने भी भ्रष्टाचार किया है, उससे भी वसूला जाएगा। 2024 में फिर से मोदी सरकार बनाना है, विश्व में तीसरी अर्थव्यवस्था आप सबको मिलकर बनाना है। आज जो विकास यात्रा आपके गांव में जा रही है, मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री आवास एवं शहरी विकास श्री कौशल किशोर जी ने बाबू राम लाल राही व सुन्दरि जी को क्रांतिकारी श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबू जी एक आंदोलनकारी व्यक्ति थे व विकास के लिए तत्पर रहते थे। आज पहली जनवरी है, साल का पहला दिन है विकसित भारत आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए विकसित परिवार बनाना है, कोई बीमार व्यक्ति की जान न चली जाये, इसके लिये जनता को इलाज कराने हेतु स्वास्थ्य कार्ड दिये गये हैं, आवास, मुफ्त राशन, गैस कनेक्शन आदि योजनाओं का लाभ मोदी जी दे रहे हैं, मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी चल रही हैं। इस अवसर पर राज्यमंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग, राकेश राठौर गुरू, सांसद सीतापुर राजेश वर्मा, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक सिधौली मनीष रावत, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक महमूदाबाद आशा मौर्य, एमएलसीपवन सिंह चौहान, एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि शिव कुमार गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पूर्व विधायक भरत त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रक्षा मंत्री-सीएम योगी ने देश को समर्पित किया बालिका सैनिक स्कूल

जन एक्सप्रेस। मथुरा

देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने वर्ष के पहले दिन देश की बालिकाओं को पहला बालिका सैनिक स्कूल समर्पित किया।
वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम में साध्वी ऋतंभरा के 60वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित षष्ठीपूर्ति महोत्सव में

**✻ वृन्दावन के वात्सल्य में बने समविद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल का किया लोकार्पण**

स्कूल का लोकार्पण किया गया। शामिल होंगे। वात्सल्य ग्राम में बने इस स्कूल का नाम समविद गुरुकुलम गर्ल्स सैनिक स्कूल है। इस स्कूल में 120 सीटें हैं। 21 जनवरी को प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय एजेंसी द्वारा कराई जाएगी। देश भर की बालिकाओं ने परीक्षा में भाग लेने को पहले ही आवेदन कर रखा है। इस स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की पढ़ाई भी होगी। सेना के पूर्व अधिकारी व एनसीसी के अधिकारी सेना की तैयारी कराएंगे। सुबह पांच से रात 10 बजे तक विभिन्न चरणों में पढ़ाई होगी।




## नव वर्ष पर विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने पाया प्रसाद

जन एक्सप्रेस। उरई

कैलेंडर नव वर्ष के पहले दिन शहर के सुप्रसिद्ध मौनी मंदिर परिसर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान हुए विशेष हवन पूजन में भगवान से देश और जिले के लोगों की खुशहाली व तरक्की की प्रार्थना की गई। मौनी मंदिर के महंत और भंडारा के आयोजक पवन त्रिपाठी ने कहा कि सभी के कल्याण की कामना से नव वर्ष का शुभारंभ जनजीवन की सुख शांति और समृद्धि का रास्ता तैयार होता है। नव वर्ष के पहले दिन लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाओं के साथ शहर के मौनी मंदिर में दर्शन करके भगवान का आशीर्वाद लिया। आस्था के इस केंद्र में नव वर्ष के



पहले दिन लगने वाले भक्तों के तांता को ध्यान में रखते हुए गत् कई दशकों से सर्व समाज मौनी मंदिर में समारोह का आयोजन करने की परंपरा चली आ रही है। इस बार इसी परंपरा की कड़ी में हवन-पूजन के साथ नव वर्ष क अनुष्ठान की शुरूआत की गई। इसके बाद सुबह से शाम तक निरंतर भंडारा चला। जिसमें लगभग हजारो लोगों ने प्रसाद पाया। इस दौरान ध्रुव त्रिपाठी, शालू दुबे, ओमजी, कान्हा दुबे, युवराज सिंह, रूद्र त्रिपाठी भंडारे में भक्तों को प्रसाद खिलाने में अहिर्निश जुटे रहे।

## पुलिस व प्रशासन ने बांटे कंबल

जन एक्सप्रेस। कालपी

सोमवार को कालपी कोतवाली परिसर में जरूरतमंदों व निराश्रित दो सैकड़ा लोगों को कंबल, मिठाइयां व दवाइयां का वितरण किया गया। कंबल व मिठाइयां पाकर निराश्रितों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस मौके पर अधिकारियों आयोजकों को दुआओं से नवाजा।
कोतवाली के मीटिंग हॉल में क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार हरदीप सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अशरफ की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम हेमंत पटेल ने कहा कि जरूरतमंदों व निराश्रितों की मदद करना सबसे पुनीत धर्म है, इसीलिए सभी लोगों को इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। क्षेत्राधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जनसंयोग से पुलिस प्रशासन के द्वारा समाजसेवा के लिए बड़ा कार्यक्रम आयोजित करके समाज सेवा के लिए कदम आगे बढ़ाया है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिरिक्त निरीक्षक ने कहा कि असहाय तथा गरीब लोगों की मदद करने से दिली सुकून मिलता है। इस प्रकार के कार्यों के लिए सभी लोग आगे बढ़कर हिस्सा ले। इस मौके पर अमित पांडेय, जय खत्री, रामकुमार तिवारी, राकेश, आशुतोष मिश्रा, अमर सिंह, अतुल बड़ेरिया प्रमुख रूप से कार्यक्रम में शामिल रहें।



### एसडीम व सीओ ने माँ वनखंडी देवी परिसर में किया वृक्षारोपण

कालपी। नववर्ष के अवसर पर उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी की अगवाई में माँ वनखंडी देवी परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाकर धरती को हरा-भरा करने का संकल्प लिया गया। नगर के मोहल्ला आलमपुर स्थित शेल्टर होम का उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी ठंडक में जरूरतमंदों को ठहरने की व्यवस्थाओं का हकीकत को देखा तथा इस दौरान उन्होंने जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में माँ वनखंडी देवी के महंत जमुनादास जी महाराज के नेतृत्व में अधिकारियों ने परिसर में छायादार तथा फलदार पौधेरोपण करके धरती को हरा भरा करने का संकल्प लिया।

### धमाके के साथ फटा सिलेंडर, दीवारों में पड़ी दरारें गृहस्थी जलकर तबाह

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पाठकपुरा में गैस रिसाव के चलते सिलेंडर धमाके के साथ फट गया। जिसमें मकान की दीवारों में दरारें पड़ गई और आग लगने से घर में रखी गृहस्ती पूरी तरह तबाह हो गई। वही धमाके की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों में भी दहशत बैठ गई। शहर कोतवाली के मोहल्ला नया पाठकपुरा गुड गेट स्कूल के पीछे निवासी गरीब महिला रेखा पत्नी उज्जवला लाभार्थी थी। बताया गया है कि रोज की तरह वह शनिवार की शाम भी खाना बनाने के बाद परिवार सहित खा पीकर सो गई। तभी देर रात सिलेंडर में अचानक हुए गैस रिसाव के चलते आग लग गई और वह धमाके के साथ फट गया। धमाका इतनी तेज था कि आस पड़ोसियों के अलावा धमाके की आवाज मोहल्ले में गूंज गई और लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। सिलेंडर फटने के कारण मकान की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई और आग लगने से ग्रहस्ती समेत गरीब महिला का अन्य सामान जलकर राख में तब्दील हो गया। फिलहाल घटना के चलते गरीब पीड़ित परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गया।

## एक सप्ताह में प्रेस भवन में जमीन दिलाने का दिया भरोसा

**✻ एमएलसी, भाजपा जिलाध्यक्ष सहित अन्य लोग मौजूद रहे**

**✻ शहर के एक गेस्ट हाउस में नववर्ष पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन**

जन एक्सप्रेस। महोबा

शहर के एक गेस्ट हाउस में नववर्ष पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त मीडिया क्लब के संरक्षक और जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष एचके पोद्दार ने की। नववर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम में प्रेस क्लब ऑफ यूपी के नवगठित संगठन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चैरसिया, जिला अध्यक्ष अवधेश गुप्ता सहित बीके तिवारी, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष भागीरथ नगायच मौजूद



रहे। अतिथियों की मौजूदगी में संयुक्त मीडिया क्लब के जिलाध्यक्ष भगवानदीन यादव और विराग पचैरी ने पत्रकार हित को लेकर अपने अपने विचार रखे। वहीं कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अमित श्रोतीय ने किया है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने प्रेस भवन के लिए एक सप्ताह में जमीन आवंटन का भरोसा पत्रकारों को दिया। कार्यक्रम में संयुक्त मीडिया क्लब और प्रेस क्लब ऑफ यूपी के बुंदेलखंड प्रभारी इरफान पठान ने नवगठित जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। जिन्हें फूल माला पहनाकर सभी को उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी गई। प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिला कार्यकारिणी के संरक्षक एच के पोद्दार, विराग पचैरी, भगवानदीन यादव, अमित श्रोतीय, नारायण अग्रवाल की देखरेख में घोषणा हुई। जिसमें जिला प्रभारी अमित श्रोतीय, जिला अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग पचैरी, उपाध्यक्ष अफसार अहमद, तेजप्रताप सिंह, महामंत्री वहीद अहमद, रविंद्र मिश्रा, जिला सचिव भरत त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष जावेद बागवान, जिला मंत्री इमरान खान, नानू जुबैर अहमद, जिला संगठन मंत्री सुनील नाहर बनाए गए।

### किसानों के सच्चे हितैषी थे स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद दुबे

जन एक्सप्रेस। भाटपार रानी देवरिया

सुरेंद्र प्रसाद दुबे हाई स्कूल बड़कागांव में स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद दुबे की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय परिवार के द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा विजय कुमार दुबे ने कहा कि स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद दुबे किसानों के सच्चे हितैषी थे। वह किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा संघर्ष करते रहते थे। गन्ना किसानों का समय से भुगतान न होने पर वह अपने पास से भुगतान करने का काम करते थे। विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रबंध समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के सदस्य होने के नाते उन्हें मेंबर साहब के नाम से जाना जाता था। भाटपार रानी एवं बनकटा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत के सदस्य, कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर एवं भाटपार रानी केन यूनियन के अध्यक्ष के पद पर वह लंबे समय तक रहे। जिला उपाध्यक्ष भाजपा अजय कुमार दूबे ने कहा कि स्वर्गीय दुबे सादगी के प्रतिमूर्ति थे। वह सादा जीवन और उच्च विचार में विश्वास रखते थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। भाटपाररानी देवरिया

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का भठवा पांडे में आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि सुशील कुमार शाही ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 9 वर्ष से ऊपर के कार्यकाल में जो कहा सो किया। इसीलिए अब देश की जनता कह रही है कि देश में केवल मोदी की ही गारंटी चलेगी। केंद्र की मोदी सरकार 3 साल से देश के 80 करोड़ परिवारों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है और इस योजना को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 साल के लिए और बढ़ाने की ऐतिहासिक घोषणा की है। सौभाग्य योजना के अंतर्गत एक तरफ जहां निशुल्क विद्युत कनेक्शन देने का काम हुआ है वहीं पर जिन घरों पर पोल के अभाव में बिजली नहीं जाती थी वहां पर बिजली पहुंचाने का कार्य किया गया है। ग्रामसभा भठवा पांडे के यशस्वी ग्रामप्रधान तथा ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र देव ने सभा को संबोधित किया तथा आए हुए अतिथियों को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उक्त अवसर पर भठवा पांडे के यशश्वी ग्रामप्रधान प्रसुम्मन यादव , ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र देव भाजपा नेता संतोष पटेल भाजपा नेता विशम्भर पांडे भाजपा नेता सुरेश तिवारी संचालन करता है संजय भारती सुनील पटेल तथा विकासखंड भाटपार रानी के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नहीं कम हो रही है चौक ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं की समस्या

जन एक्सप्रेस। लार,देवरिया

वैसे तो वर्तमान समय को मशीनी युग के नाम से जाना जाता है। विज्ञान के विकास ने मनुष्य के हर दिनचर्या को मशीन पर निर्भर कर दिया है। जाहिर सी बात है कि इन मशीनों को चलाने के लिए पावर यानी बिजली की जरूरत पड़ती है लेकिन लार कस्बे की घनी आबादी के कुछ लोग आज भी लालटेन युग मे जीने को मजबूर है। जिम्मेदारो के ढुलमुल रवैये के कारण आज भी यहाँ अंग्रेजी व्यवस्था वाली बिजली सिस्टम काम कर रही है। पूरा देश आजादी का 75वी वर्षगांठ मनाया है लेकिन कस्बे के अधिकांश घरों छत के बरजा, कुंडी, पेड़ या बांस बल्ली के सहारे बिजली लोगो के घरों में पहुंचती है। सबसे बड़ी बात है कि लगभग तीन दशक पुराने बिजली कनेक्शन लिए उपभोक्ताओं की बिजली मानक से अधिक केबल के माध्यम से उनके घरों पहुंचती है। विभाग अब तक एक अदद खम्भा भी उपलब्ध नही करा सका है। ऐसा भी नही कि यह समस्या विभाग के संज्ञान में नही है सबकुछ जानते हुए भी विभाग में अपनी आंखें मूंद ली है। लार कस्बे के चौक वार्ड से जुड़े लगभग आधे घरों के उपभोक्ताओं के घर मे कई दिन से बत्ती गुल रहा। शिकायत के बाद भी इसका कोई उचित समाधान नही होने से लोग कड़ाके की ठण्ड में अंधेरे में गुजरा करने को मजबूर है। बत्ती गुल होने से लोग एक बूंद पानी को तरस गए है। वही लोगो के घरों में लगें इलेक्ट्रॉनिक उपकरण धूल फांक रहे है। लोगो को अपने मोबाइल और लैपटॉप तक चार्ज करने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। शरद ऋतु में मौसम खराब होने के कारण वैकल्पिक ऊर्जा सोलर या इन्वर्टर भी काम नही कर रहे है। गर्मी में इस समस्या से जूझने वाले उपभोक्ताओं को इस कड़ाके के ठण्ड में भी उन्ही समस्याओ से जूझना पड़ रहा है।

## पुरवार पोरवाल समाज नगर इकाई कालपी का नव वर्ष मिलन समारोह हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस। कालपी

पुरवार पोरवाल समाज का नव वर्ष मिलन समारोह व्यास गेस्ट हाउस में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें भगवान राम दरवार व सरस्वती पूजन समाज के बुजुर्गों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच का संचालन शालिनी पुरवार व दिनकर पुरवार ने किया।
इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम किए। जिसमें पाँच साल की नन्ही परी शिवा ने अपने हुनर के माध्यम से सभी का मनमोह लिया। इसी के साथ ग्रुप डाँस व विभिन्न गानों पर बच्चों ने नृत्य किए। महिलाओं व पुरुषों ने बढ़चढ़कर गेम प्रतियोगता में हिस्सा लिया। नगर अध्यक्ष विशाल पोरवाल ने कहा कि समाज में एकीकरण करने के लिय जो भी प्रयास करना पड़े। उसको तत्पर रूप से पूरा करेंगे। राकेश पुरवार ने समाज के सभी लोगो को बधाई दी। साथ ही दिनकर पुरवार ने पानी बचाओ, पौधा लगाओं, पालिथिन हटाओ पर्यावरण के विषय संक्षिप्त में विचार रखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक पुरवार, अमित पोरवाल, रवींद्र पुरवार, विवेक पुरवार एवं महिलाओं में उषा गुप्ता, अपर्णा पुरवार, गीता पुरवार, रागिनी, ममता, मधु, पूनम, साधना, कल्पना, सारिका आदि लोग मौजूद रही।



### श्रीमदभागवत कथा श्रवण से धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है

जन एक्सप्रेस। महोबा

शहर के बड़ीहाट गोपाल विवाह घर मे 25 दिसम्बर से श्रीमद्भागवत का आयोजन रामलाल रिछारिया एड0 व श्रीमति दमयंती के संयोजकत्व मे हो रहा है। कथा व्यास महेश्वरानंद सरस्वती चित्रकूट ने कथा का शुभारम्भ ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय एवं हरे राम, हरे राम, राम राम हरे, हरे। हरे कृष्णा, हरे कृष्णा- कृष्ण कृष्ण हरे हरे कीर्तन से किया। कथा व्यास महेश्वरानंद ने कहा कि श्रीमदकथा के श्रवण से पापों का विनाश होता है एवं धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा व्यास ने नारद भक्ति, ध्रुव, प्रहलाद चरित्र माखनलीला, गोवर्धनलीला, गजेन्द्र मोक्ष, कंस वध रूक्मिणी विवाह व कृष्ण सुदामा चरित्र पर प्रकाश डाला। कृष्ण भगवान तीनों लोकों के स्वामी होते हुए भी अपने मित्र को नही भूले। जब सुदामा कृष्ण से मिलने आये, तो कृष्ण भगवान ने उनका पटरानियों सहित स्वागत किया और सुदामा की गरीबी पर इतने रोये कि उन्होने ऑसुओं से उनके पैर धो डाले। वास्तव मे सच्चा मित्र वही होता है जो विपत्ति मे काम आये। आज पश्चिमी चकाचैंध मे लोग मित्रों यहॉ तक कि व्यापार करने मे अपने घर परिवार के सदस्यों को भी ठगते है। इसके पूर्व कथा व्यास ने अष्टम अध्याय मे वर्णित गजेन्द्र मोक्ष की कथा सुनाई जिसमें भगवान कृष्ण ने गजेन्द्र की ग्राह (मगहर) से रक्षा की थी। गजेन्द्र मोक्ष धाम नैपाल के मध्य मे एक पर्वत के ऊपर स्थित है। गजेन्द्र मोक्ष के पाठ करने, श्रवण करने से अकाल मृत्यु नही होती। जो कोई गजेन्द्र की तरह प्रभु की शरण में जाता है, प्रभु उसके प्राणों की रक्षा करते है।

## वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में अपराधियों पर काल बनकर टूटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। उरई

जालौन पुलिस विगत वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में अपराधियों पर काल बनकर टूटी। पिछले वर्ष हुई 6 मुठभेड़ की तुलना में इस वर्ष 55 मुठभेड़ हुई जिसमें 43 अपराधियों घायल हुए, जबकि दो अपराधियों की मौत भी हो गई। हालांकि एक सिपाही इस वर्ष उरई में वीरगति को प्राप्त हुआ, लेकिन कई बदमाशों ने पुलिस के डर से न्यायालय में आत्म समर्पण भी कर दिया। वर्ष 2023 में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर एसओजी टीम के साथ ही थाना पुलिस द्वारा अपराधियों को पकड़ने के लिए कड़ी मेहनत की गई है। यही कारण रहा है कि 43 अपराधी पुलिस बल का सामना करते हुए घायल हुए हालांकि इस दौरान उरई में तैनात आरक्षी भेद जीत की हत्या का मामला काफी सुर्खियों में रहा है। लेकिन अपराधी ज्यादा दिन बच नहीं पाए और पुलिस ने इस मामले में दो अपराधियों को मार गिराया। एसओजी सर्विलांस कोतवाली उरई व आटा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा कांस्टेबल भेद जीत की हत्या के मामले में शामिल एक लाख के इनामी दोनों अभियुक्तिगण उमेश पुत्र सुरेश चंद्र निवासी ग्राम। राहिया व रमेश पुत्र अवंती निवासी ग्राम सरसोंखी को मार गिराया था। इस दौरान उनसे अवैध हथियार कारतूस बरामद किए गए थे। इससे पहले 17 फरवरी को पुलिस ने 50 हजार के इनामी अपराधी भूरी जाटव उर्फ अजय उर्फ श्री कृष्ण जाटव पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम नगला थाना वैदपुरा से मुठभेड़ हुई। जिसमें इस अपराधी के पैर में गोली लगी थी। इतना ही नहीं मौके से एक मारुति ईको अवैध शस्त्र बरामद किए गए। 4 अप्रैल को एसओजी सर्विलांस टीम व शहर कोतवाली पुलिस की 50 हजार के के अंतर्राष्ट्रीय इनामी अपराधी सुभाष गुर्जर उर्फ राटी पुत्र माया राम गुर्जर निवासी प्रगति विहार थाना गोले का मंदिर ग्वालियर मध्य प्रदेश से हुई मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान हाथ व पैर में गोली लगने से अपराधी घायल हुआ था, जबकि मौके से मौके से लूटी गई बाइक व लूटा हुआ मोबाइल अवैध शस्त्र आदि बरामद किए गए थे। 26 अगस्त को थाना डकोर पुलिस ने एसओजी सहित कानपुर की संयुक्त टीम ने 50 हजार का इनामी शातिर अभियुक्त नरेंद्र निषाद पुत्र राम प्रसाद उर्फ पहलवान निवासी भोना पुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को पड़कर कानूनी कार्रवाई की गई थी।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | ई-निविदा सूचना सं. : 1121-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-द्वितीय कॉल दिनांक- 01.01.2024 |
| 2. | कार्य का नाम : अयोध्या स्टेशन पर 3 वर्ष की अवधि के लिए 11/0.415 KVA सब-स्टेशन के साथ डीजी सेट, पंप और यार्ड लाइटिंग का व्यापक वार्षिक रखरखाव। |
| 3. | अनुमानित लागत : रु. 22,99,813.20/- (बाईस लाख निन्यानवे हजार आठ सौ तेरह रुपये एवं बीस पैसा मात्र) |
| 4. | ई-निविदा की कीमत : शून्य |
| 5. | बयाना राशि : रु. 46,000/- (छियालीस हजार रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि : 36 माह |
| 7. | ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि : दिनांक 29.01.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा., उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता : ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट : अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सं.: 1121-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ-द्वितीय कॉल दिनांक: 01.01.2024 01/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पुलिस अधीक्षक ने नववर्ष में यातायात पुलिस टीम को दी गई नई सौगात

जन एक्सप्रेस। महोबा

नूतन वर्ष 2024 के प्रथम दिवस आज सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा यातायात पुलिस के नए कार्यालय, चेक पोस्ट का फीता काटते हुए उसका भव्य उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस तरह यातायात पुलिस टीम सहित स्थानीय जनता को नये वर्ष का तोहफा दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि पुराना यातायात कार्यालय जो कि पुलिस लाइन में अवस्थित था, जिसके बारे में स्थानीय लोगों को कम जानकारी थी जिस वजह से उनको



असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। जनपद महोबा में नवनिर्मित यातायात चेक पोस्ट, कार्यालय का भव्य उद्घाटन पुलिस अधीक्षक महोबा के करकमलों से किया गया है। जिससे यातायात कार्यालय को अब एक नई पहचान मिली है जो कि कानपुर-सागर हाइवे पुलिस लाइन तिराहे के पास स्थापित किया गया है, इससे जहां स्थानीय लोगों को भी लाभ मिलेगा तो वहीं जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के लिए भी लाभप्रद होगा। इस दौरान सत्यम अपर पुलिस अधीक्षक, उमेश चन्द्र क्षेत्राधिकारी यातायात चरखारी, सुश्री हर्षिता गंगवार क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, दीपक दुबे क्षेत्राधिकारी नगर, शिवपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक यातायात, शिवकुमार, प्रतिसार निरीक्षक तारासिंह पटेल, पीआरओ पुलिस अधीक्षक सहित सम्मानित समाजसेवी, गणमान्य व्यक्ति एवं प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक पत्रकार बन्धु मौजूद रहे।

### सड़कों पर नहीं दौड़े साधन, परेशान रहे यात्री

जन एक्सप्रेस। लार,देवरिया

सभी लोग चाहते है नया वर्ष उनके लिए मंगलमय रहे। ऐसा मानना है कि यदि वर्ष का पहला दिन यदि ठीक बीतता है तो पूरा वर्ष ठीक रहता है। नव वर्ष के पहले दिन अधिकांश लोग पिकनिक मनाने के उद्देश्य से घर से निकलते है लेकिन सोमवार को अनेकों लोगो की उम्मीदें उस समय धराशाई हो गई जब बस स्टैण्ड पर पहुंचने के बाद उन्हें कोई साधन नही मिले। घण्टो प्रतीक्षा के बाद उन्हें वापस घर लौटना पड़ा। लार से गिरिजा देवी को गोरखपुर दवा के लिए निकलना था, रामइकबाल को लार से देवरिया जाना था वही सुखदेव राजभर को लार से सलेमपुर के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए जाना था, कस्बा के भरटोलिया वार्ड निवासी मुन्द्रिका सिंह को गोरखपुर अपने बेटे से मिलने जाना था लेकिन उक्त सभी लोग स्टैण्ड से घण्टो इंतजार के बाद कोई साधन नही मिलने से वापस लौट आये। वही अनेक लोगो को नए साल का उत्सव मनाने के लिए कुशीनगर, गोरखनाथ मंदिर और अन्य जगहों पर जाने के लिए निकलने वाले थे लेकिन जब पता चला कि कोई साधन नही है तो उन्होंने अपना विचार बदल दिया।

# अयोध्या नगरी को 'रामानंद की धरोहर' से राममय करने में जुटी योगी सरकार

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

योगी सरकार रामनगरी अयोध्या का न सिर्फ भौतिक, बल्कि आध्यात्मिक रूप से विकास सुनिश्चित कर रही है। भावी पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत से अवगत हो और उन मूल्यों से जुड़ाव महसूस कर सके, इसके लिए योगी सरकार 1987 में पहली बार प्रसारित हुए रामानंद सागर कृत रामायण टीवी धारावाहिक का भी अयोध्या में लगभग सात स्थानों पर विशेष प्रसारण करा रही है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद जब 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो अलग ही नजारा होगा, लेकिन उसके पहले वर्तमान व भावी पीढ़ी में प्रभु श्रीराम के त्याग, धैर्य, वैराग्य और पराक्रम की अलख जगाने के लिए योगी सरकार शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन्स के जरिए निरंतर इसका प्रसारण करा रही है।

* 25 दिसंबर से रोजाना शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक हो रहा निरंतर प्रसारण
* प्रभु श्रीराम की जीवनी के उत्प्रेरक प्रसंगों का चित्रण देख भक्ति व आस्था के भावों से भर उठे लोग



**शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक कई स्थानों पर हो रहा प्रसारण**

रामायण का प्रसारण शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक निरंतर कई स्थानों पर किया जा रहा है। रामकथा पार्क संग्रहालय, कनक भवन के पास, श्रीराम आश्रम, अशर्फी भवन, तुलसी उद्यान, भजन संध्या स्थल, लक्ष्मण किला आदि स्थानों पर इसका प्रसारण किया जा रहा है। प्रभु श्रीराम के विग्रह की श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व ही निराकार रामलला के साकार होने की लालसा ने अयोध्यावासियों को इस कदर भाव विह्वल कर दिया है कि रामायण के प्रसंगों में वह अपने-अपने राम को अंगीकार होते देख रहे हैं।

**रामायण धारावाहिक के धार्मिक गीत व भजनों से गुंजायमान हुई अयोध्या**

रामानंद सागर कृत रामायण के भक्तिगीत व भजन भी रामनगरी में जमकर गूंज रहे हैं। रवींद्र जैन के सुमधुर आवाज में निरंतर %रामभक्त ले चला रहे राम की निशानी%, %राम कहानी-सुनो रे राम कहानी%, %मंगल भवन अमंगल हारी%, %रामायण चौपाई%, %हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की% समेत अनेक भजन यहां के प्रमुख चौक-चौराहों पर सुनने को मिल रहे हैं। पीएम मोदी के 30 दिसंबर को हुए भव्य रोड-शो के दौरान भी ये सभी गीत लगातार लाउडस्पीकर्स के जरिए बजाए जा रहे थे। विभिन्न माध्यमों के जरिए बज रहे ये सभी गीत न केवल कानों को झंकृत कर रहे हैं, बल्कि सुनने वाले की आत्मा में उतर कर आत्मिक संपदा में वृद्धि कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, लता चौक पर सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के कर्णप्रिय स्वर में श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन समेत श्रीराम को समर्पित अनेक भजन आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं।

**सर्द रातों में भी सिर चढ़कर बोल रही आस्था**

प्रदेश के सूचना व जनसंपर्क विभाग की तरफ से इसका प्रसारण किया जा रहा है। लोगों की आस्था सर्द रात में भी सिर चढ़कर बोल रही है। खास बात यह है कि खुले आसमान के नीचे कड़ाके की सर्दी के बीच भी जब रामायण के प्रसिद्ध प्रसंगों का प्रसारण होता है एक बार चलती सड़क पर जनमानस भी ठिठक जाता है और वह प्रसंग देखकर भाव-विह्वल हो जाते हैं। आलम यह है कि शाम पांच से 11 बजे के बीच जब इसका मंचन होता है तो देर रात प्रसारित हो रहे प्रसंगों का साक्षी अच्छी खासी भीड़ को बनता देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत अयोध्या में विकास कार्यों को गति देने में जुटे श्रमिक अपने दिन भर का कार्य पूरा करके जब घर लौटते हैं तो रास्ते में वह इस प्रसारण को देखकर नई उर्जा से भर उठते हैं और अगले दिन नई उमंग से राम

# शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया




**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संवर्धन तथा संरक्षण के लिए विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के आयोजन के मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों तथा युवा पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। सामान्य अर्थों में पर्यावरण हमारे जीवन को प्रभावित करने वाले सभी जैविक और अजैविक तत्वों तथ्यों, प्रक्रियाओं और घटनाओं के समुच्चय से निर्मित इकाई है।

संगोष्ठी का आयोजन रानो पाली स्थित हर्ष क्लासेस के हाल में हुआ। उक्त संगोष्ठी में उमाकांत मिश्र अध्यापक व ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य ने अपने ने कहा हम अपने घर तथा आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखकर इसकी शुरुआत कर सकते हैं। ट्रस्ट की इवेंट कोऑर्डिनेटर अंशिका सिंह दैनिक जीवन में ऐसी वस्तुओं का प्रयोग करें जो पर्यावरण के लिए लाभकारी हो। इसी तरह अन्य भक्तों ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल मौर्य ने किया।

ट्रस्ट प्रमुख डॉक्टर विजय शंकर मौर्य ने बताया हम सभी को महीने में कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए जिससे हमारी धरती हरी भरी हो जाए खेतों में जैविक खाद का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर पर्यावरण योद्धाओं को ट्रस्ट द्वारा शील्ड व सामान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जागरूक महिला शक्तियों ने भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हेतु जन सम्पर्क कर किया आमंत्रित

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में भगवान श्री राम के नूतन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा हेतु न्योता देने की निमित जनसंपर्क अभियान को गति देने हेतु अवध प्रांत अंतर्गत श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र स्थित श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या के तत्वाधान में पूजित अक्षत कलश यात्रा हनुमानगढ़ी रामलीला मैदान नवाबगंज में संपूर्ण क्षेत्र में कलश यात्रा निकाला गया द्य जिसमें क्षेत्र के हजारों महिला राम भक्तों के साथ-साथ संघ परिवार व स्थानीय भाजपा पदाधिकारी गण यात्रा में सम्मिलित होकर भगवान श्री राम के बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा में क्षेत्र वासियों को आमंत्रित करने हेतु निकाली गई कलश यात्रा पर भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया द्य कलश यात्रा नवाबगंज घंटाघर कटी चौराहा नंदिनी नगर के साथ-साथ अन्य जगहों से होते हुए



हनुमानगढ़ी रामलीला मैदान पहुंची द्यकलश यात्रा को लेकर संघ के पदाधिकारी और उनके अनुसंगिक संगठनों ने पूरे क्षेत्र में द्वारा द्वारा जाकर संपर्क अभियान छेड़ने के साथ क्षेत्र की प्रमुख बाजारों में व्यापारियों से संपर्क साधा द्य कलश यात्रा के माध्यम से जागरूक महिला शक्तियों ने भगवान श्री राम की नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा में निमंत्रण देने के साथ-साथ अच्छत देकर आमंत्रित किया द्य यह अभियान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलाया जाएगा द्यउक्त कलश यात्रा में प्रमुख रूप से विकल्प सिंह, कोमल सिंह, शशि कला, रितिक, शालू, अध्यक्ष सत्येंद्र, शिवानी सिंह, सचदेवा, शिवानी साहू, शशि कला सिंह आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# केन्द्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों की बदौलत अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गई: सांसद लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मिल्कीपुर विधानसभा के सुरवारा ग्राम पंचायत में कैम्प लगाया गया। कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने किया। विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में लोगो को केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारें में जानकारी दी गई।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अंतिम व्यक्ति के उत्थान की अवधारणा को आत्मसात करते हुए अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया गया है। गरीबों को आवास, शौचालय, गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। इलाज के लिए आयुष्मान भारत के तहत



पांच लाख की व्यवस्था की गई है। सरकार के सर्वांगीण, सर्वसमावेशी व सर्वस्पर्शी विकास से कोई वर्ग व कोई भी क्षेत्र छूटने नहीं पाया है। सरकारी की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत पात्रों को मिला है।उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों की बदौलत अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गई है। उद्यमियों की पसंद अयोध्या बनती जा रही है। रामनगरी में कई बड़े उद्यम घराने अपनो निवेश करने के लिए आतुर है। इससे क्षेत्र में रोजगार सृजन को काफी सम्बल मिलेगा। यह अयोध्या ही बल्कि इससे जुड़े जनपदों में समृद्धि लाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि एक बेहतर प्लान के साथ गांवो का विकास किया जा रहा है। गांवो की सड़को के मुख्य मार्गो से जोड़ा जा रहा है।कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद सांसद लल्लू सिंह का स्थानीय लोगो ने स्वागत किया। मौके पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, स्थानीय लोगो सहित विभागीय अधिकारियों, की मौजूदगी रही।

# जीनस इनिशिएटिव के साथ बुद्धिजीवियों ने लिया जिले को डिजिटल बनाने का संकल्प

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में महीने के प्रथम सोमवार को अपनी सेवाएं देने पहुंचने वाले हृदय रोग विशेषज्ञ जीनस इनिशिएटिव के संस्थापक डॉक्टर पंकज श्रीवास्तव के साथ मिलकर जिले के प्रसिद्ध चिकित्सकों, समाजसेवियों, शिक्षकों तथा बुद्धिजीवियों ने बलरामपुर जिले सहित पूरे मंडल को डिजिटल लिटरेसी मे सशक्त करने का संकल्प लिया है। उन्होंने सोमवार को पर्यटक आवास गृह में नगर के प्रसिद्ध चिकित्सकों, शिक्षको, बुद्धिजीवियों तथा समाजसेवियों के साथ बैठक कर विचार विमर्श किया।

जानकारी के अनुसार 1 जनवरी को डिवाइन हार्ट स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ के पूर्व डायरेक्टर जीनस इनीशिएटिव के संस्थापक हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने प्रबुद्ध वर्ग के साथ पर्यटक आवास गृह में बैठक कर देवीपाटन मण्डल को डिजीटल साक्षर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि हमे देवीपाटन मण्डल को शिक्षित



व डिजीटल लिट्रेसी की ओर लेकर चलना है जिससे लोगों को डिजिटल साक्षर बनाकर रोजगार परक बनाया जा सके। जैनस इनीशिएटिव के संस्थापक एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के प्रबुद्ध वर्ग के बीच कहा कि देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों को शैक्षिक तथा डिजिटल रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने कार्य भी बृहद स्तर पर शुरू कर दिया है। एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डा राजीव रंजन ने कहा कि देवीपाटन मण्डल में बलरामपुर के ऊपर पिछड़े जनपद के टैगलाइन लगा हुआ है, जिसे हम सभी साथ मिलकर दूर कर सकते है।मण्डल में डिजिटलीकरण पर जोर देना होगा जिससे लिट्रेसी से ई-लिट्रेसी की ओर कदम बढ़ाया जा सके। डा प्रमोद श्रीवास्तव ने कहा कि जनपदों मे संभावनाएं बहुत है, बस यहां अवसर उपलब्ध कराने व करने की जरूरत है। उन्होंने मौजूद प्रबुद्ध वर्ग से कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने की अपील की। इस अवसर पर डॉ वाई पी गुप्ता, डॉ विकास अग्रवाल, डॉ राकेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ देवेश श्रीवास्तव, डॉ कौशल्या गुप्ता, डॉ अभिषेक श्रीवास्तव, रोटरीयन प्रदुम्न सिंह, रोटेरियन अमरजीत सिंह, अनिल अग्रवाल एव पंकज सिन्हा मौजूद रहे।

# 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम, अयोध्या में दिव्य व भव्य राम मंदिर: गोविन्द नारायण शुक्ला



**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ला का भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। वे लखनऊ से गोरखपुर जा रहे थे।इस दौरान प्रदेश महामंत्री ने कहा 22 जनवरी को नवीन मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। 500 वर्षों के संघर्ष का परिणाम है कि आज अयोध्या में दिव्य व भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। इसके लिए हजारों अमर बलिदानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्राण प्रतिष्ठा के दिन जन्म भूमि ट्रस्ट की व्यवस्था के अनुसार अपने गली मोहल्ले व गांव के मंदिरों व देवालयों में प्रातः काल से पूजन भजन कीर्तन का आयोजन करें। प्रधानमंत्री की मंशानुसार शाम को अपने घरों को दीपकों की रोशनी से जगमग करें। हम सभी राम ज्योति जलाएं। 22 जनवरी के बाद ही आकर श्री राम जन्म भूमि का दर्शन करें। भाजपा नेता सुनील तिवारी ने कहा कि आज से निमंत्रण स्वरूप घर-घर अक्षत बाटनें का कार्यक्रम आरंभ हो चुका है। सभी आमंत्रण स्वीकार कर अपनी व्यवस्था के अनुसार 22 जनवरी के बाद ही अयोध्या में आकर श्रीराम जन्म भूमि का दर्शन करें। स्वागत करने वालों में पवन धर द्विवेदी, सौरभ गुप्ता, राजीव तिवारी, एस के तिवारी फौजी, मोनू मिश्र, राजेश सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# कड़ाके की ठंड भरी रात में जरूरतमंदों की मदद कर किया नव वर्ष का स्वागत

* समाजसेवी चिकित्सक ने अपने 5,9 व 14 वर्षीय बच्चों के साथ गरीबों को उढाया कंबल

**जन एक्सप्रेस। अखिलेश्वर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के प्रसिद्ध समाजसेवी, चिकित्सक, मिशन मेडिकेयर हॉस्पिटल तथा फरियाद फाउंडेशन के संस्थापक डॉक्टर अख्तर रसूल खान ने नव वर्ष 2024 का स्वागत अपने बच्चों के साथ गलन भरी ठंड की रात में गरीब तथा बेसहारा लोगों को कंबल उढाकर किया। जानकारी के अनुसार महज़ 5 साल के वली पठान ने अपने पिता समाजसेवी चिकित्सक डॉक्टर अख्तर रसूल खान तथा अपने बड़े भाइयों 9 वर्षीय लकी तथा 14 वर्षीय अली पठान के साथ देर रात 12.30 पर जरूरत मंदों तक पहुंच कर मानवता की मिशाल पेश की और ज़रूरतमंदों को कंबल उढ़ाया। मासूम बच्चों को जज्बा देखकर आंखें भर आती हैं। डॉक्टर अख्तर रसूल खान



का परिवार देर रात सड़कों पर निकाल कर गरीब मोहताज और जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाने का कार्य कई दिनों से कर रहे हैं। मानवता की मिसाल इससे बड़ी क्या हो सकती है, कि महज 5 साल के वली पठान अपने भाइयों के साथ लकी और अली पठान की साथ रातों में निकाल कर जरूरतमंदों को कंबल उढाते नजर आए। उनके पिता डॉक्टर अख्तर रसूल खान फरियाद फाउंडेशन एवं मिशन मेडिकेयर के संस्थापक हैं जो सेवा की क्षेत्र में कई वर्षों से लगातार कार्य करते आ रहे हैं। उन्हीं के नक्शे कदम पर बच्चों ने भी मानवता की मिसाल पेश की है, जिसकी सराहना नगर के चारों तरफ की जा रही है।

# स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा मया बाजार में केक काटकर मनाया गया नववर्ष



**जन एक्सप्रेस। मयाबाजार-अयोध्या**

स्टेट बैंक आफ इंडिया शाखा मया बाजार में बैंक स्टाफ द्वारा नव वर्ष 2024 को बड़े ही धूम धाम से केक काटकर मनाया गया द्य नव वर्ष 2024 के अवसर पर शाखा प्रबंधक आकांक्षा श्रीवास्तव ने शाखा के सभी कर्मचारियों और ग्राहक सेवा केन्द्र प्रभारी को बधाई और शुभकामनाएँ दिया द्य इस अवसर पर शाखा प्रबंधक आकांक्षा श्रीवास्तव, कैशियर कौशलेंद्र कृष्ण प्रताप रस्तोगी, बड़े बाबू शैलेश कुमार विश्वकर्मा, सुरक्षा कर्मी भागीरथ पाण्डेय, हरिशंकर शर्मा, विनय कुमार गौड़, अजय कुमार गौड़, ग्राहक सेवा केन्द्र प्रभारी दिलासीगंज अनिल कुमार मौर्य, ग्राहक सेवा केन्द्र प्रभारी मया राजकुमार सोनी मौजूद रहे द्य

# एनटीपीसी-टाण्डा में सुरक्षा पर सामूहिक पेप टॉक के साथ नव वर्ष का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**

जनपद के टाण्डा थर्मल पावर स्टेशन में सुरक्षा पर सामुहिक पेप टॉक के साथ नव वर्ष मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना के विश्वकर्मा पार्क में मुख्य महाप्रबंधक, बी.सी. पलेइ की उपस्थिति में एनटीपीसी गीत की प्रस्तुति के साथ ही सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में मुख्य अतिथि ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नव वर्ष केक काटकर सभी को शुभकामनायें दी। समारोह के दौरान परियोजना के महाप्रबन्धक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा0 उदयन तिवारी, महाप्रबन्धक (परियोजना) अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (प्रचालन)



अभय मिश्रा ने सभी अपर महाप्रबन्धकगण, विभागाध्यक्षों, युनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण तथा कर्मचारीगण को नव वर्ष की शुभकामना एवं सुरक्षा पर संदेश दिए7 बीसी पलेई ने परियोजना की उपलब्धियों पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा वित्तीय वर्ष 2023-24, हमारी परियोजना के लिये चुनौतीपूर्ण एवं अनेकों उपलब्धियों का वर्ष रहा है। हम सभी को वर्ष 2024 में भी इसी वचनबद्धता एवं दृढ़संकल्प के साथ कार्य करना होगा। जिसके लिये हमें अपने कार्य पद्धति को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होनें कहा कि एनटीपीसी टांडा में सुरक्षा सर्वोपरि है इसलिए परियोजना लगातार सुरक्षा जागरूकता सत्र और सुरक्षा पर सामूहिक पेप टॉक का आयोजन करती रहती है। प्लांट परिसर में सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग अनिवार्य है एवं सभी कर्मचारियों से लापरवाही न बरतने की उम्मीद की जाती है।

कार्यक्रम के अंत में अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) रंजीत मंडल ने सभी को धन्यवाद् ज्ञापित किया।

इसके पूर्व परियोजना के सप्तरंग एवं नवरंग क्लब में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में टाण्डा आवासीय परिसर के कर्मचारी एवं उनके परिवारिक सदस्य मौजूद रहे।

ढ्ढस्न-20240101-ढ्ढ0654

# हत्या के आरोपी दो शातिर गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**

जनपद के पुलिस अधीक्षक डाक्टर कौस्तुभ द्वारा अपराध तथा अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मालीपुर पुलिस टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान हत्या में वांछित अभियुक्त रजनीश तिवारी उर्फ जंगली पुत्र मुनीश चन्द्र तिवारी निवासी ग्राम सुरहुरपुर थाना मालीपुर रमाशंकर उर्फ पप्पू राजभर पुत्र हरिनाथ निवासी ग्राम रुकुनपुर (मुंगारी) थाना मालीपुर को मुखबिर खास की सूचना पर सुरहुरपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। बाद पूछताछ अभियुक्त रजनीश तिवारी उर्फ जंगली की निशा देही पर ग्राम रुकुनपुर स्थित राजनरायण द्विवेदी की खेत में स्थित मड़ई के अन्दर से एक अदद आला कत्ल बाँस का अर्द्ध जला हुआ डण्डा बरामद किया गया।

# बीसलपुर में 5 करोड़ से कराए गए विकास कार्यों का राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





**बीसलपुर।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा 5 करोड़ की लागत से नगर में कराए गए विकास कार्यों का प्रदेश के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने नववर्ष पर बड़ा देवी मंदिर में आयोजित हुए समारोह में लोकार्पण किया गया। इस मौके पर उन्होंने नगर में और अधिक विकास कार्यों को कराने की घोषणा की। सोमवार को नगर के प्राचीन बड़ा देवी मंदिर परिसर में आयोजित हुए लोकार्पण समारोह में प्रदेश के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने 15वें वित्त आयोग से नगर के वार्ड संख्या 5, 9, 14, 15 में कराए गए इंटरलॉकिंग कार्य, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत शिव शंकर मंदिर के पास पार्क का सौंदरीकरण, वार्ड संख्या 13 मैं प्राचीन बड़ा देवी मंदिर का जीर्णोद्धार, रेलवे स्टेशन मार्ग पर डिवाइडर निर्माण, वार्ड नंबर 2 वार्ड नंबर 5 में सीसी रोड सहित कई बार्डो में 5 करोड़ की लागत से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस मौके पर राज्य मंत्री ने कहा कि नव वर्ष में पालिका अध्यक्ष द्वारा बीसलपुर नगर में विक्टोरिया फैंसी लाइटें, आरओ सिस्टम, प्राचीन बड़ा देवी मंदिर का जीर्णोद्धार , स्टेशन रोड पर डिवाइडर सहित करोड़ों के विकास कार्यों का तोहफा नगर वासियों को दिया गया है। नगर में और अधिक विकास कार्यों को कराने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी। प्राचीन बड़ा देवी मंदिर में मां दुर्गा के दर्शन कर पूजन किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल उर्फ निक्की, एसडीएम महिपाल सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरेश चंद शर्मा आयुष मिश्रा, मुकेश उपाध्याय, दीपक अग्रवाल, अभिमान शर्मा, सानू जायसवाल, सौरभ गुप्ता हरिराम कृष्ण गुप्ता, राकेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।



## सिद्ध नगर और शास्त्री नगर में भारत विकसित संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** शास्त्री नगर और सिद्ध नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई है। सोमवार को विकास खंड पूरनपुर के ग्राम शास्त्री नगर और सिद्ध नगर में एक दिवसीय विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग, उज्जवला योजना,पशु चिकित्सा विभाग,पीएम किसान सम्मन निधि,स्वास्थ्य विभाग समेत तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिष्ठित गणों को माल्यापर्ण कर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में आये विभागो के अधिकारियों ने प्रधानमन्त्री नरेद्र मोदी द्वारा देश भर मे चलायी जा रही महावाकांक्षी योजनाओं की विस्तार रूप से जानकारी दी गई।सम्मानितो को ग्राम प्रधान मनोज सिंह द्वारा अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोद भरी गई,नवजात शिशुओं को अन्नप्रासन कराया गया अन्त में सभी ने राष्ट्र को सर्व शक्तिमान व विकसित बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय सिंह भाजपा मंडल महामन्त्री,सचिव प्रेम शंकर,राजस्व लेखपाल राहुल गौंड,खाद्य आपूर्ति निरीक्षक वृजेश मिश्रा, पशुचिकित्सक डा0 उज्वल खरवार,ग्राम प्रधान मनोज सिंह,शिवनाथ प्रधान मुकेश कुमार गाधी नगर,प्रधान प्रतिनिधि सत्य प्रकाश सिंह रामनगर,सिद्ध नगर ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह और कार्यक्रम का संचालन राज कुमार सिंह ने किया.कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में स्त्री पुरुष मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### महाराजा अहिबरन की जयंती पर निकली शोभायात्रा



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** सिंगरामऊ बाजार में बरनवाल सेवा समिति व युवा संघ द्वारा महाराजा अहिबरन की जयंती पर धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा राजा साहब के पुराने कोट से शुरू होकर शीतला मंदिर, महाकाली मंदिर, सिंघावल तिराहा, बैंक चौराहा, कुशहा रोड, मुख्य बाजार से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। यात्रा में रथ पर राजा अहिबरन के रूप में एक किशोर को बैठाया गया था। सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष शामिल रहे। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि कुंवर मृगेंद्र सिंह शिव बाबा ने महाराजा अहिबरन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। संस्था के अध्यक्ष लालचंद्र बरनवाल ने मुख्य अतिथि को माल्यार्पण करके अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। बाजार में आयोजित इस रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों ने अनेकों मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बरनवाल सेवा संघ के अध्यक्ष पवन बरनवाल (मुन्नूबाबू) ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। अंत मे महिला संघ की कविता बरनवाल ने से सभी के प्रति आभार जताया। वहां पर समिति के संरक्षक सुभाष चंद्र बरनवाल, प्रधान मीना विनय सिंह, गरुण बरनवाल, रोहित कुमार बरनवाल, विशाल कुमार बरनवाल, विकास कुमार बरनवाल सहित समिति के लोग उपस्थित रहे।

### सड़क किनारे तेंदुआ का शव मिलने से मंचा हड़कंप



**जन एक्सप्रेस। बरखेड़ा।** जैसे ही सोमवार को 2024 का आगमन हुआ वैसे ही साल के प्रथम दिन जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव जारकल्लिया में सड़क के किनारे मृतक अवस्था मे एक तेंदुए का शव मिलने से हड़कंप मच गया। वही सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृतक तेंदुआ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को लिए बरेली भेज रही है। बता दे कि जंगल से दूर थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव जारकल्लिया के आसपास पिछले कई दिनों से एक तेंदुआ घूमते हुए दिखाई दे रहा था गांव के लोगो को ।तथा जब इसकी सूचना वन विभाग की टीम को भी दी गई थी। गौरतलब हो की वन विभाग के द्वारा निगरानी कराने की महज खाना पूरी कर औपचारिकता निभाई जाती रही और अब तेंदुआ का शव मिलने के बाद उसकी मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अनुमान लगाए जा रहे है। फिलहाल वन विभाग की टीम अपनी पड़ताल कर रही है की कौन से वाहन टक्कर लगी है। वहीं मौके पर काफी सारी भीड़ मौजूद रही।

### बालाजी कंप्यूटर का फीता काटकर किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सोमवार को भाजपा नेता गुरभाग सिंह ने नगर में बालाजी कंप्यूटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। केंद्र के संचालक हरिओम उपाध्याय ने माला पहनकर उनका स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता ने केंद्र पर आने वाले लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताने को कहा है। उन्होंने कहा आधुनिक युग में कंप्यूटर का बहुत महत्व है। यह आने वाले लोगों को सरकार द्वारा संचालित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी जाए।

### जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सीएचसी पहुंचकर मरीजों का जाना हाल



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर, पीलीभीत।** सोमवार नव वर्ष का पहला दिन लोगों ने अलग-अलग ढंग से मनाया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व भाजपा नेता डॉक्टर गुरभाग सिंह ने पूरनपुर सीएचसी पहुंचकर नवजात बच्चों को आशीर्वाद दिया। इसके बाद मरीज का हाल-चाल भी जाना। उन्होंने डॉक्टर से बेहतर उपचार की बात कही है। सोमवार को नव वर्ष 2024 का पहला दिन की शुरुआत लोगों ने एक दूसरे को बधाई देकर। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व भाजपा नेता डॉक्टर गुरभाग सिंह ने पूरनपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचकर यहां जन्में नवजात बच्चों को आशीर्वाद दिया। इसके बाद मरीज का हाल-चाल जानकार उनसे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने खान-पान की भी जानकारी ली। मौजूद तीमारदारो को ठंड के मौसम में बच्चों की देखरेख करने की सलाह दी। सीएचसी के एमओआईसी डॉक्टर अनिकेत गंगवार और स्टाफ को यहां आने वाले मरीजों की बेहतर देखरेख और उपचार करने की बात कही है। इस मौके पर संदीप खंडेलवाल, सतीश मिश्रा, सुमित शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अमरिया ब्लाक के गांव आसपुर एवं नवादा श्यामपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




पीलीभीत। विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत संकल्प यात्रा वैन आज अमरिया विकास खंड की ग्राम पंचायत आसपुर एवं नवादा श्यामपुर पहुंची संकल्प यात्रा वैन के कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए ग्रामीणों के बीच में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद पहुंचे। जहां पर विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद का बी डी ओ अमरिया, ब्लाक प्रमुख अमरिया,ग्राम प्रधान व सचिव ने स्वागत किया। संकल्प यात्रा वैन की व्यवस्था ग्राम प्रधान व सचिव ने की थी संकल्प यात्रा का वाहन आते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई संकल्प यात्रा वैन कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन, उज्वला योजना,बाल विकास पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे संकल्प यात्रा वैन में चलाई गई पिक्चर के माध्यम से ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने कहा कि इस संकल्प यात्रा को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 23 नवंबर 2023 को झारखंड से शुरू किया गया है यह एक अभूतपूर्व परिवर्तन है। प्रधानमंत्री का उद्देश्य है कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के कोने-कोने में रहने वाले लोगों को प्राप्त हो सके इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन देश के कोने-कोने में प्रत्येक ग्राम पंचायत में जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जनता को जागरूक करने का काम कर रही है। संकल्प यात्रा में खंड विकास अधिकारी अमरिया, ब्लाक प्रमुख निशान सिंह मंडल अध्यक्ष जयराम राजपूत, बीडीसी सचिव सभी सरकारी विभागों के अधिकारी , मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, विभागीय कर्मचारी एवं ग्रामवासी आदि मौजूद रहे।

## क्लास में कोचिंग टीचर का शव फंदे पर लटकता देख दंग रह गए छात्र

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** जिले के शाहगंज क्षेत्र के मदरहां गांव स्थित एक विद्यालय में सोमवार को कोचिंग टीचर का शव फंदे से लटकता मिला। मौके पर पहुंची पुलिस को ब्लैक बोर्ड पर सुसाइड नोट लिखा मिला। इस दौरान पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। आजमगढ़ के दीदारगंज थाना क्षेत्र के पकड़वल गांव निवासी नवीन कुमार (19) पुत्र पवन कुमार अपने ननिहाल शाहगंज के मदरहां में रहकर कोचिंग पढ़ाता था। सोमवार की सुबह घर से 500 मीटर स्थित माता मरजादी देवी इंटर कालेज में कोचिंग पढ़ाने पहुंचा था। बच्चे जब कोचिंग के लिए पहुंचे तो नवीन का शव पंखे के सहारे फंदे पर लटकरहा था। छात्रों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी तो लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार उसने विद्यालय स्थित बोर्ड पर सुसाइड नोट लिखा था कि मैं अपनी जिंदगी से तंग आकर आत्महत्या कर रहा हूं। पुलिस ने नोट की फोटो लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर पूछताछ के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

## अपराध नहीं करने की तख्ती लेकर थाने पहुंचे हिस्ट्रीशीटर

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** जिले में अपराध पर लगाम के लिए अभियान तेजी से चल रहा है। ताबड़तोड़ मुठभेड़ की कार्रवाई की जा रही है। वहीं हिस्ट्रीशीटरों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस के बढ़ते दवाब को देखते हुए बरसठी क्षेत्र के नौ हिस्ट्रीशीटर थाने में अपराध न करने की लिखी तख्ती लेकर पहुंचे। यहां पर हिस्ट्रीशीटरों से निगरानी के लिए शपथ पत्र भरवाया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से अन्य अपराधियों में भय व्याप्त है। पुलिस अधीक्षक डा.अजयपाल शर्मा के निर्देश पर बरसठी क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने थाने पर हिस्ट्रीशीटर की निगरानी करनी शुरू कर दी है। शनिवार को थाने आकर अपराध न करने की तख्ती लिखी हाथ में लेकर थाने पर हाजिरी लगाई।

# हिट एंड रन कानून का विरोध करने सड़कों पर उतरे ड्राइवर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत






सोमवार को नव वर्ष के आगमन के दौरान नव वर्ष के प्रथम दिन ही केंद्र सरकार द्वारा लाये गए नए हिट एंड रन संशोधित कानून के खिलाफ भारी वाहनों के चालकों ने मोर्चा खोलते हुए हड़ताल की जहां राज्य परिवहन निगम के पीलीभीत डिपो की दो से कर ही बसें निकल पाई थी ट्रक चालकों की हड़ताल के चलते नौगवां चौराहे पर रोकना पड़ा और शेष बसों के पहिए भी रोडवेज पर ही थम गए।चालकों की हड़ताल का असर निजी बसों पर भी पड़ा और उन्होंने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया बरेली मार्ग पर प्रदर्शन किया। वही न्यूरिया थाना क्षेत्र में वाहन चालकों ने भी हड़ताल की। जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के ईदगाह चौराहे पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक बीएम सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों से हुई वार्ता विफल हो गई। सोमवार को विभिन्न मार्गों पर भारी वाहन चलाने वाले बड़ी संख्या में वाहन चालक नगर के प्रमुख ईदगाह चौराहे पर एकत्र हुए चालकों ने केंद्र सरकार द्वारा ड्राइवरों के खिलाफ लाये गए नए संशोधित कानून हिट एंड रन को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए जाम लगा दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे किसान मजदूर संगठन के मुखिया एवं पूर्व विधायक बीएम सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने ड्राइवरों के खिलाफ हिट एंड रन कानून लाकर उनका गला घोटने का काम किया है। इस कानून को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जान बूझकर कोई भी सड़क हादसा नहीं करते हैं धोखे में ही सड़क हादसे हो जाते हैं। इस कानून के तहत 10 साल की जेल व 10 लाख रुपए तक का जुर्माना है। गरीब ड्राइवर जुर्माने के रूप में इतनी बड़ी धनराशि कहां से जमा करेंगे। उन्होंने इस कानून को तत्काल वापस लिए जाने की मांग की। जाम की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी महिपाल सिंह मौके पर पहुंच गये जहां पर किसान नेता बीएम सिंह व उपजिलाधिकारी की 15 मिनट वार्ता होने के बाद एसडीएम के अश्वासन पर जाम खोला गया। घंटो चला जाम खुलने के बाद राहगीरों ने राहत की सांस ली। जाम व प्रदर्शन करने वालों में किसान मजदूर संगठन के नेता गुल्लू पहलवान, ओम प्रकाश, संजीव, रीतराम, सतपाल, राजू, बृजेश, मुकेश, हिमांशु, सुदेश, हसनैन, अमित पंडित, शाहिद, ईशाक सहित बड़ी संख्या में चालक शामिल थे।

# दर्जनभर बाइक सवार बदमाशों ने एक परिवार पर बोला हमला

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

- क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत चार को पीटा हालत गंभीर
- घरों में जमकर की तोड़फोड़ की हवाई फायरिंग
- सरायख्वाजा के डाल्हनपुर मे हुई घटना



सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के डाल्हनपुर गांव में दर्जनभर बाइक सवार दबंग पहुंचे ,वहा परिवार के ऊपर धारदार हथियार हॉकी डंडे से हमला बोलकर पिटाई कर दिए ।जिसमें क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए ।घायलो को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। जानकारी के अनुसार डाल्हनपुर गांव निवासी रामजीत सोनकर का घर जौनपुर शाहगंज मार्ग के किनारे है। सोमवार के दोपहर करीब पौने दो बजे एक दर्जन मोटर साइकिल सवार युवक पहुंचे । सबके हाथ में डंडा राड व धारदार हथियार थे। इस दौरान रामजीत सोनकर के घर पहुंचे उनके छोटे बेटे आकाश को पूछा, वहा मौजूद जासोपुर गांव निवासी महेन्द्र यादव का 23 वर्षीय पुत्र लल्लू यादव बच्चों को कोचिंग पढा रहा था उसे पीटना शुरू कर दिए। वही मौजूद 50 वर्षीय रामजीत सोनकर को बुरी तरह पीट दिए, कई जगह गंभीर चोटे आयी हैं। बचाव के लिए पहुंचा क्षेत्र पंचायत सदस्य 25 वर्षीय सोनू सोनकर ने आरोपी युवको के बाइक की चाबी निकाल लिया। जिससे गुस्साए बदमाशों ने उसके सर पर पैर में धारदार हथियार से हमला कर दिया और इस दौरान 23 वर्षीय पत्नी आरती को भी पीट कर घायल कर दिया। दबंगों ने घरों में जमकर तोड़फोड़ की । आरोप है भीड़ जुटता देख बदमाशो ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। फायरिंग होते ही सभी भीड़ भाग खड़ी हुई। सभी आरोपी बाइक पर सवार होकर भाग निकले। सूचना लगते ही पूर्वांचल चौकी प्रभारी संतोष कुमार यादव मय फोर्स साथ बदमाशो का पीछा किया , दो आरोपियो को सिद्धिकपुर चौराहा तक घेर कर पकड़ लिया। इसके बाद अन्य बदमाशों की तलाश में जुट गए। उधर सूचना लगते ही थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए।मामले की जानकारी लिया।उधर घायलों को दो एंबुलेंस से जिलाअस्पताल ले गए, उपचार के लिए भर्ती कराया। जानकारी पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भाजपा नेता सुनील कुमार यादव मम्मन पहुंच गए। पुलिस से उचित कार्रवाई का जोर दिया। इस मौके पर भारी भीड़ जुट गई ।लोगों ने आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग किया। चौकी प्रभारी पूर्वांचल संतोष कुमार यादव ने कहा कि गोली नहीं चली है। मारपीट की घटना हुई है आरोपियों को चिन्हित किया गया। शीघ्र पकड़ा जाएगा।

# युवक को चाकू मारने वाले आरोपी ने पीड़ित के मोबाइल पर दी धमकी बोला दो चार दिन में सब मारे जाओगे

- सोशल मीडिया पर ऑडियो वायरल, राइफल व बंदूक के साथ अपनी फोटो भी पीड़ित के व्हाट्सएप पर भेजा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर





**गांव वाले की मानें तो आरोपी पर पहले से दर्ज है आपराधिक केस**

युवक को चाकू मारने वाले युवक पर जनपद समेत अन्य जिले में भी कई आपराधिक मामला दर्ज है और जेल जा चुका है कुछ वर्ष पूर्व भी सरपतहा पुलिस थाने ला कर कर चुकी हैं पूछताछ तब एक भाजपा नेता के दबाव में पुलिस छोड़ दिया था।

बीते शनिवार देर शाम युवक को गाड़ी से उतर कर चाकू मारने वाला आरोपी घायल युवक के परिवार के मोबाइल नंबर पर राइफल व बंदूक के साथ फोटो भेजा और फोन कर पूरे परिवार को दो चार दिन में मार देने की धमकी दी , हद तो तब हो गई की उक्त आडियो में बातचीत के दौरान गाली गलौज देते हुए शनिवार की घटना में चाकू मारने की बात को स्वीकार करते हुए काहे की अभी तो यह ट्रेलर है आगे फिल्म बाकी है आरोपी की बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिससे हड़कंप मच गया गौरतलब हो कि बीते शनिवार देर रात दिनेश कुमार बर्मा 26 अर्टिका कार से सरपतहा थाना क्षेत्र के रुधौली बाजार से देर शाम घर वापस लौट रहे थे आरोप है कि जैसे गांव के बाहर स्थित शारदा सहायक नहर के पुल से गांव के तरफ़ उतर रहे थे तभी पहले से घात लगाकर गांव के सदाफखान ने गाड़ी रोकी गाड़ी रुकते ही पीछे खड़े मोईद खान इस्तियाक खान कैफ खान अफसर खान गाड़ी से खींच लिया और सद्दाफ खान ने जान से मार डालने की नीयत से चाकू मारी जिसे घायल युवक ने हाथ में पकड़ लिया जिससे दाहिने हाथ की हथेली में गम्भीर चोटे आई अन्य लोग खून बहता देख भाग गये सूचना पर पहुंची 100नं की गाड़ी घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया कराया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही घायल युवक के परिजन समर्थक आरोपी के घर पहुंच गए इसके पहले आरोपी के परिजन घर से फरार हो चुके थे तो बहार दरवाजे पर लोगों ने खूब बवाल काटा और दरवाजे पर खड़ी अपाचे बाइक तोड डाली सूचना पर पहुंची पुलिस शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है वहीं बताया जाता है कि गांव से काफी युवक घर छोड़कर कर फरार हो गए हैं। उक्त मामले में पुलिस एक तरफ से पांच लोग व एक तरफ से एक लोगों को हिरासत में लेकर कर रही थी जिसमें रविवार रात कुछ लोगों को छोड़ा है इसी दौरान पीड़ित परिवार को घटना के मुख्य आरोपी द्वारा मोबाइल पर धमकी दिए जाने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जो पुलिस के लिए सर दर्द बन गया है।

# हाईवे पर ट्रक चालकों, शहर के अंदर ऑटो चालकों की सरेआम गुंडई और चक्का जाम से बेहाल हुई जनता







**✻ ऑटो चालकों ने गंतव्य को जा रही सवारियों को जबरन ई रिक्शा से उतरवाया**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्टर ट्रक चालको के साथ ही टैक्सी यूनियन के चालकों में भी आक्रोश में हैं और परिणाम स्वरूप बीते दिन सोमवार को कानपुर सहित कई जिलों में बस, ट्रक और टैक्सी चालकों ने जहां हडताल कर विरोध प्रदशन किया तो वहीं साधन उपलब्ध न होने के कारण रोजमर्रा काम पर जाने वाले आम जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ा। साधन न होने के कारण चौराहों पर पुरुषों, महिलाओं व बच्चों की भीड़ लगी रही और लोग समय से अपने गतव्य नही पहुंच सके। कुछ टैक्सी व ई रिक्शा सडकों पर नजर भी आये तो उन्हे यूनियन के लोगों द्वारा रोका गया और सवारियों को उतरवा दिया गया। ट्रक चालकों ने नेशनल हाईवे-2 जाम कर दिया जिससे भौंती बाईपास तक जाम लग गया।

ज्ञातव्य हो कि भारतीय न्याय संहिता 2023 के अतंर्गत मार्ग दुर्घटना के बाद भागने पर चालक के लिए 7 लाख जुर्माना तथा दस वर्ष की सजा का प्राविधान किया गया है, जिसे लेकर व्यवसायिक वाहन चालकों में असंतोष है। जहां इस नए कानून को लेकर यूपी मोटर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन विरोध कर रहा है तो टैक्सी यूनियन भी विरोध में उतर आई है। सोमवार को टैक्सी चालकों ने हड़ताल कर दी, जिससे यातायात की स्थिति बिगड़ गयी। सड़कों पर ऑटो टैक्सी न चलने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कुछ ऑटो और ई रिक्शा को यूनियन के लोगों द्वारा जगह-जगह रोककर सवारियों को उतार दिया गया, वहीं चालकों ने नेशनल हाईवे-2 पर जाम लगा दिया जिससे भौंती बाईपास तक जाम लग गया चालकों द्वारा सरकार से कानून वापस लेने की मांग की गयी। दूसरी ओर रनियां में भी ट्रक चालकों ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे कई किलोमीटर का भीषण जाम लग गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन सजग रहा और कई स्थानों पर स्थिति को संभालता नजर आया। बताया जाता है कि आगामी मार्च से नए हिट एंड रन कानून को लागू कर दिया जायेगा। इससे पहले शनिवार को भी चालकों द्वारा प्रदर्शन और कार्य बहिष्कार किया गया था। सचेंडी पुलिस ने नारेबाजी व जाम लगा रहे वाहन चालको को समझाा कर शांत कराया तथा चक्का जाम कर रहे ट्रो को रास्ते से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

**जनता ने कानून को ठहराया सही**

मार्च माह में लागू होने वाले नए कानून का जहां विरोध किया जा रहा है तो इसे शहर की जनता सही मान रही है। कुछ नगर वासियों से बात करने के बाद उन्होने बताया कि सड़कों पर जहां टैक्सी और ईरिक्शा की अराजकता से रोजाना आम जनता को परेशान होना पड़ता है तो हाईवे पर चालकों की लापरवाही और अनियंत्रित गति से आये दिन बड़ी मार्ग दुर्घटनाये होती रहती है, जिसमें दर्जनो लोगो की जान जाती है। कानून बनने से लापरवाह चालकों के मन में भय उत्पन्न होगा और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।

## बाइक सवार को दूसरी बाइक ने मारी टक्कर, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

असोहा थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार मवेशी से टकरा कर गिर गया। इसी बीच दूसरी बाइक ने उसे टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। असोहा थाना क्षेत्र के मुक्तेमऊ गांव निवासी कृष्णा (50) किसी काम से बीते दिन कालूखेड़ा गया था। देर रात वापस लौटते समय गांव के मोड़ के सामने उसकी बाइक मवेशी से टकरा गई। इसी दौरान मौरावां थाना क्षेत्र के भाटनखेड़ा निवासी अवधेश की बाइक से उसकी टक्कर हो गई। घायल पड़े कृष्णा को राहगीरों से सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

उसकी मौत से पत्नी शैलू, मां कमला, भाइयों गुड्डू, उमेश व सुमेर रो रोकर बेहाल है।

## बिल्हौर तहसील क्षेत्र में खुले में मांस/मछली और अवैध शराब की दुकानें बंद कराई जाएं

**✻ प्रत्येक अंडे आम्लेट की दुकान पर शराब बिकती है।**

जन एक्सप्रेस । हरनाथ सिंह



**बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र मे योगीराज में भी बिक रही अवैध शराब और खुले में खुली हैं मांस की दुकानें जो अमानवीयता की जीता जागता उदाहरण हैं। खुले में लग रही मांस और मछली की दुकानें तत्काल प्रभाव से बंद कराई जानी चाहिए भगवती मानव कल्याण समिति के तहसील अध्यक्ष संजय त्रिपाठी की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार तिमिराज सिंह को सौपा गया जिसमें लिखा हुआ है जहां एक तरफ राम राज्य की संकल्पना की जा रही है, भगवान राम के भव्य मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा की राष्ट्रीय स्तर पर तैयारी चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ जगह-जगह नगरों, कस्बों और गांवों में अवैध और खुले में कुकुरमुत्ते की तरह खुल रही मांस की दुकानें रामराज्य की संकल्पना की धज्जियां उड़ा रही हैं। बिल्हौर कस्बे में जी टी रोड, नगरपालिका क्षेत्र, ककवन रोड स्थित गौरी डे केयर हॉस्पिटल के पास और इंडस इंजीनियरिंग कॉलेज से पहले खुली मछली और मांस की दुकान, खजुरी गांव चौराहे पर खुली मांस और मछली की दुकानें जैसी तहसील क्षेत्र में विभिन्न जगहों में कई खुले सार्वजनिक स्थानों पर खुली दुकानें अमानवीयता की मिशाल बन गई हैं। जहां एक तरफ बड़े बड़े नेता नदियों में मछलियों को छुड़वा रहे हैं और पुण्य कमाने के लिए लोग जा करके मछलियों को आटा की गोलियां खिलाते हैं वहीं दूसरी तरफ मानवता को शर्मशार करने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं। रामराज्य की संकल्पना वाले प्रदेश में शराबबंदी लागू करें और खुले में लग रही मांस और मछलियों की दुकानें तत्काल प्रभाव से बंद करें। तहसील क्षेत्र के चौबेपुर, शिवराजपुर, उत्तरीपुरा, बिल्हौर, अरौल, मकनपुर और ककवन सभी कस्बों में चिन्हित कर खुले में लग रही मांस और मछली की दुकानों पर तुरंत प्रतिबंध लगाए। शराब बंदी लागू होना ही चाहिए क्योंकि नशा और मांसाहार आज की पीढ़ी को बरबाद कर रहे हैं। प्रत्येक अंडा आमलेट की दुकान पर शराब बिक रही है पुलिस की देखरेख में जो बरबादी की जड़ बन गए हैं। हमारी तहसील क्षेत्र, प्रदेश और देश का समाज नशामुक्त, मांसाहारमुक्त, संस्कारवान और चरित्रवान बने जहां मानवता जिंदा दिखे। वास्तव में तभी साकार हो सकेगी रामराज्य की संकल्पना। इस मौके पर प्रमुख रूप तहसील अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सचान, टीम प्रमुख संजीव कटियार, महासचिव सतीश चंद्र प्रजापति, महिला शाखा की जिला उपाध्यक्ष सत्यवती पाल, बीना सचान, विनोदिनी त्रिपाठी, मधु कटियार, ललित कटियार, किशनलाल पाल, वीरेंद्र कटियार, रमन पाल, सोनू तिवारी, नागेंद्र यादव, रामचंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर मण्डल कार्यालय में धूम धाम से मनाया नव वर्ष



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर मण्डल कार्यालय, रावतपुर में नव वर्ष के प्रथम दिन ग्राम विकास के सभी अधिकारियों ने एकत्र होकर एक दूसरे को शुभकामनाये दी साथ ही अन्य ब्लाकों से आये अधिकारियों के साथ मिलकर चर्चा करते हुए चोखा-बाटी का आंनद लिया।

संयुक्त विकास आयुक्त कानपुर मण्डल कार्यालय रावतपुर में ग्राम विकास विभाग के जिला प्रशिक्षण अधिकारी डा. विजय सिंह के संरक्षण में तथा वित्त लेखा अधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित के संचालन में नव वर्ष के आगमन के अवसर पर प्रथम दिन एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जेडीसी एन.डी.सविता, डीडीओ गजेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक वित्त लेखा अधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित, प्रधान सहायक राजेश त्रिवेदी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाये दी और कुछ क्षण बैठकर आपस में चर्चा की। इस अवसर पर चोखा-बाटी का भी आन्नद लिया गया। कार्यक्रम में ऑडीटर अरूण कुमार, राजेन्द्र सक्सेना गीता बाजपेई, रीता शर्मा, कृतिका गुप्ता, शांती देवी आदि उपस्थित रहीं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा फांसी पर झूली

जन एक्सप्रेस । बिछिया। उन्नाव। बीते दिन साल के पहले दिन ही एक घर में बेटी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया, फांसी लगाने वाली युवती बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी, मिली जानकारी के अनुसार दही थाना क्षेत्र के गयादीन खेड़ा मजरे तारगांव निवासी रंजना 18 बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाई पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक डिग्री कालेज से कर रही थी। पिता रामनरेश दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में काम करते है वह वहा गए थे, मां रामावती खेत गई थी बड़ा भाई कुलदीप नवाबगंज में काम पर गया था। छोटा भाई सरनाम और बहन रचना भी घर पर नही थी शाम को घर के आंगन में साड़ी से फांसी लगा ली, मां जब खेत से घर पहुंची तो शव लटका दिखा उसके बाद घर में कोहराम मच गया लोग रोने पीटने लगे, मां सभी को सूचना दी जिसके बाद परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा है, दही थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया की शव पीएम के लिए भेज दिया गया है।

## गैजेंस क्लब में लगी आग, दमकल टीम ने आग पर पाया काबू



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना कर्नलगंज क्षेत्र स्थित गैंजेस क्लब में सोमवार की सुबह आग लग गयी, सूचना पाकर दमकल विभाग की गाड़ियां और टीम मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। आग के कारणों का पता लगाया जा रहा है वहीं आग के कारण किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है।

सीएफओ द्वारा जानकारी दी गयी कि लगभग पौने 11 बजे मिनी कण्ट्रोल रूम द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र कर्नलगंज के अन्तर्गत गैंजेस क्लब में आग लग गयी है। त्वरित कार्यवाही करते हुए फायर स्टेशन कर्नलगंज, फजलगंज व लाटूश रोड से दमकल गाड़ियां रवाना हुई और दमकल विभाग की टीम के प्रयासों द्वारा कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। सीएफओ दीपक शर्मा द्वारा बताया गया कि आग के कारण किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है।

## नगर में कई दुकानों को भव्य रूप से सजाया गया

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

नव वर्ष सभी के लिए मंगलमय हो, नव वर्ष सभी के लिए खुशियां लेकर आये, सभी एक-दूसरे को मंगल शुभकामनायें दे, इन्हीं के मद्देनजर आज नगर में कई दुकानों को भव्य रूप से सजाया गया, जिसमें केक व गिफ्ट आइटमों की दुकानों पर भारी भीड़ रही। लोगों को गिफ्ट आइटम की खरीददारी करते हुए देखा गया, जिससे बच्चों व युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मैसेज कार्ड, मोबाइल, फ्लावर, ग्रीटिंग काड्र्स, चाकलेट, केक व गिफ्ट खूब बिके। वहीं दूसरी तरफ बियर शाप व अग्रेजी शराब की दुकानो पर भी लम्बी कतारें देखी गयी। लोगों ने समय रहते अपनी तैयारियां पूरी कर ली, ताकि रात्रि 12 बजे से एक दूसरे को बधाईयां व संदेश आदि भेजे जा सके। वहीं दूसरी तरफ युवाओं ने देर रात तक पार्टी करने का मन बनाया है। इसके साथ ही नगर के प्रमुख चौराहों पर लोगों ने डीजे लगाया। जहां बारह बजते ही डीजे में झूमते हुये नये वर्ष का स्वागत करने के लिये डटे रहे। वहीं लोग घरों में ही नये वर्ष को धूमधाम से मनाने के लिये परिवार के साथ केक काटा। इसके साथ ही राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर में सुबह से देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ रही।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पिकप क्लीनर की मौत, चालक घायल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

रायबरेली हाइवे पर बीघापुर कोतवाली अंतर्गत इन्देमऊ चौराहे के पास रविवार देर रात विपरीत दिशा से जा रही पिकअप गाड़ी में किसी अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी।हादसे में पिकअप सवार हेल्पर व चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए बीघापुर के सौ बेड अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने हेल्पर को मृत घोषित कर दिया। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के खरौली निवासी धीरज कुमार मिश्रा(28) पुत्र सुरेश कुमार मिश्र अपने हेल्पर निर्मल सिंह(50) पुत्र कृष्ण पाल सिंह निवासी छतरूआ कुडनी रोड, बरईगढ़ थाना सांड, जनपद कानपुर नगर के साथ पिकअप गाड़ी लेकर रविवार की देर रात रायबरेली से कानपुर जा रहे थे। रायबरेली हाइवे के थाना क्षेत्र के गांव इंदामऊ चौराहे के पास पिकप के रांग साईड में चलाने के कारण किसी अज्ञात वाहन ने उसमे टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। हादसे में दोनों पिकअप सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। गश्त कर रही पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सौ सैया अस्पताल पहुँचाया। जहां इलाज के दौरान हेल्पर ने दम तोड़ दिया। जहां चालक को परिजन इलाज के लिए किसी निजी अस्पताल ले गए। एसएचओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### युवक पर जेवर हड़पने का आरोप

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर में रहने वाले एक युवक ने वहीं की रहने वाली महिला के जेवर और नगदी हड़प ली। जिस पर महिला ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। श्रीनगर निवासी नीतू त्रिपाठी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मोहल्ले के रहने वाला जैद खान ने उसे झांसे में लेकर उसे 2 लाख की नगदी और उसके जेवर हड़प लिए। जब उसने जेवर और रुपए वापस मांगे तो धमकी दी पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### महिला के साथ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। हमीरपुर निवासी एक युवक ने गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली महिला के साथ धोखाधड़ी कर हजारों रुपए हड़प लिए। जिस पर पीड़िता ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। लालूपुर गांव निवासी निशा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि कदौरा भरुआ सुमेरपुर जनपद हमीरपुर निवासी उमेश ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए 45000 रुपए हड़प लिए उसने कई बार उससे पैसे मांगे। जिस पर उसने धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### विवाहिता की तहरीर पर पति समेत ससुरालली जनों पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। मंशा खेड़ा निवासी रेनू रावत ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी अमेठी जिले के शुक्ल बाजार रहमतगढ़ निवासी पंकज के साथ हुई थी शादी के बाद से पति ससुर तेजराम साफ कन्यवती व देवर रवि कुमार उससे दहेज में कार और एक लाख की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।




### एमडीपीएस विद्यालय के बच्चों ने झांकियां की प्रस्तुत

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। सहजनी स्थित एमडीपीएस स्कूल में संस्थापक पुरुषोत्तम नारायण शुक्ल, मुन्नी शुक्ला ने पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके बाद विद्यालय के बच्चों ने झांकियां प्रस्तुत की। वहीं भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाये। जिसे सुन मौजूद लोग झूमने लगे। इस मौके पर निधि शुक्ला, मोहित त्रिपाठी, ज्योति बाजपेई, इशरत जैदी, प्रमोद सिंह, नीलम मिश्रा, फरहीन, सर्वेश मिश्रा, रीता अग्निहोत्री, सौरभ सिंह, अल्पना श्रीवास्तव, तृप्ति द्विवेदी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं नेहरू नगर पर कीर्ती ज्वैलर्स की ओर से राजेश बाजपेई, आशीष द्विवेदी एडवोकेट, अर्चना द्विवेदी, कीर्ती बाजपेई और अलका बाजपेई ने सुंदरकांड का पाठ कराया और प्रसाद बांटा। वहीं चंपापुरवा शिव मंदिर पार्क में सुंदरकांड हुआ। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। इसके अलावा अंबिकापुरम, गोपीनाथपुरम, मिश्रा कॉलोनी, राजधानी मार्ग, कंचन नगर, पोनी रोड, अंबिकापुरम, राम नगर, शक्ति नगर में भी धार्मिक अनुष्ठान हुये।

## श्री हंस मंदिर से निकली शोभा यात्रा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

न्यू आजाद नगर स्थित श्री हंस मंदिर श्याम नगर बाईपास से मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में श्री सतपाल जी महाराज के शिष्यों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसका शुभारंभ मंदिर प्रभारी साध्वी चंदन बाईजी एवं साध्वी प्रज्ञान बाईजी व साध्वी संपदा जी के द्वारा किया गया। शोभा यात्रा में सैंकड़ों भक्तों ने भाग लिया साथ ही आत्मज्ञान कहां मिलेगा, सतगुरू के दरबार में, जब फैलेगा आत्मज्ञान तभी बनेगा देश महान आदि नारे लगाये। शोभा यात्रा हंस मंदिर से निकलकर श्याम नगर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करती हुईवापस हंस मंदिर पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में शैलेन्द्र पाल, गिरधारी लाल गुप्ता, रामपाल यादव, किशन गुप्ता, अवधेश कटियार, देवेंद्र उत्तम, माया यादव, माधुरी, सोनी, मिथिलेश सोनी, सोनी सैनी, अंशु, जीतू, कुंवरपाल, अभिषेक सोनी, देवेंद्र पाल, दीपक गुप्ता आदि लोग सम्मलित रहे।

## वृद्धा आश्रम में वृद्धजनों को बांटे गए कम्बल



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दामोदर नगर स्थित वृद्धा आश्रम में शिव शक्ति फाउंडेशन द्वारा वृद्धजनों को नए वर्ष के उपलक्ष्य में कम्बल बांटे गऐ। कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान शिव शक्ति फाउडेंशन के राजेश श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि नए वर्ष के उपलक्ष्य और भीषण सर्दी को देखते हुए संस्था द्वारा वृद्धजनों को कम्बल का वितरण किया गया है और हमारी संस्था का उददेश्य समाज के जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करना है। इसी कड़ी में आज कम्बल वितरण किया गया है। कम्बल पाने वाले वृद्धजनो ने संस्था के सदस्यों को भरपूर आर्शीवाद दिया। कार्यक्र में खुशबू सिंह, राजेश श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, माही दीक्षित, अभिनव त्रिपाठी, सुहानी पाण्डेय आदि उपस्थि रहीं।

### थाना कलेक्टर गंज पुलिस ने 21 पौवों के साथ शातिर को दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना कलक्टरगंज की पुलिस टीम द्वारा राहुल कुमार उर्फ छोटू राठौर पुत्र स्व0 अनिल कुमार राठौर उर्फ थिरकू लाल नि0 गंगा नगर सुन्दर बाग शुक्लागंज थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव उम्र करीब 28 वर्ष को 21 पौवा देशी शराब नाजायज मस्तीह ब्राण्ड के साथ सी0पी0सी0 माल गोदाम गेट नं0 03 से समय 23.25 बजे हिरासत में लिया गया। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुक़दमा दर्ज किया गया है।

## बिल्हौर में वाहन चालकों ने की हड़ताल, आगमन के लिए के लिए यात्री भटकने को मजबूर

**✻ कानून के खिलाफ वाहन चालकों ने हड़ताल शुरू कर, सरकार के खिलाफ नारेवाजी की**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर तहसील क्षेत्र से गुजरने वाले जीटी रोड पर सभी कस्बो मे वाहनों का चक्का जाम रहा वर्तमान सरकार द्वारा भारतीय न्याय संहिता में किए जा रहे संशोधन के तहत न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत मार्ग दुर्घटना के बाद भागने पर दुर्घटना करने वाले वाहन चालक के लिए 10 वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है। इसको लेकर व्यावसायिक वाहन चालकों में असंतोष व्याप्त है। अब मोटर्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन भी इसको लेकर विरोध कर रहा है। मार्ग दुर्घटना को लेकर नए कानून के विरोध में टैंकर चालकों ने शनिवार से ही विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था। सोमवार को चौबेपुर, बिल्हौर, शिवराजपुर, अरौल, ककवन और रसूलाबाद यात्री एवं मालवाहक वाहनों ने हड़ताल कर दी। यात्रियों को ढोने वाले टेंपो, टैक्सी, कार, मैजिक का संचालन ठप होने से सुबह से ही यात्री इधर-उधर भटकते नजर आए वहीं वाहन चालकों की हड़ताल के चलते परिवहन निगम की बसों का भी संचालन ठप होने से परेशान यात्रियों ने सड़क से गुजर रहे इक्का-दुक्का माल वाहक वाहनों और ट्रेन का सहारा लिया। नए कानून के खिलाफ में हड़ताल कर रहे वाहन चालकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए। वाहन दुर्घटना पर बनाए गए नए कानून को वापस लेने की मांग की।

### विनोद गुप्ता भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के बने क्षेत्रीय संयोजक



जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा। कानपुर शहर में लोकप्रिय, जनप्रिय व्यापारियों की हर समस्या पर संघर्षशील रहने वाले भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता विनोद गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व्यापार प्रकोष्ठ कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र का संयोजक घोषित किया गया है। मीडिया से बातचीत में विनोद गुप्ता ने बताया कि अभी तक वह व्यापार प्रकोष्ठ में क्षेत्रीय सह संयोजक के दायित्व पर समर्पित भाव से कार्य कर रहे थे। व्यापारियों के प्रति निरंतर समर्पित भाव से कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में पार्टी के क्षेत्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हें संयोजक का दायित्व सौंपा गया है, उन्होंने बताया कि वह पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वाह करेंगे और कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों में व्यापारियों के बीच जाकर देश में मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व वाली केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को आम व्यापारियों तक पहुंचाने करने का काम करेंगे। वह संयोजक के रूप में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के व्यापारियों को पार्टी से जोड़ते हुए केंद्र में पुनः मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हेतु व्यापारी भाई एकजुटता से पार्टी को अपना समर्थन देंगे। शहर भर के व्यापारियों में इस घोषणा से खुशी की लहर सी दौड़ गई है। इस मौके पर शहर के विभिन्न व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया प्रमुख रूप से विक्रम पंडित, विजय गुप्ता मार्बल, नौघड़ा कपड़ा कमेटी अध्यक्ष शेष नारायण त्रिवेदी, रोशन लाल अरोड़ा, रामकृपाल जायसवाल, श्याम अग्रहरी, संजय त्रिवेदी, पवन दुबे, अमित दोसर, विशाल दुबे, शीबू गुप्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहें।

# 'जन मन सर्वेक्षण' के जरिए प्रधानमंत्री मोदी जानेंगे जनता का मूड, देश की उपलब्धियों पर मांगी राय



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों, नेताओं ने कमर कस ली हैं। लोगों को रिझाने के लिए तमाम राजनीतिक दल रणनीति, घोषणा पत्रों पर काम कर रहे हैं। इसी बीच, पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्र सरकार से जुड़े कार्यों को लेकर लोगों से प्रतिक्रियाएं मांगी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों पर भी लोगों से प्रतिक्रिया देने को कहा हैं। गौरतलब हैं कि पिछले माह प्रधानमंत्री मोदी ने नमो एप पर कई मुद्दों पर लोगों की राय जानने के लिए एक सर्वेक्षण शुरू किया था, जिसमें उनकी केंद्र सरकार और सांसदों के प्रदर्शन के बारे में लोगों की राय भी शामिल थी।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि पिछले 10 वर्षों में कई क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों के बारे में आप क्या सोचते हैं। नमो एप पर जन मन सर्वेक्षण के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया सीधे मेरे साथ साझा करें। अपने पोस्ट पर पीएम मोदी ने सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए लिंक भी साझा किया हैं। गौरतलब हैं कि जन मन सर्वेक्षण शासन और नेतृत्व के कई पहलुओं पर जनता की राय मांगता हैं। इसके सवालों में केंद्रीय स्तर के विकास और निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित विशिष्टताएं शामिल हैं। पिछले वर्ष दिसंबर माह में इससे जुड़ा एक पोस्ट भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनता से सरकारी योजनाओं पर फीडबैक मांगा था।

# जापान में 90 मिनट में 21 भूकंप के झटकों से सड़कों-भवनों को नुकसान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। टोक्यो



जापान में भूकंप के तगड़े झटके लगने के बाद हजारों की संख्या में आबादी प्रभावित हुई है। इशिकावा में समुद्र की ऊंची लहरें डरा रही हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है। रूस के तटीय इलाकों में भी सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जापान के पश्चिमी तट के पास भूकंप के बाद सुनामी का खतरा मंडरा रहा है। जापान में भूकंप कितना चिंताजनक है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 33 हजार से अधिक घरों में बिजली सप्लाई बाधित हुई है।

### भारतीय दूतावास की तरफ से आपातकालीन नंबर जारी

संवेदनशील और चिंताजनक मंजर के बीच भारतीय दूतावास की तरफ से आपदा से प्रभावित लोगों की मदद के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। भारतीय दूतावास ने संपर्क के लिए ई-मेल एड्रेस भी जारी किया है। याकूब टोपनो, अजय सेठी और डीएन बर्नवाल के अलावा एस भट्टाचार्य और विवेक राठी के नंबर जारी किए गए हैं। दूतावास की तरफ से जारी बयान में कहा गया, एक जनवरी, 2024 को आए शक्तिशाली भूकंप और सुनामी के संबंध में आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए आपातकालीन नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। दूतावास के मुताबिक, मदद पाने के लिए आपातकालीन नंबरों और ईमेल आईडी पर संपर्क करने के अलावा स्थानीय प्रशासन और सरकार के निर्देशों का पालन करें। दूतावास ने भरोसा दिलाया है कि अधिकारी संबंधित अधिकारियों के संपर्क में बने हुए हैं। जापान में भूकंप के बाद राहत और बचाव कार्य में जुटे अधिकारियों और बिजली सप्लाई कंपनियों ने बताया कि भूकंप के केंद्र के आसपास 33,500 घरों की बिजली सप्लाई ठप हो चुकी है।























































स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)